www.khabronkitahtak.com

ख़बरों की तह तक

निडर और निष्पक्ष

पटना व देवघर से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार, बंगाल तथा उत्तरप्रदेश में प्रसारित

देवघर • वर्ष 01 • अंक 88 • पृष्ठ 12 • मूल्य 2.00 • बुधवार, 28 अक्टूबर, 2026

एकता कपूर ने की प्रियंका चाहर चौधरी की तारीफ



पेज-11

चक्रवात अर्नब पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में अत्यंत गंभीर तूफान में बदला, आंध्र प्रदेश, ओडिशा समेत कई राज्यों में अलर्ट, 60 ट्रेनें रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवात अर्नब पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। यह अभी विशाखापत्तनम से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित है। तूफान के कल सुबह यानम के पास आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। आपदा प्रबंधन विभाग ने पूरे आंध्र प्रदेश में आज और कल भारी बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की भी आशंका व्यक्त की गई है। आईएमडी के अनुसार, तूफान के आज शाम तक पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते रहने की अधिक संभावना है। इसके बाद अर्नब के उत्तर पश्चिम दिशा की ओर मुड़ने की संभावना है। यह तूफान कल बापटला और विशाखापत्तनम के बीच यानम के नजदीक आंध्र प्रदेश और यानम के तटों को पार कर सकता है। इस दौरान तूफान के अति प्रचंड श्रेणी में बने रहने का अनुमान है। इस चक्रवात के तट से टकराने के दौरान अधिकतम निरंतर हवा की गति 115 से 125 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की



संभावना है। वहीं तेज झोंकों के साथ हवाओं की रफ्तार 140 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। विभाग ने आंध्र प्रदेश और उससे सटे दक्षिण ओडिशा के तटीय इलाकों के लिए चक्रवात को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। ओडिशा सरकार ने तूफान के चलते राज्य के छह जिलों में अलर्ट जारी किया है। इनमें गंजाम, गजपति, रायगड़ा, मलकानगिरी, कोरापुट और नबरंगपुर शामिल हैं। सीएम ने तैयारियों की निगरानी के लिए 8 मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। संवेदनशील इलाकों में एनडीआरएफ, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स, अग्निशमन विभाग और पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए ओडिशा में 225 दमकल सेवा टीमों और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टुकड़ियों को संवेदनशील जिलों में तैनात कर दिया गया है। ओडिशा सरकार ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने स्पष्ट हिदायत दी है कि चक्रवात के संबंध में केवल आईएमडी, विशेष राहत आयुक्त और अधिकृत जिला प्रशासन से जारी आधिकारिक जानकारी ही प्रसारित की जाए। किसी भी प्रकार के असत्यापित पूर्वानुमान, काल्पनिक ट्रैक मॉडल या दहशत फैलाने वाली खबरों का प्रसारण न किया जाए। गंजाम जिला प्रशासन ने चक्रवात के खतरे को देखते हुए आज से 29 अक्टूबर तक सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण के लिए घर-घर सूखा राशन पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने तटीय मार्गों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस तूफान का असर केवल तटीय राज्यों तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। विभाग ने पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत कई इलाकों में बारिश का अनुमान जताया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के आसार हैं। वहीं चक्रवाती तूफान के शक्तिशाली होने के बाद तमिलनाडु और पुडुचेरी के नौ बंदरगाहों पर भी अलर्ट जारी किया गया है। चक्रवाती तूफान के संभावित खतरे को देखते हुए 4 नवंबर तक रेलवे ने करीब 60 से ज्यादा ट्रेनें रद्द कर दीं हैं और दूसरी ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। आज और कल 53 ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे की सूची के अनुसार, राजमुंदरी से विजयवाड़ा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 67261 को 27 और 28 अक्टूबर को रद्द किया गया है। विजयवाड़ा से मछलीपट्टनम के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 67263 और 67265 भी दोनों दिन रद्द रहेंगी। मछलीपट्टनम से विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेन संख्या 67264 और 67256 को भी 27 और 28 अक्टूबर को रद्द किया गया है। मछलीपट्टनम और गुडीवाड़ा के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 67271, 67272, 67252, 67253, 67254 और 67255 भी दोनों दिन नहीं चलेंगी। साथ ही काकीनाडा पोर्ट से विशाखापत्तनम जाने वाली ट्रेन संख्या 17267 और विशाखापत्तनम से काकीनाडा पोर्ट आने वाली ट्रेन संख्या 17268 को 27 और 28 अक्टूबर के लिए रद्द किया गया है। पार्वतीपुरम से विशाखापत्तनम के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 07267 और वापसी की ट्रेन संख्या 07268 भी दोनों दिन रद रहेंगी। आज विजयवाड़ा से नरसापुर जाने वाली ट्रेन संख्या 67258, 17269 और 67257 नहीं चलेगी। नरसापुर से राजमुंदरी जाने वाली ट्रेन संख्या 67246, नरसापुर से भीमावरम जंक्शन जाने वाली ट्रेन संख्या 17264 और विजयवाड़ा से काकीनाडा पोर्ट जाने वाली ट्रेन संख्या 17257 भी नहीं चलेंगी।

आंध्र प्रदेश तट पर चक्रवात 'अर्नब' के मद्देनजर रेलवे की तैयारी तेज, 600 किमी रेलमार्ग पर निगरानी

एजेंसी, नई दिल्ली : आंध्र प्रदेश के यानम के निकट 28 अक्टूबर को चक्रवात 'अर्नब' के संभावित दस्तक देने के मद्देनजर भारतीय रेलवे ने सुरक्षा सहित अन्य सभी प्रकार की तैयारियां तेज कर दी हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम मंडलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए गए हैं और यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वैष्णव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि चक्रवात से निपटने के लिए रेलवे के क्षेत्रीय, मंडलीय और रेलवे बोर्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिए गए हैं। प्रभावित हो सकने वाले क्षेत्रों में करीब 600 किलोमीटर रेलमार्ग पर चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि आपात मरम्मत और बहाली के लिए आवश्यक सामग्री से लदी राहत सामग्री वाली विशेष रेलगाड़ियां कृष्णा कैनाल, बिट्रागुंटा, मामिदिपुड़ी, विशाखापत्तनम, पलासा और पोंडुरु में तैनात की गई हैं। इसके अलावा प्रमुख जंक्शनों पर डीजल इंजन, बिजली आपूर्ति इकाइयां और एंबुलेंस तैयार रखी गई हैं।

विकसित भारत बिल्डथॉन को मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, आज विजेताओं को सम्मानित करेंगे शिक्षा मंत्री

एजेंसी, नई दिल्ली



देश में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को वैश्विक पहचान मिली है। विकसित भारत बिल्डथॉन-2025 ने 'सबसे बड़ी नवाचार समाधान प्रतियोगिता' के रूप में आधिकारिक तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। प्रतियोगिता में देशभर से कुल 2,87,967 परियोजनाएं प्रस्तुत की गईं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय बुधवार, 28 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन करेगा। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी राष्ट्रीय स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों और नवाचारकर्ताओं को सम्मानित करेंगे। इस दौरान 10 राष्ट्रीय स्तर की विजेता टीमों और नवाचारकर्ताओं के अभिनव समाधान एवं मॉडल भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इस दौरान गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत बिल्डथॉन का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना है। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रहने के बजाय वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने और अपने विचारों को उपयोगी परियोजनाओं में बदलने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में आइडिया और प्रोटोटाइप, दोनों ट्रैक के अंतर्गत देशभर से 2,87,967 परियोजनाएं प्राप्त हुईं। इतनी बड़ी संख्या में परियोजनाओं की भागीदारी ने स्कूली स्तर पर नवाचार के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह को प्रदर्शित किया है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज उपलब्धि से भारतीय विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। विकसित भारत बिल्डथॉन चार मूलभूत स्तंभों पर केंद्रित है। इनमें आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत शामिल हैं। इन विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को देश की जरूरतों के अनुरूप नए विचार विकसित करने, स्थानीय समस्याओं के समाधान खोजने और स्वदेशी उत्पादों एवं तकनीकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल का व्यापक उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा में सीखने वाले छात्रों से आगे बढ़ाकर समस्या समाधानकर्ता, भावी उद्यमी और नवाचारकर्ता के रूप में विकसित करना है। इसके साथ ही उनमें ऐसे विचारों को विकसित करने की क्षमता पैदा करना है, जो भविष्य में उपयोगी तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं का रूप ले सकें। विकसित भारत बिल्डथॉन का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के सहयोग से किया। यह पहल देश में स्कूली स्तर पर नवाचार एवं उद्यमशीलता के बढ़ते इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार प्रस्तुत करने, मॉडल तैयार करने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने का अवसर मिला। इसका उद्देश्य भविष्य में ऐसे युवा तैयार करना है, जो देश की वैज्ञानिक, तकनीकी और आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। बुधवार को समारोह में शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से 'उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए जाएंगे।

एसआईआर मामला: चुनाव आयोग के हलफनामे पर जवाब देने के लिए याचिकाकर्ताओं को 10 दिनों का समय

एजेंसी, नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में चुनाव आयोग द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे पर याचिकाकर्ताओं को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिनों का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को करने का आदेश दिया। निर्वाचन आयोग ने अपने हलफनामे में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का बचाव करते हुए कहा है कि यह प्रक्रिया कानून के अनुसार है और इससे जुड़े आदेशों को चुनाव आयोग के तीनों सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी थी। उप चुनाव आयुक्त भानु प्रकाश येतुरु की ओर से दाखिल 248 पन्नों के हलफनामे में निर्वाचन आयोग ने उन आरोपों को खारिज किया है कि मतदाता पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले 'फॉर्म 6' में कोई बदलाव किया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया कि इस वैधानिक फॉर्म में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। इसके पहले 15 अक्टूबर को न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया था। याचिका दायर करने वालों में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अलावा अन्य प्रमुख नेताओं में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव (सपा), तेजस्वी प्रसाद यादव (राजद), सौगत रॉय (तृणमूल कांग्रेस), संजय राउत (शिवसेना-यूबीटी), एम.ए. बेबी (माकपा), डी. राजा (भाकपा), महुआ मांझी (झामुमो), सुप्रिया सुले (एनसीपी-शरदचंद्र पवार) और ई.टी. मोहम्मद बशीर (आईयूएमएल) शामिल हैं। याचिका में निर्वाचन आयोग के भीतर एसआईआर के फैसले लेने की प्रक्रिया की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति के गठन की मांग की गई है। इसके साथ ही, ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन सिस्टम (जैसे ईसीआईनेट पोर्टल) की व्यापक समीक्षा करने और निर्वाचन आयोग से आधिकारिक रिकॉर्ड और नोटिंग्स मंगाने का आग्रह किया गया है।

सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एनएचआरसी सख्त, जारी की सलाह

एजेंसी, नई दिल्ली । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कार्यस्थल और सार्वजनिक जगहों पर महिला सुरक्षा को लेकर एक विस्तृत सलाह जारी की है। यह सलाह 10 केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को भेजी गई है। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों तथा विभागों से इन सुझावों को लागू करने का आग्रह करते हुए कार्यान्वयन की प्रगति पर दो महीने के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) मांगी है। एनएचआरसी ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए देश में कड़े कानून मौजूद हैं, फिर भी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर उनकी सुरक्षा एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पीरियोडिक लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन सर्वे के अनुसार सितंबर 2026 में श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी 34.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इसके अलावा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2026 की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध के लगभग 4.4 लाख मामले दर्ज किए गए।

जॉर्डन का सीरिया में हमला, कम से कम नौ लोग मारे गए

एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)

देश के सशस्त्र बलों ने कहा कि शुक्रवार को उनके करक प्रांत के एक चर्च में हुए गोलीबारी के हमले के जवाब में उन्होंने दक्षिण-पूर्वी सीरिया में सशस्त्र समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया है। इस गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। जॉर्डन की सेना ने कहा कि सीरिया में ये हमले "सीरियाई सरकार के साथ समन्वय करके" किए गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सेना ने बताया कि इन हमलों में आतंकवादी समूहों के कई सदस्य मारे गए या घायल हुए और उनके कई वाहन भी नष्ट हो गए। हालांकि, सीरिया ने जॉर्डन के साथ किसी भी तरह के समन्वय से इनकार किया है। सीरियाई सरकार ने एक बयान में कहा कि "यह सैन्य अभियान बिना किसी पूर्व समन्वय या सूचना के चलाया गया।" उन्होंने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सीरिया की सिविल डिफेंस सर्विस ने बताया कि सोमवार शाम को दारा और सुवैदा प्रांतों के ग्रामीण इलाकों में कम से कम चार जगहों पर हमले हुए। उनकी टीम ने सात लोगों के शव बरामद किए हैं, जिनमें तीन पुरुष, एक महिला और तीन बच्चे शामिल हैं। सिविल डिफेंस सर्विस के अनुसार, मारे गए लोगों में से पांच एक ही परिवार के हैं। वे दारा प्रांत के अल-ताई गांव में एक टेंट पर हुए हमले में मारे गए। परिवार के तीन अन्य सदस्य, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है, घायल हो गए हैं। दूसरा हमला दारा के ही अल-शैयाह इलाके में हुआ, जिसमें 80 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई। तीसरा हमला दारा के ऐन अल-बसल इलाके में मुजैरिब में एक रिहायशी इमारत पर हुआ, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ।



जेपीएससी परीक्षा घोटाले में 12 आरोपितों पर चार्जशीट

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच कर रही सीआइडी ने न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में 12 आरोपियों के खिलाफ 97 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। इसके साथ विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जब्त किये गये 82 भौतिक डिजिटल और वित्तीय साक्ष्यों की सूची भी सौंपी गयी है। सीआइडी के अनुसार घोटाला सुनियोजित था। इसमें आयोग के तत्कालीन अधिकारियों, निजी आउटसोर्स एजेंसी टीडीपीएल और बिचौलियों के बीच सांठ- गांठ थी। सीआइडी ने आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष एल. खियांग्ते के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मिलने का दावा किया है। उनके आवास से 11वीं से 13वीं परीक्षा के 15 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू की तारीख पदों की प्राथमिकता और गोपनीय इंटरव्यू कोड से संबंधित दस्तावेज मिले। जांच एजेंसी ने साक्ष्य मिटाने के प्रयास के संकेत मिलने की बात भी कही है। खियांग्ते के आवास से डेल कंपनी का टूटा लैपटॉप जब्त किया गया जबकि रेडिसन ब्लू होटल के पास स्थित आइ डेस्टिनी स्टोर से उनका फॉर्मेट किया हुआ मोबाइल बरामद हुआ। वित्तीय जांच के तहत मिजोरम और मणिपुर की लुंग्ली शाखा से खियांग्ते और उनकी पत्नी लालमिनी के एचडीएफसी व एसबीआइ खातों के लेन-देन का ब्योरा केस डायरी में शामिल किया गया है। सीआइडी के अनुसार तत्कालीन जेपीएससी सदस्य डॉ. अजीता भट्टाचार्य के निजी सहायक ब्रजकुमार राम ने बिसिस को काम दिलाने के लिए खियांग्ते के मिजोरम स्थित आवास पर ढाई लाख रुपये नकद पहुंचाये थे। खियांग्ते के लैपटॉप बैग से मिले 15 अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबरों का कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी जियो और एयरटेल से हासिल कर चार्जशीट में शामिल किया गया है। आयोग की तत्कालीन उप-परीक्षा नियंत्रक श्वेता कुमारी गुप्ता के कक्ष से टीडीपीएल को जारी वर्क ऑर्डर का एग्रीमेंट और विज्ञापन संख्या 04 / 23 से संबंधित फाइलें बरामद की गयीं। जांच में सामने आया कि टीडीपीएल के निदेशक रामवीर और सत्यपाल रांची के रेडिसन ब्लू होटल में ठहरे थे।

मतदाताओं का नाम हटाने के लिए कराया एसआइआर : कांग्रेस

खबरों की तह तक ▪ रांची



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ देश बचाओ' रैली की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रैली के लिए जिलों में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रभारी और वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों से संवाद कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगी। केशव महतो कमलेश ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल भाजपा के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हाल में हुई राजनीतिक गतिविधियों के दौरान रैली की झलक दिख चुकी है और एक नवंबर को रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। उन्होंने बिहार और पश्चिम बंगाल में मतदाताओं के नाम हटाये जाने का भी मुद्दा उठाया। विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए एसआईआर का इस्तेमाल किया जा रहा है। श्री यादव ने महाराष्ट्र में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाताओं की संख्या में कथित 39 लाख के अंतर का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि छह महीने में इतनी बड़ी संख्या में मतदाता कैसे बढ़ गये। उन्होंने फॉर्म-6 के प्रारूप में बदलाव का दावा करते हुए कहा कि पहले यह चार पेज का था जबकि अब आठ पेज का हो गया है। इस संबंध में उन्होंने निर्वाचन आयोग के न्यायालय में दिये गये हलफनामे का भी उल्लेख किया। प्रदीप यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि पहले चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते थे लेकिन बाद में मुख्य न्यायाधीश की जगह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया। उन्होंने चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण देने वाले प्रावधानों

टोल प्लाजा के पास रहने वालों को एक नवंबर से सालाना रियायती फास्टैग पास

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले निजी वाहन मालिकों को आगामी एक नवंबर से सालाना रियायती स्थानीय फास्टैग पास लेने का विकल्प मिलेगा। इसके लिए उन्हें टोल प्लाजा की स्थिति के अनुसार 1,500 या 3,000 रुपये सालाना देने होंगे। अभी स्थानीय वाहन मालिकों के लिए मासिक पास की व्यवस्था है, जिस पर 360 रुपये प्रति माह के हिसाब से सालभर में 4,320 रुपये खर्च होते हैं। नई व्यवस्था में पात्र वाहन मालिक मासिक पास रख सकते हैं या उसकी जगह सालाना रियायती स्थानीय पास चुन सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम-2008 में संशोधन किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 की धारा 9 के तहत जारी अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 917(अ) के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) (पांचवां संशोधन) नियम-2026 एक नवंबर से लागू होंगे। नई व्यवस्था के तहत जिस टोल प्लाजा के आसपास का क्षेत्र नगरपालिका या स्थानीय नगर क्षेत्र की सीमा से बाहर होगा, वहां सालाना पास के लिए 1,500 रुपये देने होंगे। यदि टोल प्लाजा नगरपालिका या स्थानीय नगर क्षेत्र की सीमा के भीतर है, तो सालाना शुल्क 3,000 रुपये होगा। इस तरह 1,500 रुपये वाले पास पर मौजूदा 4,320 रुपये के सालाना खर्च के मुकाबले 2,820 रुपये और 3,000 रुपये वाले पास पर 1,320 रुपये की बचत हो सकती है। यह तुलना 360 रुपये के मासिक पास को पूरे साल जारी रखने के आधार पर है। नियमों के अनुसार इस सुविधा का लाभ ऐसे व्यक्ति को मिलेगा जिसके पास गैर-वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए पंजीकृत वैध और चालू फास्टैग वाला वाहन है और जो संबंधित टोल प्लाजा से 20 किलोमीटर के दायरे में रहता है। पात्र वाहन मालिक अपने वाहन के लिए मौजूदा नियमों के तहत मासिक पास या नया रियायती स्थानीय पास, दोनों में से किसी एक को चुन सकेंगे। यह पास केवल उसी टोल प्लाजा पर मान्य होगा जिसके लिए इसे जारी किया जाएगा।

सत्यमेव जयते
भा रा रा प्रा NHAI
National Highways Authority of India

राहुल सिंह गिरोह के शूटरों पुलिस की मुठभेड़

रांची। राजधानी रांची में राहुल सिंह गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को रांची पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें एक अपराधी पुलिस की गोली से घायल हो गया। घायल अपराधी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार कांके थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास फायरिंग कर दहशत फैलाने की घटना में दोनों शूटरों की संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस इन अपराधियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की गोली लगने से एक अपराधी घायल हो गया। रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन ने बताया कि कांके थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप में हुई फायरिंग की वारदात में राहुल सिंह गिरोह के दो अपराधियों की संलिप्तता सामने आई थी। दोनों की तलाश की जा रही थी, इसी दौरान मंगलवार को रांची के विधानसभा थाना क्षेत्र में दोनों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम दोनों का पीछा कर रही थी। इस दौरान दोनों अपराधियों ने पुलिस को निशाना बनाकर गोलियां चलाई, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शाहिद नाम के अपराधी को गोली लगी है। घायल अवस्था में ही वह भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन पुलिस की टीम ने दोनों अपराधियों को खदेड़ कर पकड़ लिया।


एंबुलेंस भी फंसी, वाहन चालकों को सबसे ज्यादा हुई परेशानी


शिमला में भीषण जाम, सुबह-सुबह तीन घंटे तक रेंगती रहीं सैकड़ों गाड़ियां

शिमला, एजेंसी। शिमला के उपनगर ढली में सड़क किनारे रौंग पार्किंग लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ढली सब्जी मंडी और पुलिस स्टेशन के बाहर आज सुबह ट्रैफिक जाम लगा रहा।

सुबह 5.30 बजे एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। इस दौरान सैकड़ों वाहन भी जाम में फंसे है। सुबह 8.30 बजे तक भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है।

ढली सब्जी मंडी और पुलिस स्टेशन के बीच सुबह करीब 5:15 बजे से वाहनों की कतारें लगनी शुरू हुई और सुबह 8.30 बजे तक जाम की स्थिति बनी हुई थी। सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण सड़क पर आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। ऐसे में सुबह के व्यस्त समय में यातायात बाधित हो जाता है। इसी तरह, ढली सब्जी मंडी





के भीतर और एंट्री गेट पर भी कई वाहन रौंग साइड पार्क थे। इससे सब्जी की गाड़ियां बाहर मुख्य सड़क पर खड़ी रही। इन गाड़ियों के कारण भी ट्रैफिक जाम की स्थिति गंभीर रही।

स्कूली बच्चों और नौकरीपेशा लोगों को होती है परेशानी

ढली सब्जी मंडी के आसपास ट्रैफिक जाम आम बात हो गई है, जबकि यहां पर सड़क बहुत चौड़ी है। फिर भी यहां अक्सर ट्रैफिक जाम लोगों को परेशान करता है। शहर की अधिकांश प्राइवेट बसें और निजी वाहन बेतरतीब ढंग से यहां पार्क किए जाते है। इससे अक्सर स्कूली बच्चों, कामकाजी लोगों और आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ती है। हैरानी की बात यह है कि ढली पुलिस थाना के बाहर भी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है।

पराली प्रबंधन के लिए विशेष किसान हेल्पलाइन शुरू, फोन पर मिलेगी मशीनों की जानकारी; पंचायतें हुईं सम्मानित

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किसानों को अब फोन पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलेगा। क्लीन एयर पंजाब, एयरकेयर सेंटर और साझ पंजाब से जुड़ी पहल सांझा मित्र किसान सहायता केंद्र ने विशेष टेलीफोन हेल्पलाइन शुरू की है। इसके माध्यम से किसान पराली जलाए बिना फसल अवशेषों का प्रबंधन करने, आधुनिक कृषि मशीनरी की उपलब्धता और उसके इस्तेमाल के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे। हेल्पलाइन नंबर 79737-27514 है। यह सेवा सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक उपलब्ध रहेगी। धान की कटाई और गेहूं की बुवाई के बीच कम समय होने के कारण किसानों के सामने पराली प्रबंधन की चुनौती रहती है। समय पर उपयुक्त मशीनरी और सही जानकारी नहीं मिलने से कई बार किसान पराली जलाने का विकल्प चुन लेते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए सांझा मित्र के माध्यम से किसानों को किफायती और व्यावहारिक विकल्पों की जानकारी देने की पहल की गई है। यह हेल्पलाइन केवल किसानों के सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन्हें फसल अवशेष प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों और मशीनरी के प्रभावी इस्तेमाल के बारे में भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

गुवाहाटी के होटल में गोलीबारी, एक ही परिवार के 4 लोगों समेत पांच की मौत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के गुवाहाटी में सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने एक होटल के पास



ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। इस वारदात में एक ही परिवार के 4 लोगों समेत पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में होटल के कर्मचारी और स्टाफ भी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के एक घंटे के भीतर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से .30 बोर की पिस्टल बरामद की है। अज्ञात बदमाशों ने की गोलीबारी, 6 की मौत यह घटना सोमवार रात करीब 10 बजे ज़रू रोड के व्यस्त कमर्शियल इलाके लचित नगर में होटल बिलास इन में हुई।। गोलियों की तड़तड़ाहट सुनते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस की आला टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। गोलीबारी करने वाले बदमाशों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर पार्थ सारथी महंत ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को मौके से अब तक चार शव मिले हैं, जिन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं एक की मौत इलाज के दौरान हुई है। उन्होंने अंदेशा जताया कि जांच के दौरान मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है और न ही गोलीबारी के पीछे की वजह साफ हो पाई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

अरुणाचल में मेंगा बांध परियोजना के विरोध से जनजीवन प्रभावित

इटानगर, एजेंसी। अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले में सोमवार को प्रस्तावित मेंगा बांध परियोजना के विरोध में कई संगठनों द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान वाहनों को नुकसान पहुंचा, जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल-ड्राइवर हिबू लाशा और सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। दोनों का इलाज चल रहा है। सुबह पांच बजे शुरू हुए बंद का आह्वान आल टैगिन स्टूडेंट्स यूनियन ने अन्य संगठनों और जमीन प्रभावित लोगों के विभिन्न समूहों के साथ मिलकर किया था। इस बीच, जारिंग, गुसार और लेबले में संपत्ति के आकलन का सर्वे शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया। पुलिस ने दापोरीजो कस्बे में फ्लैग मार्च भी निकाला और युवाओं से शांति बनाए रखने तथा हिंसा से दूर रहने की अपील की। प्रस्तावित मेंगा बांध 1,605 मेगावाट की सुबनसिरी अपर हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना का हिस्सा है, जिसे एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा सुबनसिरी नदी पर विकसित किया जा रहा है।

मानेसर के नवादा में गंदे पानी के नाले से ग्रामीणों का जीवन दुश्वार

मानेसर, एजेंसी। मानेसर नगर निगम क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों के गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया गया एचएसआईआईडीसी का नाला नवादा के ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नाले के आसपास बने घरों में रहने वाले लोग रोजाना उठती बदबू से बेहाल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस है। पिछले कुछ दिनों से नाले से उठने वाली बदबू और तेज हो गई है। सुबह और शाम के समय आसपास के इलाके में दुर्गंध फैल जाती है। नाले के नजदीक बने मकानों में रहने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बदबू के कारण घरों में रहना और खिड़की-दरवाजे खोलना तक मुश्किल हो गया है। आसपास के वातावरण पर पड़ सकता है असर ग्रामीणों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए बना नाला आबादी के बीच से गुजरता है।

गतिविधियों पर लगेगी लगाम

लॉरेंस बिश्नोई को अहमदाबाद जेल के हाई-सिक्योरिटी ब्लॉक में किया गया शिफ्ट

अहमदाबाद, एजेंसी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को हाल ही में अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल के एक विशेष हाई-सिक्योरिटी ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया गया है। इसे 'दो सौ खोली' कहा जाता है। इस ब्लॉक में आतंकवाद और अन्य गंभीर अपराधों के आरोपी 200 खतरनाक कैदी रखे जाते हैं।

कैदियों को पूरी तरह अलग-थलग रखने और एक सेल से दूसरे सेल में जाने से रोकने के लिए इस ब्लॉक को चार हिस्सों में बांटा गया है, जिनमें से प्रत्येक में 50 कैदी रहते हैं। लॉरेंस के सेल का आकार लगभग 7.5×11 फीट है।

यह कदम लॉरेंस बिश्नोई की गतिविधियों पर लगाम लगाने के



लिए बनाई गई एक व्यापक सुरक्षा योजना का हिस्सा है। लॉरेंस को ऐसे ब्लॉक में रखा गया है जहां 2008 के धमाकों के दोषी भी बंद हैं। 2023-2024 से पहले लॉरेंस अक्सर जेल से ही रंगदारी के लिए कॉल करता था, अपना नेटवर्क चलाने के लिए धमकी भरे ऑडियो और वीडियो संदेश भेजता था और यहां तक कि अलग-अलग जेलों से इंटरव्यू भी देता था।

लेकिन जांचकर्ताओं के अनुसार, पिछले दो सालों में उसकी तरफ से कोई भी सीधी कॉल या बातचीत नहीं हुई है। साबरमती जेल के भीतर ब्लॉक 200 एक अत्यधिक सुरक्षा वाला इलाका है। यहां 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले और अन्य गंभीर अपराधों के दोषी कैदी रखे जाते हैं। बीएनएस की धारा 303 के प्रावधानों के तहत, गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए और जेल से बाहर जाने पर रोक वाले कैदियों को आमतौर पर इसी जोन में रखा जाता है।व्रत रखता है और शाकाहारी भोजन करता है।

दस खोली से 200 खोली में शिफ्ट हुआ लॉरेंस

इससे पहले, लॉरेंस को दस खोली में रखा गया था। ये एक छोटी सी हाई-सिक्योरिटी जगह है, जहां सिर्फ 10 कैदी रह सकते हैं। उससे पहले, वह तिहाड़ जेल और पंजाब की अलग-अलग जेलों में रह चुका था। इन जेलों में रहने के दौरान लॉरेंस की कॉल सेंटर मालिकों को धमकी देने वाली रिकॉर्डिंग और गैंगस्टर शहजाद भट्टी के साथ कथित बातचीत सामने आई थी। लोगों से मिलने-जुलने और डिजिटल दुनिया तक पहुंच न होने के कारण लॉरेंस अब चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी में, अकेले रहता है। बताया जाता है कि वह अपनी कोठरी में एक अनुशासित और तपस्वी जैसा जीवन बिताता है। सुबह का समय ध्यान में लगाता है, नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करता है।

नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, HSN शाखा में 'मास्टर ओरेटर सीज़न 7' एवं 'कहानियों का कारवाँ सीज़न 5' का आयोजन





ख़बरों की तह तक

लुधियाना (विकास भांबरी)। नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, HSN शाखा में विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मास्टर ओरेटर कॉन्टेस्ट सीज़न 7' एवं 'कहानियों का कारवाँ सीज़न 5' का भव्य आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नारायणा समूह के पंजाब ज़ोन-1 की चार शाखाओं—HSN, मोहाली, चंडीगढ़ रोड एवं दुगरी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। HSN शाखा ने इस कार्यक्रम की मेज़बानी की। 'कहानियों का कारवाँ सीज़न 5' किंडरगार्टन के विद्यार्थियों के लिए तथा 'मास्टर ओरेटर कॉन्टेस्ट सीज़न 7' कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में कहानी-कथन, प्रभावशाली वक्तृत्व, स्पष्ट उच्चारण एवं मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मेयर इंद्रजीत कौर एवं विधायक राजिंदर पाल कौर चीमा मुख्य अतिथियों के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर HSN शाखा की प्रधानाचार्या सुप्रिया रेड्डी बी., मोहाली शाखा की प्रधानाचार्या कुसुम, दुगरी शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता मारवाह तथा चंडीगढ़ रोड शाखा की प्रधानाचार्या डॉ. नीतू उपस्थित रहीं। ई-किड्ज़ की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर श्रीमती रुचिका एवं ई-चैम्प्स की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुरदीप कौर ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। निर्णायक मंडल में सुश्री स्माइली बजाज एवं सुश्री रोशनप्रीत कौर शामिल रहीं। सभी अतिथियों, प्रधानाचार्यों, ज़ोनल कोऑर्डिनेटरों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा निखारने तथा निरंतर सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावकों की उपस्थिति ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित किया। HSN शाखा की प्रधानाचार्या सुप्रिया रेड्डी बी. ने सभी अतिथियों, प्रधानाचार्यों, निर्णायक मंडल, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में नारायणा समूह की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या विवाद में बढ़ीं गिरधारी लाल साहू की मुश्किलें, एसआईटी ने दर्ज किए स्टाफ के बयान

देहरादून,एजेंसी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और उनके पति गिरधारी लाल साहू से जुड़े प्रकरण में विशेष जांच दल (एसआइटी) ने जांच तेज कर दी है। मंत्री के बयान दर्ज करने और बरेली से साक्ष्य जुटाने के बाद अब एसआइटी ने उनके स्टाफ के बयान भी दर्ज किए हैं। बताया जा रहा है कि स्टाफ ने भी गिरधारी लाल साहू पर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाए हैं। इन बयानों के सामने आने के बाद मामले में गिरधारी लाल साहू की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। पुलिस अब दर्ज बयानों और पहले जुटाए गए साक्ष्यों का मिलान कर रही है। जांच से जुड़े घटनाक्रम के अनुसार, रेखा आर्या ने अपनी शिकायत में गिरधारी लाल साहू पर



स्टाफ के सामने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने सहित अन्य आरोप लगाए थे। एसआइटी अब इन आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित लोगों के बयान दर्ज कर रही है। स्टाफ के बयानों को जांच की अहम कड़ी माना जा रहा है। इससे पहले जांच टीम बरेली जाकर संबंधित लोगों से पूछताछ करने और दस्तावेज जुटाने की कार्रवाई कर चुकी है। मंत्री की ओर से कंपनियों में निदेशक पदों से हटाने के लिए कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस बरेली से जुटाए गए दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों का शिकायत में लगाए गए आरोपों से मिलान कर रही है। इस मामले में कुछ दस्तावेजों में कूटरचना पाई गई है। इसके अलावा, इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कथित आडियो को भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। एसआइटी इस आडियो को जल्द फारेंसिक जांच के लिए भेज सकती है। हालांकि, इससे पहले गिरधारी लाल साहू के कोर्ट के समक्ष आवाज सैंपल लेने जरूरी हैं।

बंगाल में आधी रात क्राइम सीन रीक्रिएशन के दौरान मुठभेड़

नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी ढेर

कोलकाता, एजेंसी। बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के गायघाटा इलाके में मंगलवार तड़के पुलिस एनकाउंटर में किशोरी से दुष्कर्म और नृशंस हत्या के मुख्य आरोपी प्रह्लाद दास की मौत हो गई। बारूईपुर में घटी ऐसी ही घटना के महज साढ़े तीन महीने के भीतर राज्य में पुलिस मुठभेड़ की यह दूसरी घटना है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश सीमा से महज चार किलोमीटर दूर स्थित वारदात स्थल पर तड़के पुलिस आरोपित प्रह्लाद को लेकर अपराध का री-क्रिएशन (घटना का पुनर्निर्माण) कराने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपित ने अचानक पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्तौल छीन ली और फायरिंग कर दी।



इस अप्रत्याशित हमले में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस का दावा है कि आत्मरक्षा में चलाई गई जवाबी गोली से आरोपित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत चांदपाड़ा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

क्या है पूरा मामला?: बताते चलें कि गत शनिवार रात 17 वर्षीया किशोरी अपने गांव में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम (जलसा) में गई थी। देर रात 11:30 बजे एक संदिग्ध फोन आने के बाद वह अचानक गायब हो गई।

अगली सुबह पड़ोसी के घर के पीछे से उसका नग्न और लहुलुहान शव बरामद हुआ था। परिजनों के आरोपों के आधार पर पुलिस ने रिश्ते में संबंधी लगने वाले आरोपित प्रह्लाद दास को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया था।

ज्ञात हो कि इससे पहले जुलाई में बारूईपुर में भी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित प्रभास मंडल की इसी तरह आधी रात री-क्रिएशन के दौरान पुलिस गोलीबारी में मौत हुई थी।

बारूईपुर एनकाउंटर की प्रक्रिया, समय और परिस्थितियों पर कलकत्ता उच्च न्यायालय में पहले से ही सुनवाई चल रही है और कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के आदेश दिए थे।

श्री अयोध्या जी में हुआ विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया सूर्योदयः सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 के पश्चात प्रारम्भ हुए दीपोत्सव को लेकर अपने भाव व उत्साह प्रदेशवासियों से साझा किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि सप्तपुरियों में श्रेष्ठ श्री अयोध्या धाम अपने 10वें भव्य-दिव्य दीपोत्सव के स्वागत में पुलकित है।

सनातन संस्कृति के गौरव का उद्घोष करेगी हर लौः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव का वर्णन करते हुए लिखा कि लाखों दीपों की अलौकिक आभा से जगमगाते सरयू तट, रामायण के प्रसंगों को जीवंत करती मनोहारी झांकियां, भव्य शोभायात्राएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां इस महोत्सव में त्रेतायुग की स्मृतियों को फिर से जीवंत करेंगी। हर दीप प्रभु श्री राम के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक होगा और हर लौ हमारी सनातन संस्कृति के गौरव का उद्घोष करेगी।

2017 से पहले उपेक्षा, अव्यवस्था और बदहाली का दंश झेल रही थी प्रभु श्री राम की प्राणप्रिय नगरीः मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर प्रहार किया, बताया- वर्ष 2017 से पहले प्रभु श्री राम की प्राणप्रिय नगरी अयोध्या जी उपेक्षा, अव्यवस्था और बदहाली का दंश झेल रही थीं। निर्दोष रामभक्तों पर गोलियां चलवाने वाली और पवित्र श्री



हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप करने वाली सरकार को 'राम की अयोध्या' के विकास से क्या मतलब?

आस्था और आधुनिकता की अद्भुत संगम स्थली बन चुकी है अयोध्याः मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा से वर्ष 2017 के बाद श्री अयोध्या जी में विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया सूर्योदय हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार के प्रयासों से रामनगरी अपने प्राचीन वैभव को पुनः प्राप्त कर रही है। भव्य-दिव्य श्री राम मंदिर, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, सुसज्जित रामपथ, नव्य घाट, आधुनिक सुविधाएं और सोलर सिटी के रूप में विकसित होती अयोध्या आज आस्था और आधुनिकता की अद्भुत संगम स्थली बन चुकी है।

दीपोत्सव में दिखाई देती है श्री राम नगरी के पुनर्वैभव की सबसे मनोहारी अभिव्यक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राम नगरी के इस पुनर्वैभव की सबसे मनोहारी अभिव्यक्ति दीपोत्सव में दिखाई देती है। वर्ष 2017 में 1.71 लाख दीपों से प्रारंभ हुई दीपोत्सव की यात्रा आज देश-दुनिया के करोड़ों रामभक्तों की श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक बन चुकी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामभक्त दीप प्रज्ज्वलन का विश्व कीर्तिमान बनाने को तैयार हैं। यह दीपोत्सव उन पीढ़ियों के स्वप्नों का उजास है, जिन्होंने सदियों तक अपने राम की अयोध्या को त्रेतायुगीन स्वरूप में देखने की अभिलाषा संजोए रखी। विजय, सांस्कृतिक स्वाभिमान के उदय और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प बनकर प्रज्वलित हो रहा है।

भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्त एवं जनसामान्य आमन्त्रित



ख़बरों की तह तक

प्रतापगढ। श्री देवरहा बाबा संकटमोचन धाम खरवई, देल्हूपुर का भंडारा प्रारंभ हो गया है जो अनावरत रुप से चलेगा। मां गंगा रसोई धाम में प्रसाद ग्रहण करने के लिए साधूं संतों का एवं जनसामान्य का आवागमन बराबर चलता रहेगा।जिस भंडारे में साधू संत एवं जनसमूदाय को प्रतिदिन मुफ्त में भोजन कराया जायेगा। कोई भी भक्त गण वहां पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर सकता है।

पराली न जलाएं, पर्यावरण बचाएं अभियान का हुआ शुभारंभ

» पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने बोझी गांव में किसानों को किया जागरूक

ख़बरों की तह तक

प्रतापगढ। पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को रोकने के उद्देश्य से पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता ब्लॉक के बोझी गांव में 'पराली न जलाएं, पर्यावरण बचाएं' जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने की अपील की। अजय क्रांतिकारी ने कहा कि पराली जलाने से वायुमंडल में हानिकारक गैसें और सूक्ष्म कण फैलते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसका प्रतिकूल प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण और जैव विविधता पर पड़ता है। पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खेतों में पराली न जलाएं, बल्कि फसल अवशेषों का उपयोग खाद बनाने, खेतों में जैविक पदार्थ बढ़ाने तथा अन्य उपयोगी कार्यों में करें। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण की जिम्मेदारी हम सभी की है। किसानों के सहयोग से ही पराली जलाने की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। पर्यावरण सेना गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर दिलीप पटेल,रोहित पटेल,सुनील कुमार, शरद चंद्र यादव, कुसुमी देवी आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' को लेकर देवघर नगर निगम अलर्ट, नालों की सफाई तेज करने का निर्देश

ख़बरों की तह तक



देवघर। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संभावित प्रभाव और आगामी दिनों में बारिश की संभावना को देखते हुए देवघर नगर निगम अलर्ट हो गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 28 से 30 अक्टूबर के बीच झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए नगर निगम ने शहर में जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सफाई शाखा के सभी वार्ड जमादारों के साथ बैठक हुई। बैठक में शहर के निचले इलाकों, संकरी गलियों और मोहल्लों में जलजमाव की आशंका को देखते हुए नालियों की विशेष सफाई कराने का निर्देश दिया गया। अपर नगर आयुक्त ने सभी वार्ड जमादारों को अपने-अपने क्षेत्रों में जलनिकासी व्यवस्था का निरीक्षण करने और नालियों की सफाई का काम हर हाल में कल तक पूरा कराने को कहा। इसका उद्देश्य संभावित बारिश के दौरान पानी की निकासी बाधित होने से रोकना है। वहीं, बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए सफाई शाखा को विशेष क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) गठित करने का निर्देश दिया गया है। यह टीम लोगों की शिकायतों के आधार पर संबंधित स्थलों पर पहुंचेगी और जलजमाव, नाली जाम सहित सफाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करेगी। अपर नगर आयुक्त ने संबंधित कर्मियों को मौसम की स्थिति पर नजर रखने, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने और जलनिकासी व्यवस्था की लगातार निगरानी करने का निर्देश दिया। नगर निगम का लक्ष्य संभावित बारिश के दौरान शहरवासियों को जलजमाव से होने वाली परेशानियों से बचाना और शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है।

स्वच्छता ही सेवा के तहत KKN स्टेडियम में नगर निगम की सफाई शाखा एवं सफाई एजेंसी mswm के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन



ख़बरों की तह तक

देवघर। स्वच्छता ही सेवा के तहत KKN स्टेडियम, देवघर में देवघर नगर निगम की सफाई शाखा एवं नगर निगम की सफाई एजेंसी एमएसडब्ल्यूएम (MSWM) के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले का उद्देश्य स्वच्छता कार्यों से जुड़े कर्मियों के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना एवं खेल के प्रति उत्साह को बढ़ावा देना था। मैच में नगर निगम की सफाई शाखा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमएसडब्ल्यूएम की टीम को 6 रन से पराजित कर जीत हासिल की। नगर निगम की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएसडब्ल्यूएम की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और नगर निगम की टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मैच में नगर निगम के सेनेटरी सह फूड इंस्पेक्टर सुनील कुमार मेहता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लेने के साथ 25 रन भी बनाए। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस आयोजन के माध्यम से स्वच्छता कार्यों में लगे कर्मियों को कार्य के साथ-साथ खेलकूद एवं मनोरंजन के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार के आयोजन से कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग, सकारात्मक ऊर्जा एवं टीम भावना को मजबूती मिलती है, जिसका लाभ शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी मिलता है।

मोहनपुर पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

ख़बरों की तह तक



मोहनपुर। मोहनपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त सुनील कुमार मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सुनील कुमार मंडल (29 वर्ष), पिता मोहन मंडल, ग्राम बलियादा, थाना मोहनपुर, जिला देवघर के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 295/25 में सुनील कुमार मंडल प्राथमिकी अभियुक्त हैं। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नियमानुसार आगे की प्रक्रिया पूरी की और उन्हें जेल भेज दिया।

बाल सुधार गृह की बच्चियों के प्रति संवेदनशील होकर करें कार्य : उपायुक्त

ख़बरों की तह तक



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरव कुमार भुवानियां ने मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को चरकी पहाड़ी स्थित बाल सुधार गृह-सह-संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को बच्चियों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि बाल सुधार गृह में रहने वाली बच्चियों के प्रति सभी अधिकारी और कर्मी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उनकी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और बच्चियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का नियमित रूप से उपयोग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

स्वास्थ्य, खान-पान और साफ-सफाई पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चियों के खान-पान, स्वास्थ्य, रहन-सहन और साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कराई जाए और किसी भी तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्या सामने आने पर तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने संस्थान परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बच्चियों की सुविधा के लिए उपलब्ध मशीनी उपकरणों का सही और नियमित उपयोग सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उन्हें दैनिक गतिविधियों में किसी तरह की परेशानी न हो।

शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण को बेहतर बनाने का निर्देश

उपायुक्त ने बाल सुधार गृह में बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई के लिए उपलब्ध स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण कक्ष और मनोरंजन कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एडीएसएस सरिता भारती को निर्देश दिया कि बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और मनोरंजन की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इसके माध्यम से उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और भविष्य के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाए।

बच्चियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

उपायुक्त ने कहा कि बाल सुधार गृह में रहने वाली बच्चियों को बेहतर वातावरण, आवश्यक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। अधिकारियों को उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे बच्चियां शिक्षा, प्रशिक्षण और सकारात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

देवघर में खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण अभियान, मिठाई दुकानों में मिली अनियमितताएं

ख़बरों की तह तक

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग, देवघर की ओर से जलसार चिल्ड्रन पार्क और हदहदिया पुल के पास खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न मिठाई दुकानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, रखरखाव और साफ-सफाई की स्थिति की जांच की गई। इस क्रम में नियमों के उल्लंघन और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

दिगंबर स्वीट्स पर जुर्माना, खाद्य सामग्री नष्ट

जलसार चिल्ड्रन पार्क के पास स्थित दिगंबर स्वीट्स में मिठाइयों की गुणवत्ता और साफ-सफाई की जांच की गई। जांच के दौरान खाद्य सामग्री खुले में रखने और स्वच्छता की अनदेखी किए जाने पर प्रतिष्ठान को दो दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार करने का नोटिस दिया गया। साथ ही जुर्माना भी लगाया गया। खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर मौके पर ही 21 किलो गुजिया, 10 किलो बालूशाही, 5 किलो नमकीन और 5 किलो गाजा नष्ट कराया गया। इस प्रकार कुल 41 किलो खाद्य सामग्री नष्ट की गई।

एक्सपायर्ड लाइसेंस पर भी कार्रवाई

जलसार रोड स्थित शाम सवेरा प्रतिष्ठान का लाइसेंस एक्सपायर्ड पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने आवश्यक लाइसेंस के संबंध में नोटिस जारी किया। वहीं, हदहदिया पुल के पास स्थित मां लक्ष्मी मिष्ठान भंडार, शिव मिष्ठान भंडार और मिहिर स्वीट्स में पनीर, रसगुल्ला, खोया और लड्डू सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान शिव मिष्ठान भंडार से पनीर का नमूना संग्रहित किया गया। इसे जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गईं लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश

- लगान रसीद की शिकायतों का समय पर निपटारा करने का निर्देश, आंगनबाड़ी सेविका चयन मामले की होगी जांच
- उत्क्रमित उच्च विद्यालय नारंगी की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए 48 घंटे में जांच रिपोर्ट देने का निर्देश

ख़बरों की तह तक



देवघर। जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भू-अर्जन एवं मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेंशन, आवास और राजस्व सहित विभिन्न मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों की जांच कर जल्द समाधान का भरोसा दिया। जनता दरबार के दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेंशन, आवास और राजस्व से जुड़े कुछ मामलों का संबंधित विभागों की ओर से मौके पर ही निष्पादन किया गया।

आंगनबाड़ी सेविका चयन मामले की जांच का निर्देश

जनता दरबार में मोहनपुर प्रखंड के तुम्बाबेल आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन प्रक्रिया को गलत तरीके से खारिज किए जाने की शिकायत सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि आंगनबाड़ी केंद्र का सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सके और बच्चों के हितों की रक्षा की जा सके।

विद्यालय की जमीन से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

उत्क्रमित उच्च विद्यालय नारंगी, सारवां की जमीन पर अवैध अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर को 48 घंटे के भीतर जांच प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और अंचलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने चिन्हित अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने को भी कहा। निर्देश दिया गया कि नोटिस और चेतावनी के बावजूद यदि अतिक्रमणकारी सरकारी या सार्वजनिक भूमि खाली नहीं करते हैं, तो नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' को लेकर देवघर जिला प्रशासन अलर्ट, NDRF की टीम स्टैंडबाय पर

ख़बरों की तह तक



देवघर। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संभावित प्रभाव को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। 28 और 29 अक्टूबर को संभावित प्रभाव तथा 29 और 30 अक्टूबर को बारिश के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने जिला, प्रखंड, पंचायत और नगर निकायों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन का उद्देश्य संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में आम लोगों को परेशानी से बचाना और राहत एवं बचाव कार्यों को तत्काल शुरू करना है।

जलजमाव और पेड़ गिरने की घटनाओं पर रहेगी नजर

उपायुक्त ने नगर निगम और नगर परिषद सहित सभी नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों के निचले इलाकों में जलजमाव की आशंका को देखते हुए लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया है। आंधी-तूफान के दौरान पेड़ और बिजली के खंभे गिरने जैसी घटनाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रहने को कहा गया है, ताकि सड़क यातायात बाधित होने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

बिजली आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल बहाली के निर्देश

संभावित आंधी और बारिश से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता को विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उसे कम से कम समय में बहाल करने के लिए पर्याप्त तकनीकी कर्मियों और अतिरिक्त मैनपावर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

NDRF और राहत-बचाव दल अलर्ट पर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मद्देनजर उपायुक्त ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) की टीम सहित सभी स्थानीय राहत एवं बचाव दलों को स्टैंडबाय पर रहने का निर्देश दिया है। किसी भी अप्रिय घटना या आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की तैयारी रखने को कहा गया है। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने और मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया है, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके।

आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से संभावित तूफान और बारिश के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। लोगों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने, सुरक्षित स्थानों पर रहने और प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है।

भारत विकास परिषद, देवघर शाखा की 'भारत को जानो' प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न





ख़बरों की तह तक

देवघर। भारत विकास परिषद, देवघर शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को झौंसागढ़ी स्थित संदीपनी पब्लिक स्कूल में शाखा स्तरीय 'भारत को जानो' प्रश्नमंच प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिका, प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद के प्रेरणापुरुष स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत हुई। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर तीन विद्यालयों—रेड रोज स्कूल, डिवाइन पब्लिक स्कूल एवं संदीपनी पब्लिक स्कूल—ने प्रश्नमंच प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था। मंगलवार को आयोजित प्रश्नमंच में तीनों विद्यालयों की दो-दो प्रतिभागियों वाली टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ज्ञान, तत्परता और आत्मविश्वास से भरपूर इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम में रेड रोज स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान, संदीपनी पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान तथा डिवाइन पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित सदस्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, देवघर शाखा की अध्यक्ष कंचन मूर्ति शाह ने अपने संबोधन में कहा कि 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल सही उत्तर देना या जीत हासिल करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करना, उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा उन्हें जागरूक एवं संस्कारवान नागरिक बनाना भी है। उन्होंने आगे कहा कि उच्च प्राथमिक कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी के पास भारत को जानो पुस्तिका होनी चाहिए अगर वह इसका नियमित अध्ययन करते हैं तो भारत के हर क्षेत्र के बारे में उन्हें व्यापक जानकारी प्राप्त होगी जो आगे उनके भविष्य में सहायक होगी।

पूर्व प्रांतीय पदाधिकारी इंजीनियर प्रकाश चंद्र सिंह ने बच्चों को आगे प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अनेक जानकारियां दी तथा अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया पूर्व अध्यक्ष आलोक मल्लिक तथा सदस्य संतोष झा ने प्रतिभागी टीम के बीच प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान का पुरस्कार प्रदान किया।

उपस्थित अन्य बच्चों ने तालिया की गड़गड़ाहट से तीनों टीमों का पुनः अभिनंदन किया धन्यवाद।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करने पर गुंडा पंजी में नाम दर्ज करने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

- देवघर में चंदन ठाकुर ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल, उपायुक्त के जनता दरबार में दिया आवेदन

ख़बरों की तह तक



देवघर। देवघर जिले में बघानाडीह निवासी चंदन ठाकुर ने स्थानीय थाने की गुंडा पंजी में अपना नाम दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। चंदन ठाकुर, पिता सुरेन नापीत, का आरोप है कि क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों के खिलाफ शिकायत करने के कारण द्वेषवश उनका नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया गया है। उन्होंने दावा किया है कि उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है।

सरकार को की थी शिकायत

चंदन ठाकुर के अनुसार, उन्होंने क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को आवेदन दिया था। उनके मुताबिक, इस मामले में विभाग की ओर से ज्ञापांक 09/खननविविध (03)-10/2025-6280, दिनांक 7 अक्टूबर 2026 के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई के लिए उपायुक्त, देवघर को पत्र भेजा गया था। चंदन ठाकुर का आरोप है कि शिकायत के बाद स्थानीय स्तर पर उनके प्रति द्वेषपूर्ण रवैया अपनाया गया और इसी के तहत उनका नाम थाने की गुंडा पंजी में दर्ज कर दिया गया। हालांकि, इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और संबंधित पुलिस अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।

जनता दरबार में की निष्पक्ष जांच की मांग

मामले को लेकर चंदन ठाकुर ने उपायुक्त कार्यालय के जनता दरबार में आवेदन देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जांच में यदि उनके खिलाफ गुंडा पंजी में नाम दर्ज करने का आधार गलत पाया जाता है, तो उनका नाम पंजी से हटाया जाए। उन्होंने इस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की भी मांग की है।

जांच के नतीजे पर टिकी निगाहें

मामले में उपायुक्त की ओर से निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए जाने की बात कही गई है। अब जांच के निष्कर्ष और संबंधित पुलिस अधिकारियों के पक्ष से मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

यह मामला शिकायतकर्ताओं के अधिकार, पुलिस की कार्रवाई में पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़े सवाल उठाता है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

सारठ में निर्माणाधीन सार्वजनिक पुस्तकालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर

- IIT-JEE, NEET, UPSC, JPSC समेत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेंगी सुविधाएं, AI लैब से डिजिटल कौशल को मिलेगा बढ़ावा
- विद्यार्थियों से मुलाकात कर उपायुक्त ने पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के लिए किया प्रेरित

ख़बरों की तह तक





देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को सारठ प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन सार्वजनिक पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भवन की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यपालक अभियंता को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन की संरचना, फिनिशिंग, रीडिंग रूम और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुस्तकालय निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य में मानक सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने के साथ विद्यार्थियों के बैठने, रोशनी और वेंटिलेशन की बेहतर व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को नियमित रूप से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की निगरानी करने को कहा, ताकि तय समयसीमा में निर्माण पूरा हो सके और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

निरीक्षण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने बताया कि सारठ सार्वजनिक पुस्तकालय जिला प्रशासन, देवघर की पहल और JIASOWA के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री और आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसे एक समग्र लर्निंग हब के रूप में विकसित करने की योजना है। पुस्तकालय में स्कूली शिक्षा के साथ IIT-JEE, NEET, SSC, रेलवे, UPSC और JPSC जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। विद्यार्थियों के लिए रीडिंग हॉल बनाया जा रहा है, जहां व्यक्तिगत अध्ययन डेस्क, आरामदायक कुर्सियां, चार्जिंग पॉइंट और प्रत्येक डेस्क पर अलग रीडिंग लाइट की सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कंप्यूटर कक्ष में डेस्कटॉप कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्ट क्लासरूम में बड़ी स्क्रीन के माध्यम से शैक्षणिक कक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित कक्षाओं के संचालन की व्यवस्था प्रस्तावित है।

AI लैब से डिजिटल कौशल को मिलेगा बढ़ावा

उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकालय में प्रस्तावित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) लैब विद्यार्थियों को नई तकनीकों से परिचित कराने और उनके डिजिटल कौशल को विकसित करने में सहायक होगी। इसके अलावा, विचार-विमर्श कक्ष भी विकसित किया जाएगा, जहां विद्यार्थी सामूहिक चर्चा, विचारों के आदान-प्रदान और नवाचार को बढ़ावा दे सकेंगे। पुस्तकालय परिसर में पार्किंग, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की योजना है, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सारठ के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर अध्ययन संसाधन, डिजिटल शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर उपलब्ध कराना है। सार्वजनिक पुस्तकालय विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने और उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विद्यार्थियों से मुलाकात कर पुस्तकालय के सदुपयोग की अपील

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वहां मौजूद स्कूली छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और पुस्तकालय की उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पुस्तकालय आने, उपलब्ध पुस्तकों और अध्ययन सामग्री का भरपूर लाभ उठाने तथा अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, जिला शिक्षा अधीक्षक, अंचल अधिकारी सारवां, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, डीएमएफटी की टीम सहित संबंधित अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

देवीपुर में उद्यमियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित, 130 प्रतिभागियों ने लिया भाग

- सिंगल विंडो सिस्टम, एमएसएमई समाधान पोर्टल और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

ख़बरों की तह तक

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरव कुमार भुवानियां के निर्देशानुसार मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को देवीपुर प्रखंड के रजपुरा स्थित लाह चूड़ी सीएफसी सेंटर में उद्यमियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैम्प के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में सिंगल विंडो सिस्टम, एमएसएमई समाधान, ओडीआर पोर्टल और उद्यमियों के हित में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

जागरूकता शिविर में उद्यमियों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इनमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

संक्षिप्त खबर

रेंगारिह पुलिस द्वारा दिलीप तिर्की के घर पर चिपकाए इश्तहार, मां पर 32 साल से पहचान बदलकर नौकरी करने का आरोप

खबरों की तह तक

सिमडेगा। रेंगारिह थाना क्षेत्र में न्यायालय प्रथम श्रेणी, सिमडेगा के आदेश पर पुलिस ने रंगारिह थाना कांड संख्या 12/2026 से जुड़े मामले में आरोपियों के घर और सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चस्पा कर ढोल-नगाड़े के साथ मुनादी कराई। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य न्यायालय के आदेश की जानकारी सार्वजनिक करना है। मामला 31 अगस्त 2026 को दर्ज किया गया था। इसमें भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। मामले में किशोरी टोप्पो उर्फ क्लाउदिया कुजूर और दिलीप तिर्की को प्राथमिक अभियुक्त बताया गया है। दोनों का पता ग्राम डुमरटोली, सिमडेगा बताया गया है।थाना प्रभारी मनोज महली ने बताया कि मामले में दिलीप तिर्की की मां किशोरी टोप्पो पर क्लाउदिया कुजूर की पहचान अपनाकर कृषि विद्यालय में करीब 32 वर्षों से नौकरी करने का आरोप है। बताया गया कि क्लाउदिया कुजूर को सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद इस मामले की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराई। थाना प्रभारी के अनुसार, मामला दर्ज होने के बाद से संबंधित आरोपी फरार चल रहा है। इसी मामले में न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने इश्तेहार चस्पा कर मुनादी कराई। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि न्यायालय में होना बाकी है।

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर दुमका में होगा दो सत्रों में कार्यक्रम

खबरों की तह तक



दुमका। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को दुमका में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर दुमका परिसदन में पटेल सेवा संघ, सिविल सोसायटी और शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेम केशरी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सरदार पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई, रंग-रोगन, मार्बल की घिसाई सहित अन्य आवश्यक कार्य दो दिनों के भीतर पूरा कराने का निर्णय लिया गया, ताकि जयंती समारोह को व्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को दो सत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। वहीं, दूसरे सत्र में 151 दीप प्रज्वलित कर लौहपुरुष को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार रखे और आयोजन से जुड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पर सहमति जताई। बैठक में पटेल सेवा संघ, दुमका के अध्यक्ष अशोक कुमार राउत, उपाध्यक्ष राजेश कुमार राउत, तीनों संगठनों के सचिव संदीप कुमार जय बमबम, सेवानिवृत्त शिक्षक कुंदन झा, अरविंद मिश्र, इंदु चौबे, अर्चना सिंह, बबीता कुमारी, जीतू अग्रवाल और अमित कुमार राउत सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को स्मरण करते हुए जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से दो परिवारों को मिली 4 लाख की सहायता

खबरों की तह तक



महुदा। झारखंड ग्रामीण बैंक की महुदा मोड़ शाखा में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो दिवंगत बीमाधारकों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत दिवंगत डोमन महतो की पत्नी मीरा देवी और रतिलाल महतो की पत्नी रिंकू देवी को 2-2 लाख के चेक सौंपे गए। इस तरह दोनों परिवारों को कुल 4 लाख की बीमा राशि मिली। चेक वितरण कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक अमित कुमार, वित्तीय साक्षरता केंद्र की लवली पंडित और मुखिया रिंकू देवी ने संयुक्त रूप से लाभुकों को चेक प्रदान किए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने लोगों से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह की बीमा योजनाएं परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने लोगों को बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक होने और अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभ और परिवारों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, कमल ठाकुर, राजेश कुमार महतो, पूजा कुमारी, नमिता कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दामोदर नदी तट पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ, भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

खबरों की तह तक

सिंदरी। दामोदर नदी के तट पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुआ। काशी से पधारे वैदिक आचार्य पं. मुकेश पुरोहित, डॉ. महेश कुमार तिवारी, दीपक दूबे, धनंजय पांडेय, अनिल पांडेय एवं चंदन पांडेय ने प्रधान यजमान गीता देवी तथा उनके पुत्र शशिकांत सिंह, श्रीकांत सिंह और कृष्णकांत सिंह की उपस्थिति में गणेश पूजन, पंचांग पूजन, मंडप पूजन एवं समस्त देवी-देवताओं का आवाहन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रीमद्भागवत महापुराण का पूजन कर मूल पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अयोध्या से पधारीं अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पूज्या पं. गौरांगी गौरी ने अपने प्रवचन में श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य का वर्णन किया। उनकी अमृतमयी वाणी सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। क्षेत्र के ग्रामीणों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ कथा का श्रवण कर भागवत रस का आनंद लिया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। कथावाचक गौरंगी गौरी ने बताया कि श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से मानव जीवन को सही दिशा और मोक्ष का मार्ग दिखाती है। अगर मनुष्य अपने मन को शांत कर अपने विचारों पर काबू कर कर्म एवं धर्म पर ध्यान केंद्रित रखे तो जीवन स्वर्ग से सुन्दर हो जाएगा।

दीपावली की तैयारियों का उपायुक्त ने लिया जायजा, स्वयं मिट्टी का दीया बनाकर कुम्हारों का बढ़ाया उत्साह

खबरों की तह तक





सिमडेगा। दीपावली पर्व के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह ने सिमडेगा प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत के कुंबाटोली एवं बंगरू पंचायत के भेड़ीकुदर गांव का भ्रमण कर कुम्हारों द्वारा की जा रही दीपावली की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने माटी हस्तशिल्पकारों से मुलाकात कर उनके द्वारा तैयार किए जा रहे मिट्टी के दीये एवं अन्य माटी उत्पादों के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा उनकी आजीविका से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली।

भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से झारखंड माटीकला बोर्ड द्वारा अनुदानित विद्युत चाक का उपयोग कर मिट्टी के उत्पाद तैयार कर रहे कुम्हारों के कार्यों को देखा। उन्होंने जाना कि विद्युत चाक के उपयोग से माटी हस्तशिल्पकारों को किस प्रकार अपने कार्य में सुविधा मिल रही है तथा उत्पादन क्षमता और आय में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

उपायुक्त ने यह भी देखा कि पारंपरिक माटीकला के प्रति नई पीढ़ी की रुचि बढ़ रही है। आधुनिक उपकरणों की सहायता से युवा भी इस पारंपरिक कला से जुड़कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने माटीकला को स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, पारंपरिक कौशल के संरक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

इस अवसर पर उपायुक्त सिमडेगा ने स्वयं मिट्टी का दीया बनाकर कुम्हारों का उत्साहवर्धन किया। उनके द्वारा मिट्टी का दीया बनाने की पहल ने माटी हस्तशिल्पकारों के पारंपरिक हुनर के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का संदेश दिया। उन्होंने दीपावली जैसे त्योहारों पर स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीयों एवं अन्य उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

उल्लेखनीय है कि सिमडेगा जिले में अब तक 160 से अधिक कुम्हारों को अनुदान के माध्यम से विद्युत चाक उपलब्ध कराया जा चुका है। इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक माटीकला को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, कारीगरों की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा उन्हें स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। विद्युत चाक की सहायता से कुम्हार कम समय में अधिक उत्पाद तैयार कर सकते हैं, जिससे त्योहारों के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता मिलती है।

दीपावली के अवसर पर मिट्टी के दीयों की मांग कुम्हारों के लिए आय अर्जित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। स्थानीय स्तर पर निर्मित मिट्टी के दीयों को अपनाने से न केवल पारंपरिक कला और संस्कृति को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि ग्रामीण कारीगरों की आजीविका को भी मजबूती मिलती है।

सड़क दुर्घटना में घायल स्कूटी सवार को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



खबरों की तह तक

सिमडेगा। जिले के बांसजोर ओपी क्षेत्र के भृकुमुंडा के समीप सड़क दुर्घटना में घायल स्कूटी सवार युवक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाया। घटना 26 अक्टूबर 2026 की है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घायल युवक को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भृकुमुंडा के पास एक अज्ञात बड़े वाहन की तेज रोशनी अचानक स्कूटी सवार की आंखों पर पड़ गई। इससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई और युवक को हल्की चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही बांसजोर ओपी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल युवक को अपने सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बांसजोर पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के परिजनों को भी दी। घायल युवक की पहचान अनमोल किरो (21 वर्ष), पिता स्वर्गीय अलविश किरो, निवासी कुलमारा डुमरमुंडा, थाना जलडेगा, जिला सिमडेगा के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सिमडेगा पुलिस ने आम नागरिकों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा बनाए रखने और सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि सावधानीपूर्वक वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकता है।

धनबाद मंडल कारा में देर रात छापेमारी, पुरुष वार्ड से खैनी, चूना और पेन बरामद

खबरों की तह तक



धनबाद। मंडल कारा में सोमवार की देर रात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण एवं सघन तलाशी अभियान चलाया। उपायुक्त आदित्य रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और सैकड़ों पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल हुए। छापेमारी अभियान में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, एसडीएम लोकेश बरांगे समेत विभिन्न डीएसपी और एसडीपीओ मौजूद रहे। अचानक हुई इस कार्रवाई के दौरान जेल के अलग-अलग वार्डों की बारीकी से तलाशी ली गई।

अभियान के तहत मंडल कारा के पांच पुरुष वार्डों, एक महिला वार्ड और मेडिकल वार्ड की जांच की गई। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। पुरुष वार्डों में तलाशी की जिम्मेदारी अलग-अलग डीएसपी के नेतृत्व वाली टीमों को सौंपी गई थी। वहीं, महिला वार्ड की तलाशी महिला पुलिस अधिकारियों की टीम ने ली। इस दौरान पुरुष वार्ड से खैनी, चूना और पेन बरामद किए गए।

प्रशासन के अनुसार, निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत जांच की गई। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल की सुरक्षा को मजबूत बनाए रखना, प्रतिबंधित या अनधिकृत वस्तुओं की मौजूदगी की जांच करना और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था।

वहीं, जेल के मेडिकल वार्ड में भर्ती कैदियों की विशेष मेडिकल टीम के माध्यम से स्वास्थ्य जांच कराए जाने की बात कही गई है। इस औचक निरीक्षण को जेल की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी और नियमित जांच के तौर पर देखा जा रहा है।

तोरपा पवित्र हृदय चर्च में भिखारिएट की वार्षिक आम सभा में शामिल हुए विधायक सुदीप गुड़िया, नशामुक्त समाज और बच्चों के संस्कार पर दिया संदेश

खबरों की तह तक



तोरपा। तोरपा पवित्र हृदय चर्च प्रांगण में आयोजित तोरपा भिखारिएट की एक दिवसीय वार्षिक आम सभा में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित धर्मगुरुओं, धर्मबहनों, कैथोलिक सभा के सदस्यों एवं विश्वासी भाई-बहनों के साथ संवाद किया और समाज के विकास, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य तथा युवाओं के सही मार्गदर्शन पर अपने विचार साझा किए। इस वार्षिक आम सभा में तोरपा, डोड़मा, कूदा, पिड़ुल, सोदे एवं कमड़ा पल्ली से सैकड़ों की संख्या में विश्वासी भाई-बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक एकजुटता, सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। अपने संबोधन में विधायक सुदीप गुड़िया ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के साथ-साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों के भविष्य और उनके संस्कारों पर पड़ता है। इसलिए हम सभी को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। विधायक ने बच्चों एवं युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि बुरी संगति अच्छे चरित्र को बिगाड़ देती है। इसलिए युवाओं को हमेशा सतर्क रहना चाहिए तथा अपनी ऊर्जा शिक्षा, सकारात्मक सोच और रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। उन्होंने माता-पिता से भी अपील की कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार दें, उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करें और समय के साथ कदम मिलाते हुए भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। उन्होंने आगे कहा कि समाज के हर वर्ग का सहयोग और विश्वास ही क्षेत्र के विकास की प्रेरणा है। आप सभी का साथ और सहयोग बना रहे। मैं अपने क्षेत्र की जनता के लिए हरसंभव कार्य करने का निरंतर प्रयास करता रहूंगा। विधायक ने सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथि के रूप में खूंटी धर्मप्रांत के बिशप स्वामी बिनय कंडुलना, वी.जी. फादर बिशु बेंजामिन आइंद, डीन फादर हीरालाल हूनी पूर्ति, फादर जेम्स जड़िया, फादर जोजो सहित अनेक धर्मगुरु, धर्मबहनें एवं कैथोलिक सभा के सदस्य उपस्थित रहे। यह वार्षिक आम सभा आध्यात्मिक एकजुटता के साथ-साथ समाज में जागरूकता, सद्भाव और युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के प्रति सामूहिक संकल्प का अवसर बनी।

रामरेखा महोत्सव-सह-मेला-2026 की तैयारी तेज, एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

खबरों की तह तक



सिमडेगा। आगामी राजकीय रामरेखा महोत्सव-सह-मेला-2026 को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सिमडेगा पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र और आसपास के मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश एवं निकास द्वार, वाहनों की पार्किंग, बैरिकेडिंग और आवागमन के संभावित मार्गों का जायजा लिया। उन्होंने भीड़ एकत्र होने की आशंका वाले स्थानों का भी आकलन किया, ताकि महोत्सव के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में पुलिस बल के आवासन की व्यवस्था और स्थापित पुलिस नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नियंत्रण कक्ष के माध्यम से मेला क्षेत्र की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और संचार व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच बेहतर तालमेल के लिए वायरलेस सेट के माध्यम से प्रभावी संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए ड्रोन का उपयोग करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि भीड़ की स्थिति पर नजर रखी जा सके और आवश्यकता पड़ने पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा प्रदान करने के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों और यातायात मार्गों की जानकारी मेला प्रारंभ होने से पांच से छह दिन पहले समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराने का निर्देश दिया। इससे श्रद्धालुओं को पहले से ही पार्किंग और आवागमन संबंधी जानकारी मिल सकेगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा, परिचारी प्रवर, पुलिस केंद्र सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक, सिमडेगा एवं कुरडेग अंचल के अधिकारी, सिमडेगा, कुरडेग, मुफस्सिल और पाकरटांड़ के थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सिमडेगा पुलिस ने कहा कि राजकीय रामरेखा महोत्सव-सह-मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि महोत्सव शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास के श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल हुए शामिल



खबरों की तह तक

हजारीबाग। इचाक प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालमोहन रविदास जी के श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल शामिल हुए। उन्होंने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि लालमोहन रविदास जी कांग्रेस के एक अच्छे और सच्चे सिपाही थे। उनके निधन से कांग्रेस की बड़ी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नहीं। उन्होंने दिवंगत परिजनों को संतावाना देते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा इस कठिन घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य व सहनशक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की। जिला कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, दिगंबर मेहता, जय कुमार महतो, मनोज मेहता आदि उपस्थित थे।

- **सिंदरी के एफसीआई टीन शेड मार्केट में भीषण आग, दो दुकानें जलकर राख**

लाखों के नुकसान की भरपाई और मुआवजे के लिए वरीय अधिकारियों से करेंगे बात : विधायक



खबरों की तह तक

सिंदरी/बलियापुर। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर-सिंदरी स्थित एफसीआई टीन शेड मार्केट में सोमवार को भीषण अगलगी की घटना में एक फास्ट फूड और एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान जलकर राख हो गई। इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। हादसे की सूचना मिलने के बाद सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने अग्निकांड से प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें ढांढस बंधाया। दुकानदारों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि दुकानों में रखा कीमती सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री पूरी तरह जल गई। इस नुकसान से उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद विधायक चंद्रदेव महतो ने पीड़ित दुकानदारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे प्रभावित दुकानदारों के साथ खड़े हैं। अगलगी में हुए नुकसान की भरपाई और उचित मुआवजा दिलाने के लिए जिले के वरीय अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।

विधायक ने कहा कि पीड़ित दुकानदारों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। उन्होंने उन्हें हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

अगलगी की घटना से बाजार के कारोबारियों में चिंता का माहौल है। दो दुकानों के जलने से प्रभावित दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने भी पीड़ित दुकानदारों को उचित सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता जताई। विधायक के दौरे के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, बाजार के अन्य व्यवसायी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रगति नर्सिंग होम में 22 वर्षीय महिला की मौत, परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

- **स्टेंट निकलवाने पहुंची थी मोनी परवीन, मौत के बाद अस्पताल में हंगामा**
- **महापौर संजीव सिंह ने अस्पताल पहुंचकर परिजनों से की मुलाकात, सात लाख रुपये की आर्थिक सहायता पर बनी सहमति**

खबरों की तह तक



धनबाद। सरायढेला स्थित प्रगति नर्सिंग होम में मंगलवार को 22 वर्षीय मोनी परवीन की मौत के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा हुआ। मृतका के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और संबंधित चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, लोयाबाद निवासी मोनी परवीन ने करीब डेढ़ माह पहले पथरी का ऑपरेशन कराया था। मंगलवार को वह स्टेंट निकलवाने के लिए प्रगति नर्सिंग होम पहुंची थी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद पहले पैसे जमा करने का दबाव बनाया गया। इसके बाद उसे ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध जताया और संबंधित चिकित्सक एवं अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलने पर धनबाद के महापौर संजीव सिंह देर रात प्रगति नर्सिंग होम पहुंचे। उन्होंने मृतका के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन के साथ बातचीत की। वार्ता के दौरान मृतका के छोटे बच्चों के भविष्य और परिवार की आर्थिक स्थिति का मुद्दा भी उठा। बातचीत के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से सात लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन शव लेकर अस्पताल से रवाना हो गए।

महापौर संजीव सिंह ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को सहयोग दिलाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने चिकित्सकीय जांच के बिना महिला की मौत के कारण या इलाज में लापरवाही के आरोपों पर कोई निष्कर्ष देने से परहेज किया। फिलहाल, महिला की मौत के वास्तविक कारण और इलाज में लापरवाही के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

महिला पर्यवेक्षिका जसिंता लकड़ा के निधन पर समाहरणालय में शोक सभा आयोजित



खबरों की तह तक

सिमडेगा। ठेठईटांगर प्रखंड में पदस्थापित महिला पर्यवेक्षिका जसिंता लकड़ा के 26 अक्टूबर को हुए असामयिक निधन पर समाहरणालय सभागार, सिमडेगा में शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके निधन से जिले के पदाधिकारियों और सहकर्मियों के बीच शोक की लहर है। शोक सभा में उपायुक्त कंचन सिंह, अपर समाहर्ता गिरिजा शंकर महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरज मुन्नी कुमारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सिमडेगा सदर थाना के प्रतिनिधि तथा ठेठईटांगर की महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

शोक सभा के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मियों ने दिवंगत जसिंता लकड़ा की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मियों ने ईश्वर से दिवंगत के परिजनों को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। जसिंता लकड़ा के असामयिक निधन से विभागीय कर्मियों में शोक का माहौल है।

संक्षिप्त समाचार

मारवाड़ी हिन्दी मध्य विद्यालय में 396 छात्र- छात्राओं के बीच नि :शुल्क पोशाक का वितरण



चाईबासा,एजेंसी। श्री मारवाड़ी हिन्दी मध्य विद्यालय, चाईबासा में अध्ययनरत सभी 396 छात्र-छात्राओं के बीच सोमवार को निःशुल्क संपूर्ण पोशाक का वितरण किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी को पोशाक की दो-दो जोड़ियां प्रदान की गईं। पोशाक मिलने से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा पोशाक वितरण का काम अध्यक्ष तथा सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल चन्द्र त्रिपाठी ने दिया। संचालन शिक्षक अरुण प्रसाद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संदीपन मोहंती ने प्रस्तुत किया। वितरण में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, सदस्य मेवालाल होनहागा, सामाजिक कार्यकर्ता त्रिशानु राय, एसआर रूंगटा ग्रुप के वरीय प्रबंधक सुरेश पोद्दार शामिल थे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करना और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समिति की प्राथमिकता है। पोशाक मिलने से बच्चों में समानता, अनुशासन और विद्यालय के प्रति अपनत्व की भावना मजबूत होगी। इस अवसर पर त्रिशानु राय, शिक्षिका स्वीटी सिन्हा, आरती कुमारी, अमृता शर्मा, मरजीना खातून तथा शिक्षक ओम प्रकाश गुप्ता और प्रमानंद सवैया उपस्थित थे।

टाटानगर-खातीपुरा एक्सप्रेस का हुआ उद्घाटन :प्रस्तावित मार्ग में रांची, लोहरदगा समेत कई स्टेशन शामिल

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)/ बोकारो,एजेंसी। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से सोमवार को टाटानगर-खातीपुरा एक्सप्रेस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। ट्रेन नंबर 08181 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, टाटानगर स्टेशन पर कार्यक्रम में जमशेदपुर के सांसद विद्युतवरण महतो, डीआरएम तरुण हुरिया, शहर के विधायक चक्रधरपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस ट्रेन के प्रस्तावित मार्ग में रांची, लोहरदगा, टोरी, लातेहार, डालटनगंज और गढ़वा रोड शामिल हैं। ट्रेन राजस्थान के जयपुर स्थित खातीपुरा स्टेशन तक पहुंचेगी। नई रेल सेवा से रांची समेत विभिन्न जिलों के यात्रियों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों तक आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद है। रेलवे ने इस सेवा को संतरागाछी-खातीपुरा-संतरागाछी एक्सप्रेस से भी जोड़ा है। उद्घाटन समारोह से पहले रविवार को रेल एसपी अजीत कुमार ने टाटानगर स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था और लगेज स्कैनर मशीन की स्थिति देखी। रेल थाना प्रभारी और टाटानगर आरपीएफ प्रभारी को कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा बलों की तैनाती के निर्देश दिए। कुछ ट्रेनें रद्द, जबकि कई का आंशिक समापन इधर, दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में अनुरक्षण एवं विकास कार्यों को लेकर 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण यात्री ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। कुछ ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि कई का आंशिक समापन, मार्ग परिवर्तन और पुनर्निर्धारण किया गया है। यात्रा से पहले यात्री ट्रेनों के परिचालन की जानकारी रेलवे से अवश्य प्राप्त कर लें।

आईडीटीआर में मना सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम

सरायकेला,एजेंसी। इंडो डेनिश टूल रूम (आईडीटीआर), जमशेदपुर में आज सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अंजन कुंडू की उपस्थिति में कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण तथा अपने कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के शासन का पालन करेंगे, न तो रिश्वत लेंगे और न ही रिश्वत देंगे। साथ हीं, भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी गतिविधि के प्रति सजग रहेंगे तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे। इस अवसर पर महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपने आचरण में नैतिक मूल्यों को अपनाने और ईमानदारी को प्राथमिकता देने की अपील की।

चक्रवाती तूफान का खड़ी फसल पर पड़ेगा असर

झारखंड में तेज बारिश की संभावना, धान और आलू की फसल को नुकसान की आशंका

कोडरमा,एजेंसी। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'ऑर्नब' अब बहुत तेज हो गया है। यह तूफान 25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका असर दक्षिणी राज्यों के साथ झारखंड में भी दिखेगा। झारखंड के कई जिलों में 28 से 30 अक्टूबर तक तेज हवा और बारिश की संभावना है। दक्षिण-पूर्व, उत्तर-पूर्वी और मध्य झारखंड में इसका प्रभाव ज्यादा रहेगा।

कटाई और दानों की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा: कृषि वैज्ञानिक के अनुसार, इस मौसमी बदलाव से खेती पर असर पड़ेगा। बारिश के अलर्ट से किसान चिंतित हैं, खासकर धान की खेती करने वाले। पकी धान की फसल खेतों में गिर सकती है, जिससे कटाई और दानों की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा।

आलू और अन्य रबी फसलों की बुवाई भी प्रभावित हो सकती है। 1 नवंबर से



मौसम में सुधार की संभावना है। लगातार बारिश होने पर खेतों में पानी जमा होने से फसल को नुकसान पहुंचने का खतरा भी है। वहीं, कटी हुई फसल खुले में रखी होने पर उसके भीगने और सड़ने की आशंका है।

आलू की बुवाई में देरी हो सकती है: जो किसान खेतों में आलू की बुवाई में जुटे हुए हैं, ऐसे में बारिश से खेतों में नमी अधिक होने पर जल भराव की स्थिति बनने पर आलू की बुवाई में देरी हो सकती है। गीली मिट्टी में कंद लगने से सड़न और रोगों का खतरा बढ़ सकता है।

ऐसे में किसानों को खेत तैयार करने, मिट्टी चढ़ाने और अन्य कृषि कार्यों में भी बाधा आ सकती है। हालांकि हल्की बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ने का लाभ भी मिल सकता है। इधर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार राय की माने तो तेज बारिश खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें मूल रूप से धान की खेती को ज्यादा नुकसान पहुंचने की संभावना है। बुआई के लिए तीन-चार दिन रुक जाएं खड़ी फसल सूखने में कम समय लगती है। अगर किसान फसल काट चुके हैं तो भीगने से बचाव के लिए त्रिपाल आदि से ढकने की व्यवस्था कर लें।

उन्होंने आलू की बुवाई की तैयारी में जुटे किसानों से अपील की है कि वे फिलहाल बुआई के लिए तीन-चार दिन रुक जाएं। बारिश के बाद जमीन सूखने के बाद ही बुवाई करें।

सरसों की फसल लगाने में सहायक साबित होगी: वैसे किसान जो बुवाई कर चुके हैं वे अपने खेतों में जल जमाव न हो इसका विशेष ध्यान रखें। वहीं उन्होंने कहा कि बारिश के बाद गीली भूमि सरसों की फसल लगाने में सहायक साबित होगी। बताते चलें कि झारखंड में फिलहाल खेतों में हर ओर धान लगे हुए हैं। धान की खेती लगभग तैयार हो चुकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में अगर बारिश होती है तो फसल के सड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं तेज़ हवाओं के कारण फसल के खेतों में गिरने की भी उम्मीद जताई जा रही है।

धान पर बोनस बढ़ाने की तैयारी:किसानों को 84 रुपए की जगह मिलेंगे 109 रुपए प्रति क्विंटल

अन्नदाता को राहत...सामान्य धान 2550 व ग्रेड-ए 2570 रु. में बिकने की उम्मीद, आज कैबिनेट में आ सकता है यह प्रस्ताव

जामताड़ाएजेंसी। झारखंड के किसानों के लिए अच्छी खबर है। धान खरीद पर उन्हें मिलनेवाला बोनस बढ़ेगा। इसे 84 रु. से बढ़ा कर 109 रुपए करने का प्रस्ताव है। मंगलवार को होनेवाली कैबिनेट की बैठक में यह प्रस्ताव पारित हो सकता है। वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,441 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड 'ए' धान का 2,461 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इस प्रस्ताव के अनुसार सामान्य धान पर कुल 2,550 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड 'ए' धान पर 2,570 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों को प्रति क्विंटल 25 रुपए का अतिरिक्त लाभ मिल सकेगा। इस बार 40 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के अनुसार 109 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भुगतान के लिए 43 करोड़ 60 लाख रुपए की संभावित राशि का आकलन किया गया है। इस राशि की स्वीकृति के लिए योजना प्राधिकृत



समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। विभाग ने राज्य के सभी 24 जिलों के लिए धान खरीद की जिला-वार योजना भी तैयार की है।

दिसंबर माह से धान खरीद की तैयारी, प्रशासन तैयारियों में जुटा: जामताड़ा जिले में दिसंबर से संभावित धान खरीद को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान जिले को दो लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य मिला था। ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार, जिले में 1,95,365.91 क्विंटल यानी लगभग 97.68 प्रतिशत लक्ष्य के करीब धान की खरीद हुई थी। इस सरकारी व्यवस्था के तहत कुल 2793 किसानों ने अपना धान बेचा था, जिसके एवज में पोर्टल पर लगभग 47.86 करोड़ रुपए के भुगतान का आंकड़ा दर्ज है। प्रशासन इस बार भी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

लैंपस चयन, राइस मिलों की टैगिंग और भंडारण व्यवस्था में सुधार: दिसंबर से शुरू होने वाली धान अधिप्राप्ति को लेकर प्रशासन प्रखंडवार लैंपस, पैक्स और एफपीओ के चयन के साथ राइस मिलों की टैगिंग की प्रक्रिया में तेजी से जुटा हुआ है। इस बार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने केंद्र सरकार के एनएफएसए सेंट्रल पूल के लिए 19.60 लाख क्विंटल तथा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लिए 19,79,412 क्विंटल धान की आवश्यकता का अनुमान लगाया है। इस प्रकार कुल आवश्यकता 39,39,412 क्विंटल होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए लक्ष्य को 40 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया है।

गढ़वा में पहली बार झींगा मछली पालन, 200 लोगों को मिलेगा रोजगार

गढ़वा,एजेंसी। गढ़वा जिले में रोजगार के नए अवसर पैदा करने और ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से पहली बार झींगा मछली पालन की शुरुआत की गई है। मत्स्य विभाग ने नीति आयोग के सहयोग से 16 लाख 75 हजार रुपए की लागत से इस परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसके तहत जिले के सुदूरवर्ती बड़गड़ प्रखंड के बीरहा डैम और गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह स्थित बलही डैम में झींगा मछली का पालन किया जा रहा है। इस पहल से आदिवासी और पिछड़े वर्ग के 200 से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया गया है। विभाग को उम्मीद है कि झींगा मछली का उत्पादन शुरू होने के बाद ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ बेहतर आमदनी का अवसर मिलेगा।

परियोजना के तहत दोनों डैमों में नर्सरी तैयार कर झींगा के तीन लाख पोस्ट लार्वा (प्रारंभिक अवस्था के बच्चे) का संचयन



किया गया है। झींगा मछली का बीज पश्चिम बंगाल के दीघा से मंगाया गया है। विभाग के अनुसार, झींगा मछलियों को तैयार होने में छह से आठ महीने का समय लगेगा। इसके बाद अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में झींगा के बाजार तक पहुंचने की उम्मीद है। नीति आयोग के सहयोग से 108 परिवारों को जोड़ा गया वित्तीय वर्ष 2025-26 में नीति आयोग के सहयोग से जिले में झींगा मछली पालन की प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई। इसके तहत बड़गड़ प्रखंड के बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के 68 आदिवासी परिवारों और गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह गांव के 40 परिवारों को इस कार्य से जोड़ा गया है। मत्स्य विभाग की देखरेख में समितियों के माध्यम से पालन कराया जा रहा है। ट्टगढ़वा के लिए झींगा मछली पालन एक नई पहल है, जिसे नीति आयोग के सहयोग से शुरू किया गया है। विभाग का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार से जोड़ना और उनकी आमदनी बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बाजार में झींगा मछली की मांग अधिक रहती है। - धनराज आर. कापसे, जिला मत्स्य पदाधिकारी ।

पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे हुए बरामद

खड़गपुर,एजेंसी। त्योहारों के मौसम में प्रतिबंधित, तेज आवाज वाले पटाखों के खिलाफ पश्चिम मेदिनीपुर जिले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बेलदा थाना पुलिस ने सुभाषपल्ली इलाके में छापेमारी की। भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद हुए । इस कार्रवाई के बाद इलाके में हलचल मच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुभाषपल्ली में प्रतिबंधित पटाखे जमा कर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर बेलदा थाना पुलिस की टीम संबंधित इलाके में पहुंची। टीम ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए गए। हालांकि, बरामद पटाखे कहां



से लाए गए थे, उन्हें किस उद्देश्य से जमा किया गया था, और इस मामले में किन लोगों की संलिप्तता है, इन पहलुओं की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस की ओर से बरामद पटाखों की सटीक मात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं हुई है। किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने या गिरफ्तार किए जाने की भी पुष्टि नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि त्योहारों के दौरान तेज आवाज वाले पटाखों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन लगातार सतर्कता बरतने की अपील करता है। ऐसे पटाखों से बच्चों, बुजुर्गों, बीमार लोगों और पशु-पक्षियों को परेशानी हो सकती है। इसी वजह से प्रतिबंधित पटाखों के भंडारण और इस्तेमाल के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब स्थानीय लोगों की नजर इस बात पर है।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए 48 मोबाइल फोन बरामद

चाईबासाएजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने गुम हुए 48 मोबाइल फोन की बरामदगी के बाद सोमवार को वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए लगातार तकनीकी अनुसंधान और कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत कुल 48 गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशिक्षु आईपीएस राजकुमार जयराजू ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) पूजा कुमारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों के सहयोग से मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता मिली। बरामद सभी मोबाइल फोन प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी राजकुमार जयराजू, एएसपी अभियान राहुल देव बड़ाईक, पुलिस उपाधीक्षक पूजा कुमारी ने वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। लंबे समय से अपने गुम मोबाइल फोन की तलाश कर रहे धारकों को जब उनके फोन वापस मिले, तो सभी ने खुशी जाहिर की। उन्होंने पश्चिमी सिंहभूम पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।



प्रशिक्षु आईपीएस राजकुमार जयराजू ने कहा कि यह अभियान जनता के विश्वास और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खरसावां। खरसावां वन क्षेत्र में जंगली हाथियों की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई है। रविवार रात लाल बाजार गांव में एक जंगली हाथी घुस आया। हाथी ने नव प्राथमिक विद्यालय लाल बाजार को निशाना बनाया। आधी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच स्कूल परिसर में प्रवेश कर उसने रसोईघर का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद स्कूल कार्यालय की खिड़की तोड़कर अंदर रखे सामान तक पहुंचने की कोशिश की। इसी दौरान हाथी ने बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए रखा एक बोरा चावल खा लिया। सुबह स्कूल खुलने पर नुकसान का पता चला। घटना के बाद ग्रामीणों और विद्यालय से जुड़े लोगों में चिंता बढ़ी है। ग्रामीणों ने रात में सतर्क रहने और हाथियों के पास न जाने की अपील की है। सरायकेला। राजनगर प्रखंड स्थित बनकटी गांव में खेल मैदानों को नशामुक्त बनाने की पहल शुरू की गई है। आदिवासी किसान क्लब ने पंचायत से प्रखंड स्तर तक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मुखिया निमाई सोरेन के नेतृत्व में 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होने वाली फुटबॉल व अन्य खेल प्रतियोगिताओं में नशे की बिक्री और खपत पर रोक लगाने की योजना है। नशा सेवन कर प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

जेटेट-2026: अभ्यर्थी परीक्षा खत्म होने के बाद भी नहीं छोड़ सकेंगे सीट, ओएमआर की गिनती के बाद ही रूम से छुट्टी मिलेगी

जैक: 1 नवंबर को दो पालियों में होगी परीक्षा, नियम तोड़ने पर रद्द हो सकती है उम्मीदवारी

रांची,एजेंसी। परीक्षा का समय पूरा हो गया, सवालों के जवाब भी दे दिए, लेकिन इसके बाद भी अभ्यर्थी बाहर नहीं निकल सकेंगे। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट)-2026 में परीक्षा खत्म होने के बाद भी अभ्यर्थियों को इंतजार करना होगा। वीक्षक यानी परीक्षा कक्ष में निगरानी करने वाले शिक्षक जब तक ओएमआर शीट की गिनती पूरी नहीं कर लेंगे, तब तक बाहर जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने निर्देश दिया है कि वीक्षक की अनुमति के बिना अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ सकता।

परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट में किसी तरह की गड़बड़ी दिखे तो तुरंत वीक्षक को बताना होगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। केंद्र पर समय से पहुंचने से लेकर परीक्षा खत्म होने तक नियमों का ध्यान रखना होगा।

वो सबकुछ, जो आपके लिए जानना जरूरी है: सुबह 9 बजे बंद हो जाएगा केंद्र का गेट: 1 नवंबर को पहली पाली में कक्षा 6 से 8 के लिए परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। प्रवेश-पत्र के अनुसार, अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग सुबह 7:30 बजे



से शुरू होगी। सुबह 9 बजे परीक्षा केंद्र का प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश-पत्र और मूल पहचान पत्र जरूरी: परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश-पत्र की मुद्रित प्रति और मूल वैध फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र में दर्ज विवरण और निर्देश पहले ही पढ़ लें। रिपोर्टिंग समय और प्रवेश से जुड़े निर्देशों का पालन करना भी जरूरी है। मोबाइल से स्मार्ट वॉच तक पर रोक: हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ उपकरण, ईयरफोन, किताबें व नोट्स ले जाने की अनुमति नहीं होगी। ओएमआर शीट भरने के लिए नीला या काला बॉल पेन साथ रखें। प्रतिबंधित साधनों का इस्तेमाल करने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। भाषा, विषय या श्रेणी नहीं बदल सकेंगे: प्रवेश-पत्र में दर्ज भाषा, विषय या श्रेणी में बदलाव की अनुमति नहीं होगी। इसलिए परीक्षा से पहले अभ्यर्थी अपने प्रवेश-पत्र में दर्ज विवरण जांच लें। परीक्षा प्राधिकरण को किसी भी चरण में अभ्यर्थी के अपात्र पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है।

अभ्यर्थी इन 9 बातों का रखें ध्यान: हर हाल में प्रवेश-पत्र में दर्ज रिपोर्टिंग समय के अनुसार परीक्षा केंद्र पहुंचें। प्रवेश-पत्र की मुद्रित प्रति और मूल वैध फोटो पहचान पत्र साथ रखें। नीला या काला बॉल पॉइंट पेन लेकर जाएं। ओएमआर शीट पर पहले से मुद्रित विवरण का मिलान करें। दूसरे अभ्यर्थी की ओएमआर शीट मिलने या किसी तरह की गड़बड़ी दिखने पर तुरंत वीक्षक को बताएं। प्रतिबंधित साधनों का इस्तेमाल न करें, ऐसा करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। परीक्षा खत्म होने के बाद ओएमआर शीट की गिनती पूरी होने और वीक्षक की अनुमति मिलने तक कक्ष में ही रहें।

चतरा के सिमरिया में मुआवजे की मांग पर चक्का जाम

रात से ही कोयला ढुलाई ठप; सड़क हादसे में हुई थी एक की मौत, एक घायल

चतराएजेंसी। चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव में ग्रामीण सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर कोयला वाहनों का चक्का जाम कर दिया गया है। यह आंदोलन कल रात 7 बजे शुरू हुआ था और मंगलवार को भी जारी है। ग्रामीणों ने आम राहगीरों और यात्रियों के लिए रास्ता खुला रखा है, लेकिन कोयला ढोने वाले सभी वाहन रोक दिए गए हैं। यह हादसा 19 अक्टूबर को गोवा पेट्रोल पंप के पास हुआ था। एक तेज रफ्तार कोयला वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें बकचोम्मा गांव के शहबाज की मौके पर ही मौत हो गई थी। डाड़ी गांव के शाहबाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग मौके पर पहुंचे जेएलकेएम (छुरूरू) नेता मोहम्मद गुलाम ने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल प्रभाव से उचित मुआवजा दिया जाए, घायल शाहबाज के इलाज का पूरा खर्च सरकार या प्रबंधन वहन करे और कोयला वाहनों के आवागमन के लिए आबादी वाले क्षेत्रों से दूर एक अलग बाईपास सड़क का निर्माण जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने भी दोटूक ऐलान कर दिया है कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय और उचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक इस मार्ग पर कोयला वाहनों का एक इंच भी परिचालन शुरू नहीं होने दिया जाएगा।



संपादकीय

साइबर खतरे की नई आहट, ग्राहकों का डेटा लीक

डार्क वेब पर होने वाली अवांछित गतिविधियां पहले ही वैश्विक स्तर पर एक गंभीर चुनौती बनी हुई थीं। अब उस संजाल में फैले गिरोहों ने जिस तरह बैंकों के डेटा तक पहुंच बनानी शुरू कर दी है, वह दुनिया भर के लिए बेहद चिंता की बात है। इसमें कोई दोराय नहीं कि आधुनिक तकनीक की वजह से दुनिया भर में लोगों की जिंदगी आसान हुई है और इसने बहुस्तरीय विकास को रफ्तार दी है। मगर तकनीक के अद्यतन होते जाने के साथ जैसे-जैसे इसका सार्वजनिक उपयोग एक औपचारिक व्यवस्था का रूप ले रहा है, उसी के समांतर इसके जोखिम भी सामने आ रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआइ के हजारों ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक हो जाने की खबर ने एक बार फिर उस जोखिम की गंभीरता और संवेदनशीलता पर विचार की जरूरत को रेखांकित किया है, जिसकी अनदेखी की जाती रही है।गौरतलब है कि डेटा लीक की खबर आने के पहले एक हैकर गिरोह ने यह दावा किया था कि उसने एसबीआइ के करीब पौने चार लाख ग्राहकों के निजी ब्योरे हासिल कर लिए हैं। इसके बाद बैंक का तंत्र सक्रिय हुआ और उसकी शुरुआती जांच में तीन हजार आठ सौ सत्तानवे ग्राहकों की निजी पहचान से जुड़ी जानकारी डार्क वेब पर मिलने की पुष्टि की गई। जाहिर है, यह साइबर संसार में लगातार खड़ी हो रही चुनौतियों की ही एक कड़ी है, जिसने यह सोचने पर मजबूर किया है कि आधुनिक तकनीक की सुविधा किस हद तक सुरक्षित है और उसके जोखिम का असर कितना गहरा हो सकता है।एसबीआइ के जिन ग्राहकों का डेटा लीक हुआ है, उसमें उनका नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, पता, आधार और कुछ अन्य ब्योरे शामिल हैं। अभी ग्राहकों के खातों पर कोई खतरा होने की बात नहीं कही गई है। हालांकि डेटा लीक होने की चेतावनी मिलने के बाद एसबीआइ ने अपने सुरक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया, सीईआरटी-इन की एक स्वतंत्र साइबर सुरक्षा एजेंसी को जांच का जिम्मा सौंपा। मगर इस बात की क्या गारंटी है कि बैंक का अपना तंत्र जब डेटा को सुरक्षित नहीं रख सका, तो इससे इतर खतरों से वह ग्राहकों को बचा लेगा।

महंगाई थामने के हो रहे गंभीर प्रयास

इसमें कोई संदेह नहीं कि महंगाई का सीधा असर आम आदमी की थाली, घरेलू बजट और बचत पर पड़ता है। खाद्य पदार्थों, ईंधन और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से विशेषकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं, पर केंद्र सरकार कीमतों को स्थिर रखने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रही है।खाद्य महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए सरकार प्याज, दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बढ़ाने और कीमतें नियंत्रित करने के कदम उठाती रही है। नेफेड और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से सस्ती दरों पर आवश्यक वस्तुओं की बिक्री इसका उदाहरण है। जमाखोरी रोकने और बाजार में कृत्रिम कमी पैदा करने वालों पर कार्रवाई के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधान भी महत्वपूर्ण हैं। गरीब परिवारों को राहत देने में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को पांच वर्ष के लिए मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का फैसला कितना कारगर साबित हो रहा है। इस योजना से करोड़ों परिवारों को अपना खाद्य खर्च कम करने में मदद मिली है। इसके अलावा, घरेलू बाजार में वस्तुओं की कमी होने पर सरकार आयात नीति में बदलाव कर आपूर्ति बढ़ाने का प्रयास करती है। महंगाई नियंत्रण में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति भी महत्वपूर्ण है। ब्याज दरों में बदलाव के जरिये मांग और ऋण की लागत को प्रभावित कर महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया जाता है। ब्याज दरों में हालिया बदलाव इसी का संकेत है। वहीं, सरकार खाद्य तेलों और दालों जैसी वस्तुओं के आयात से जुड़े फैसलों के माध्यम से घरेलू बाजार में उपलब्धता बढ़ाने की कोशिश करती है।

दिल्ली-एनसीआर और पूरे देश में प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों के लिए मानक लगातार सख्त किए गए हैं। गाड़ियों के मामले में भी 2017 से 2020 के दरम्यान बीएस-चार से बीएस-छह मानक अपनाए गए। स्वच्छ ईंधन के नियम भी लागू हुए, पर उनके पालन में सख्ती हर जगह एक जैसी नहीं रही।

साफ हवा के लिए सख्ती का समय आया

विवेक चट्टोपाध्याय

हर साल अक्तूबर से फरवरी के बीच, उत्तर भारत की भौगोलिक परिस्थिति और मौसमी दशा वायु प्रदूषण को बदतर बना देती हैं। हवा की गुणवत्ता इतनी खराब हो जाती है कि सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। पंजाब से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैले सिंधु-गंगा के पूरे मैदानी इलाके में जैसे-जैसे तापमान गिरता है और मानसूनी हवाएं लौटती हैं, वैसे-वैसे भारी हवा प्रदूषण को धरती के पास रोकने लगती है। इससे धुआं और हानिकारक उत्सर्जन वायुमंडल में नीचे ही जमा होने लगते हैं और हवा दमघोंटू बन जाती है। नतीजतन, ग्रैप जैसे उपाय अपनाए जाते हैं। इसी बुधवार से दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 की शुरुआत हो गई है। शहर-दर-शहर वायु गुणवत्ता अब चिंता बढ़ाने लगी है। 20 अक्तूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 179, यानी मध्यम श्रेणी में था। बुधवार को यह 244 पर पहुंच गया। हवा की गति कम होने पर अगले 10 से 15 दिनों में प्रदूषण और बढ़ सकता है। फिलहाल आसमान साफ होने, हवा में प्रदूषकों के फैलाव के लिए पर्याप्त ऊंचाई होने और अनुकूल वायु प्रवाह के कारण स्थिति नियंत्रण में है, पर अगले कुछ दिनों तक हवा की गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में ही रहने का अनुमान है। दिल्ली में पीएम 2.5 का सालाना औसत स्तर लगातार खराब बना हुआ है और यह अभी करीब 100 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर है, जो भारत के 40 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के सुरक्षित मानक से काफी अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर इसकी सुरक्षित सीमा महज पांच माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर है। इससे समझा जा सकता है कि प्रदूषण पर काबू पाने में हम कितने पीछे हैं। बेशक, 2021 से 2025 के बीच पीएम 2.5 का वार्षिक औसत स्तर 105 से घटकर 97 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रहा, पर यह अब भी खतरनाक रूप से ऊंचा है। मुश्किल यह है कि हमारा तंत्र वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तभी तत्पर होता है, जब प्रदूषण-स्तर खतरनाक सीमा को पार करने लगता है, जबकि पूर्वानुमान के आधार पर पहले से कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि दिल्ली-एनसीआर के तमाम शहरों-उप-नगरों के बीच बेहतर तालमेल हो। सवाल है कि गंगा के मैदानी इलाकों में वायु प्रदूषण से कैसे निपटा जाए? चूंकि यह भौगोलिक रूप से एक घिरा हुआ क्षेत्र है, इसलिए यहां प्रदूषण से पार पाने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर नीतियां बनानी होंगी। मसलन, अमेरिका के लॉस एंजिल्स ने, जो पहाड़ों से घिरा हुआ क्षेत्र है, उत्सर्जन की निगरानी करके, स्वच्छ ईंधन अपनाकर और तकनीक आधारित क्षेत्रीय नियामक बनाकर धुंध पर काबू पाया। इतिहास गवाह है कि भारी औद्योगिकीकरण के दौर में भी अधिकारियों को कड़े कानून बनाने पड़े थे। जैसे, 1950 के दशक में लंदन में 'पी-सूप' (बहुत घना धुंध) देखा गया था। इससे निपटने के लिए स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा दिया गया और शहरों में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई। एशिया में बीजिंग एक बड़ा उदाहरण है, जहां के उद्योगों पर सख्त नियम लागू किए गए और समग्र प्रयासों से वहां की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया गया। ऐसा नहीं है कि भारत ने प्रयास नहीं किए हैं। दिल्ली-एनसीआर और पूरे देश में प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों के लिए मानक लगातार सख्त किए गए हैं। गाड़ियों के मामले में भी 2017 से 2020 के दरम्यान बीएस-चार से बीएस-छह मानक अपनाए गए। स्वच्छ ईंधन के नियम भी लागू हुए, पर उनके पालन में सख्ती हर जगह एक जैसी नहीं रही। इसी तरह, बिजली संयंत्रों, उद्योगों, कचरा दहन गृहों, घरों में स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल, छोटे औद्योगिक प्रतिष्ठानों और पुरानी गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण की समस्या अब भी बनी हुई है। इनसे निपटने के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर ठोस कार्ययोजना जरूरी है। हमारे पास ऐसे मानक भी होने चाहिए, जिनसे यह पता चल सके कि उत्सर्जन में कितनी कमी आई है, हवा की गुणवत्ता कितनी बेहतर हुई है और स्वास्थ्य पर किस हद तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? जरूरी यह भी है कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का लक्ष्य केवल उन शहरों तक सीमित नहीं रहे, जहां प्रदूषण तय मानक से अधिक है। इसमें सभी शहरों को शामिल करना चाहिए। इसी तरह, हमें केवल उन कारणों पर ध्यान नहीं केंद्रित करना चाहिए, जो आसानी से दिखाई देते हैं, जैसे- पराली जलाना। इसके बजाय प्रदूषण के सभी स्रोतों पर काम करना जरूरी है। अध्ययनों के अनुसार, सर्दियों में पीएम 2.5 प्रदूषण का बड़ा कारण ईंधन का जलना व रासायनिक प्रतिक्रियाओं से बनने वाले सूक्ष्म कण हैं। ठहरी हुई हवा एवं हवा की कम गति के कारण धूल का योगदान करीब 15 प्रतिशत रहता है। दिल्ली में प्रदूषण का लगभग एक-तिहाई हिस्सा शहर के अंदर ही पैदा होता है, एक-तिहाई हिस्सा आसपास के जिलों से और बाकी गंगा के मैदानी क्षेत्रों से आता है। इसीलिए, कार्रवाई दिल्ली तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि पूरे क्षेत्र में होनी चाहिए। पंजाब-हरियाणा में पराली जलाने से उठता धुआं इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिससे सर्दियों में हर साल दिल्ली-एनसीआर का दम घुटता है। यहां अक्सर 'एंटी स्मॉग गन' और पानी के छिड़काव पर जोर दिया जाता है, लेकिन इनसे हवा में नमी तो बढ़ती है, पर ये प्रदूषण पैदा करने वाले सूक्ष्म कणों को खत्म नहीं कर पाते। टूटे हुए डिवाइडर या रास्तों पर मशीनों से सफाई करने पर अक्सर धूल फिर से हवा में उड़ने लगती है, इसलिए सड़कों की मरम्मत, किनारे पर हरियाली और सर्दियों से पहले डामर का काम करना फायदेमंद होगा। रही बात गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण की, तो इसे रोकने के लिए गंगा के पूरे मैदानी क्षेत्र में सख्ती बरतनी होगी। पुराने डीजल ट्रक एक से दूसरे शहर में पहुंच जाते हैं और वहां प्रदूषण फैलाते हैं, इसलिए प्रदूषण जांच केंद्रों की व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। दिल्ली के साथ एक अच्छी बात यह है कि यहां मेट्रो का बड़ा जाल है। इसका विस्तार और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अंतिम छोर तक बढ़ाना प्रदूषण के खिलाफ काफी कारगर प्रयास होगा। जाहिर है, तात्कालिक प्रयास करने के बजाय हमें पूरे साल चलने वाले कदम उठाने होंगे। भौगोलिक रूप से घिरे होना हमारी प्राकृतिक स्थिति है, लेकिन पराली जलाने की घटनाएं घटने और सालाना औसत में मामूली सुधार के बावजूद दमघोंटू हवा में जीना नीतिगत विफलता ही मानी जाएगी।

(लेखक पर्यावरण विज्ञानी, सीएसई)(ये लेखक के अपने विचार हैं)

लद्दाख की ऊंचाइयों तक पहुंच गया पर्यावरण संकट

(पंकज चतुर्वेदी)

हिमालय की गोद में बसे लेह-लद्दाख के विशाल शीत मरुस्थल या हिम-मरु की निर्मल वादियों और पारदर्शी नीले आसमान को दुनिया भर में प्रकृति का एक अद्भुत वरदान माना जाता रहा है। समुद्र तल से लगभग साढ़े ग्यारह हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित इस दुर्गम क्षेत्र को कभी देश के सबसे स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त स्थलों में गिना जाता था। किंतु पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से पर्यटन के अभूतपूर्व विस्तार और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के कारण, लेह का पर्यावरण एक बड़े संकट की चपेट में आ गया है। यहां वायु गुणवत्ता बिगड़ने की सबसे बड़ी वजह सतही ओजोन का खतरनाक स्तर पर होना पाया गया है। ओजोन सीधे उत्सर्जित होने वाला प्रदूषक नहीं है, बल्कि यह एक द्वितीयक प्रदूषक है। लेह में वाहनों, डीजल जेनरेटरों, निर्माण-कार्यों और अपशिष्ट या कचरा जलाने से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनो-ऑक्साइड और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक तेज धूप व गर्मी के समय आपस में प्रकाश-रासायनिक प्रतिक्रिया करके जमीन के ठीक पास जहरीली ओजोन का निर्माण करते हैं। लेह की लगभग 3,500 मीटर की ऊंचाई पर पराबैंगनी विकिरण बेहद तीव्र होता है, जो इन रासायनिक प्रतिक्रियाओं को कई गुना तेज कर देता है। इसके अलावा, ऊंचाई पर ओजोन को नष्ट करने वाली अन्य गैसों की सांद्रता कम होने से यह खतरनाक गैस लंबे समय तक वायुमंडल में बनी रहती है। वैज्ञानिक मॉडलिंग के अनुसार, पूरे हिमालय में ओजोन का 15 से 18 प्रतिशत हिस्सा दक्षिण एशिया से आता है, जबकि 32 से 37 प्रतिशत तक का योगदान अन्य क्षेत्रों से होता है। लेह में इस ओजोन और वायु प्रदूषण के बढ़ने के पीछे मानवीय दबाव और बुनियादी अवसंरचना में भारी वृद्धि का होना भी है। आंकड़ों पर नजर डालें, तो वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों, यानी जनवरी से सितंबर के दौरान ही 4,60,667 पर्यटक लेह पहुंचे, जो वर्ष 2025 के कुल 3,35,872 पर्यटकों से लगभग 37 प्रतिशत अधिक थे। केवल सितंबर 2026 में ही 55,582 पर्यटक पहुंचे, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 60 प्रतिशत से अधिक हैं। लद्दाख टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के तहत पंजीकृत टूरिस्ट टैक्सियों की संख्या छह हजार के पार पहुंच चुकी है, जो पिछले दशक की तुलना में तीन गुना से अधिक है। इसके अतिरिक्त, सीजन के दौरान चार से पांच हजार रेंटल मोटरसाइकिल भी सड़कों पर उतरती हैं। दूरदराज के होटलों में भारी-भरकम डीजल जेनरेटरों का धुआं भी लगातार वातावरण को दूषित कर रहा है। अत्यधिक ऊंचाई होने के कारण लेह में वायुमंडल पहले से ही बहुत पतला है और वहां हवा में ऑक्सीजन का दबाव सामान्य मैदानों की तुलना में काफी कम होता है। जब इस ऑक्सीजन-विहीन हवा में ओजोन और ब्लैक कार्बन जैसे घातक तत्व मिल जाते हैं, तो यह मानव स्वास्थ्य के लिए दोहरा प्रहार बन जाता है। ओजोन एक तीखी और अत्यधिक प्रतिक्रियाशील गैस है, जो सांस लेते ही सीधे फेफड़ों के नाजुक ऊतकों पर हमला करती है। यह फेफड़ों में सूजन, सीने में जकड़न, लगातार खांसी, आंखों और गले में तीव्र जलन उत्पन्न करती है। जिन पर्यटकों या स्थानीय निवासियों को पहले से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या सांस की बीमारियां हैं, उनके लिए यह स्थिति जानलेवा बन सकती है। अधिक ऊंचाई पर शरीर को सामान्य गतिविधियों के लिए भी अधिक ऑक्सीजन चाहिए।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 6256

5			6		7			
	4		3		9	8		
3	7							1
4							3	
6	3		1	2	5		9	4
	1							8
8							7	6
		7	2		6		1	
			5		3			9

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 6255

2	8	9	4	7	5	1	3	6
5	7	6	1	8	3	4	2	9
3	1	4	2	9	6	8	5	7
7	6	2	5	1	8	3	9	4
4	5	1	9	3	2	6	7	8
9	3	8	6	4	7	2	1	5
6	9	7	8	2	1	5	4	3
8	2	3	7	5	4	9	6	1
1	4	5	3	6	9	7	8	2

वर्ग पहेली 6256

1	2	3	4	■	5	6	7
8				9	■	10	
11		■	12			■	
	■	■	■		■	■	
13	14	15	16		17	18	■
				■	20		
	■	21		22	■		■
23			■	24			■

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आह्वान करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, हृदय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, विदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेंड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

संकेत: ऊपर से नीचे

1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

वर्ग पहेली 6255 का हल

रा	ही	मा	सू	म	र	जा	■
ह	रा	र	त	■	वा	त	ज
त	■	को	■	मौ	न	■	क
इं	सा	नी	■	■	गी	द	ड़
दौ	र	■	आ	ला	प	■	ना
री	ना	रा	य	■	ऋ	य	■
■	थ	का	■	जां	■	की	ना
■	■	■	आ	च	म	न	■

आज का राशिफल

मेष

आज खर्चों में संतुलन और बातचीत में धीरज बनाए रखना होगा। पैसों की स्थिति सामान्य रहेगी, लेकिन छोटे-छोटे खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है। तनाव दूर करने या दिखावे के लिए पैसा खर्च करने से बचें। बकाया भुगतानों का सही हिसाब रखने से आपको राहत मिलेगी। कार्यस्थल पर धैर्यपूर्वक संवाद करने से काम आसानी से पूरे होंगे। सहकर्मी आपकी पहल की सराहना करेंगे।

वृष

आज सही हिसाब और काम में निखार आएगा। वित्तीय स्थिति के बारीक आकलन में मदद करेगा। बजट की समीक्षा, खातों की जांच और पुरानी कमियों को सुधारने के लिए दिन अनुकूल है। आज का एक छोटा सा सुधार भविष्य के बड़े खर्चों से बचाएगा। चीजों को व्यवस्थित करने और समस्याओं का हल निकालने की आपकी कला आपको आगे रखेगी।

कर्क

आज सोच-समझकर कदम और नई योजना बनाना होगा। वित्तीय रूप से कुछ नया करने की इच्छा बढ़ा सकता है। हालांकि, कुछ अवसर जितने आकर्षक दिख रहे हैं, शायद उतने व्यावहारिक न हों। पूर्ण जानकारी प्राप्त किए बिना कहीं भी पैसा न लगाएं। दैनिक रूटीन के कामों से मन थोड़ा हट सकता है और कुछ अलग करने की इच्छा होगी।

सिंह

आज जिम्मेदारी का एहसास और रुका काम पूरा होगा। पैसों से जुड़ी पुरानी जिम्मेदारियों को पूरा करने का संकेत दे रहे हैं। किसी पुराने वादे या बजट पर दोबारा विचार करना पड़ सकता है। प्रगति धीमी लग सकती है, लेकिन अनुशासन से कदम बढ़ाने पर स्थिति मजबूत होगी। कार्यस्थल पर त्वरित परिणामों की जगह धैर्य और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होगी।

मिथुन

आज बचत का ध्यान और काम में मजबूती दिखाना होगा। आज अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं को तय करने का अच्छा अवसर है। आप बचत, पारिवारिक खर्चों या किसी बड़ी खरीदारी पर गंभीरता से विचार कर सकते हैं। दूसरों के प्रभाव में आकर जल्दबाजी में निर्णय न लें।

कन्या

आज छुपे खर्चों की जांच और शांत मेहनत रंग लाएगी। पैसों के मामले में मन थोड़ा गंभीर हो सकता है। आपका पूरा ध्यान बचत, सुरक्षा और पुराने लेन-देन पर रहेगा। आज आपको दूसरों को बातें समझाने के बजाय एकाग्र होकर अकेले काम करना अधिक पसंद आएगा।

तुला

आज दिखावे से दूरी और दिशा की समझना होगा। आज वित्तीय सुरक्षा को लेकर विचार बढ़ सकता है। आपकी राशि में सूर्य और केतु की उपस्थिति से आप पुरानी प्राथमिकताओं और खर्चों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। व्यावहारिक सोच अपनाएं और अचानक कोई बड़ा कदम न उठाएं। कार्यस्थल पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

वृश्चिक

आज लेन-देन में संतुलन और मीठी बोली फायदेमंद होगी। आज सुख-सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रहेगा। आकर्षक चीजों पर खर्च करने की इच्छा हो सकती है। तात्कालिक आनंद के स्थान पर वित्तीय संतुलन बनाए रखने को प्राथमिकता दें। व्यावसायिक बातचीत और संवाद के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपकी नम्रता और कूटनीति से पुराने मतभेद सुलझ सकते हैं।

मकर

आज साथियों से लाभ और सही योजना बनाना होगा। आपसी तालमेल और सलाह से वित्तीय मामले सुधरेंगे। किसी अनुभवी व्यक्ति से चर्चा करने पर निवेश या बचत को लेकर सही मार्गदर्शन मिल सकता है। केवल अति-उत्साह में आकर कोई जोखिम न उठाएं। नेटवर्किंग और टीमवर्क से नए रास्ते खुलेंगे। पेशेवर दायरे से मिली कोई जानकारी आगे चलकर बहुत उपयोगी साबित हो सकती है।

कुंभ

आज नियम से बचत और जिम्मेदारी का काम आप इस बात पर विचार करेंगे कि करियर की प्रगति से वित्तीय स्थायित्व कैसे हासिल हो। यह जांचने का सही समय है कि आपकी वर्तमान योजनाएं आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों के अनुकूल हैं या नहीं। धैर्य रखना ही सबसे फलदायी रहेगा।कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, और इसके साथ ही आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। अधिकारी आपके काम करने के तरीके से प्रभावित होंगे।

धनु

आज जल्दबाजी से बचाव और काम की प्राथमिकता रखे। पैसों से जुड़े कई छोटे मामले एक साथ ध्यान खींच सकते हैं। नए अवसरों को लेकर उत्साह रहेगा, लेकिन बिना सोचे-समझे खर्च करने की प्रवृत्ति भी आ सकती है। कहीं भी धन लगाने से पहले विचार अवश्य करें। आपकी संवाद शैली आज बहुत फायदेमंद साबित होगी। बैठकों, फोन कॉल और लिखापढ़ी के कामों में व्यस्तता रहेगी।

मीन

आज लंबे समय की सोच और दफ्तर में सम्मान मिलेगा। भविष्य के लिए बचत बढ़ाने या किसी बड़े खर्च की योजना बनाने का विचार बनेगा। परिवार के साथ पैसों के मुद्दे पर बातचीत से सही समाधान निकलेगा। आपकी समझदारी कार्यस्थल के वातावरण को सहज बनाए रखने में मदद करेगी। कोई सहकर्मी आपसे सलाह या सहयोग मांग सकता है।

संक्षिप्त खबर

जेपी स्मारक के खंडित साइन बोर्ड की मरम्मत नहीं होने पर 24 नवंबर को धरना-सत्याग्रह



खबरों की तह तक
बिहपुर, भागलपुर। गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र, भागलपुर की कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक मंगलवार को प्रकाश चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जेपी सदर अस्पताल परिसर स्थित जेपी स्मारक स्थल के खंडित साइन बोर्ड की मरम्मत नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। समिति ने निर्णय लिया कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर 24 नवंबर को स्मारक स्थल पर धरना-सत्याग्रह किया जाएगा। बैठक में सदस्यों ने बताया कि साइन बोर्ड की मरम्मत के लिए सिविल सर्जन एवं जिला प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। सदस्यों ने इसे ऐतिहासिक स्मारक की गरिमा के प्रति प्रशासनिक उदासीनता बताते हुए जल्द मरम्मत कराने की मांग की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि 1 नवंबर को गांधी शांति प्रतिष्ठान की परामर्शदातृ समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिष्ठान की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बैठक में अरविंद कुमार राम, डॉ. फारूक अली, डॉ. सुनील अग्रवाल, संजय कुमार, वासुदेव भाई, मोहम्मद मंजर आलम, प्यारी देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

26 परिजनों को खोने के बाद भी शाहीन अनवर ने दिया भाईचारे का संदेश

» 1989 के भागलपुर दंगे में मारे गए परिजनों को दी श्रद्धांजलि, गरीबों और जरूरतमंदों को कराया भोजन



खबरों की तह तक
भागलपुर। वर्ष 1989 के भागलपुर दंगे में परिवार के 26 सदस्यों को खोने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता शाह मोहम्मद शाहीन अनवर ने नफरत के बजाय प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश दिया। अपनी मां की बरसी पर उन्होंने कब्रगाह पहुंचकर दिवंगत परिजनों की कब्र पर फातिहा पढ़ी और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गरीबों, जरूरतमंदों और अनाथों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि दीझ। शाहीन अनवर ने कहा कि सांप्रदायिक हिंसा में पूरी इंसानियत हारती है। नफरत किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि प्रेम और भाईचारा ही समाज को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने भागलपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने और सामाजिक सद्भाव मजबूत करने की अपील की।

मंत्री शैलेंद्र के पिता के निधन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जताया शोक



खबरों की तह तक
बिहपुर, भागलपुर। बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधायक इं. शैलेंद्र के पिता डॉ. कुमार नित्यानंद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने फोन पर बात कर शोक संवेदना व्यक्त की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो. गौतम के अनुसार, मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री इं. शैलेंद्र समेत पूरे शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि डॉ. कुमार नित्यानंद सिंह का निधन सोमवार को हो गया था। देर शाम गंगातट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़े पुत्र मंत्री इं. शैलेंद्र और मंझले पुत्र शंभु सिंह की मौजूदगी में छोटे पुत्र कुमार मणि मधुकर ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इनमें जनसुराज नेता पवन चौधरी, वीआईपी नेत्री अर्पणा कुमारी, भाकपा नेता कॉमरेड निरंजन चौधरी, राजद नेता अलखनिरंजन पासवान, संतोष कुमार तिवारी, कांग्रेस नेता मो. इरफान आलम और गौरव कुंवर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

कटोरिया के बुढ़वा बांध पोखर से 70 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद:पोस्ट मार्टम के लिए बांका भेजा



खबरों की तह तक
कटोरिया/बांका। कटोरिया थाना क्षेत्र के बुढ़वा बांध स्थित पोखर से मंगलवार को एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के तुलसीवरण गांव निवासी शिव उर्फ शिवा दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वृद्ध घर से शौच के लिए निकले थे। इसी दौरान बुढ़वा बांध स्थित पोखर में डूबने से उनकी मौत होने की आशंका जताई जा रही है। आशंका है कि पोखर के पास पैर फिसलने के कारण वे पानी में गिर गए होंगे। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर कटोरिया थाना के अनि नारायण बैठा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया। फिलहाल इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं कटोरिया पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

दिव्यांग दंपती हत्याकांड: न्याय के लिए एसोसिएशन ने उठाई आवाज, आंदोलन की चेतावनी

♦ मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ देने की मांग



खबरों की तह तक
भागलपुर/नवगछिया। नवगछिया के इस्माइलपुर प्रखंड अंतर्गत हटिया गांव में दिव्यांग रंजन कुमार मंडल और उनकी पत्नी किरण देवी की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज ने आवाज उठाई है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा 'कवि जी', राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद और बिहार प्रदेश आरटीआई प्रभारी मुकेश कुमार महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली।
संगठन ने बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन से मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सुरक्षा और सभी पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की।
एसोसिएशन ने बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत नियमानुसार करीब 2.50 लाख से सात लाख रुपये तक की सहायता दिलाने की मांग की। इसके अलावा, लागू प्रावधानों के अनुसार आपदा प्रबंधन विभाग से चार लाख रुपये और श्रम संसाधन विभाग से पात्रता के आधार पर दो लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई।
संगठन ने पारिवारिक लाभ योजना के तहत नियमानुसार सहायता, शौचालय की सुविधा, अंत्योदय राशन योजना का लाभ और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की भी मांग की। मृतक दंपती की ढाई वर्षीय बच्ची को पात्रता के अनुसार स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ने तथा परिवार और बच्ची की सुरक्षा के लिए आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

न्याय नहीं मिला तो होगा आंदोलनः हरदेव प्रसाद

एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद ने कहा कि दिव्यांग दंपती की हत्या की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना और उनकी ढाई वर्षीय बच्ची के भविष्य को सुरक्षित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।
उन्होंने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की मांग की। साथ ही, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, आवास, सुरक्षा और सभी पात्र सरकारी योजनाओं का लाभ जल्द उपलब्ध कराने की अपील की।
हरदेव प्रसाद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा उनकी मांगों पर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की, तो दिव्यांगजन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।
इस मौके पर संगठन के प्रदेश समन्वयक सह जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम, जिला अध्यक्ष सुभातोष कुमार झा,जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सारजन, जिला सचिव आदित्य कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अंकित कुमार सहित गुड्डू कुमार, सुनील कुमार, मोहम्मद आफताब, बीरबल मंडल, आशीष कुमार, सुमन कुमार, राम कुमार, शंभू सिंह, नटवर कुमार, मोहम्मद साजिद और आशीष हरिजन समेत बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे।

अरवल पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 285 लीटर विदेशी शराब के साथ पांच गिरफ्तार, कार और बाइक जब्त



खबरों की तह तक
अरवल/हर्षित बबलू। बिहार में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए अरवल पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में अरवल थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित शराब तस्करी के मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लगभग 285 लीटर विदेशी शराब के साथ एक स्विफ्ट डिजायर कार, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 की रात अरवल थाना पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान टाटा मोटर शोरूम की गली के पास पुलिस को देखकर दो-तीन युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक युवक प्रेम शंकर कुमार को पकड़ लिया, जबकि दो व्यक्ति भागने में सफल रहे। पूछताछ के दौरान विदेशी शराब की आपूर्ति के संबंध में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार, जिसका पंजीकरण नंबर BR39K-3512 है, के साथ सतीश कुमार पांडेय और सुकेश कुमार को पकड़ा। वहीं, स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के साथ शत्रुघ्न यादव उर्फ लक्की यादव को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, सुकेश कुमार की निशानदेही पर असलानपुर कुटिया गांव निवासी रंजीत कुमार के घर से शराब बरामद की गई। वहीं, लक्की यादव की निशानदेही पर मखदुमपुर कुटिया स्थित उसके निर्माणाधीन मकान में छापेमारी कर विदेशी शराब जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपितों में प्रेम शंकर कुमार, रंजीत कुमार, सतीश कुमार पांडेय, सुकेश कुमार और शत्रुघ्न यादव उर्फ लक्की यादव शामिल हैं। जब्त शराब में बीयर तथा विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब शामिल है। इस मामले में अरवल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक इतिहास का भी पता लगा रही है। छापेमारी दल में अरवल थाना के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

बांका में नशा मुक्त बिहार अभियान को लेकर बैठक, चार साप्ताहिक थीम पर होंगे जागरूकता कार्यक्रम



खबरों की तह तक
कटोरिया/बांका। नशा मुक्त बिहार अभियान के मासिक कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों को अभियान के तहत निर्धारित साप्ताहिक थीम के अनुसार चरणबद्ध तरीके से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यक्रमों का समयबद्ध और प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नशामुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता पैदा की जा सके। अभियान के प्रथम सप्ताह की थीम 'नगर निकाय' निर्धारित की गई है। इसके तहत शहरी क्षेत्रों, विभिन्न वार्डों और नगर निकायों में विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। माइकिंग और जन-संवाद के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। द्वितीय सप्ताह की थीम 'ग्राम संकल्प' रखी गई है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं का आयोजन कर लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। इसके अलावा प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा छोड़ने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाएगा।
तृतीय सप्ताह की थीम 'युवा जोश' के तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल मैदानों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं, मैराथन, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
चौथे सप्ताह की थीम 'पर्व एवं परिवार' निर्धारित की गई है। इसके तहत पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। त्योहारों के दौरान नशामुक्त वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही पूरे महीने आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।
बैठक में संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित थीम के अनुरूप कार्यक्रमों का संचालन करें और आपसी समन्वय बनाए रखें। अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त बिहार के संकल्प को मजबूत बनाना है।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा रवि महाअभियान को लेकर किसानों को दिया प्रशिक्षण



खबरों की तह तक
कटोरिया/बांका। प्रखंड स्थित कृषि विभाग के सभागार में मंगलवार को कृषि विभाग की ओर से रवि महाअभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें किसानों को रबी फसलों की खेती, उन्नत कृषि तकनीक और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रबी मौसम में बेहतर उत्पादन के लिए जागरूक करना तथा कृषि विभाग की योजनाओं से अवगत कराना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कृषि वैज्ञानिक डा. रवि रंजन, सीओ दिव्य प्रकाश, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, कृषि समन्वयक कृष्ण विनय गोपाल, बीटीएम नवीन कुमार सहित अन्य किसान मौजूद थे। अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को खेती में वैज्ञानिक पद्धति अपनाने, उन्नत बीजों के चयन तथा फसलों की बेहतर देखभाल के महत्व से अवगत कराया। किसानों को रबी मौसम में समय पर बुआई करने, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने के प्रति जागरूक किया। साथ ही कृषि विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ उठाने और खेती से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए कृषि अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने भी खेती से जुड़ी समस्याओं और बेहतर उत्पादन के उपायों पर जानकारी प्राप्त की। कृषि विभाग की ओर से किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

डिस्लेक्सिया जागरूकता माह पर निकाली गई प्रभात फेरी



खबरों की तह तक
वीरपुर (बेगूसराय)। वीरपुर प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में मंगलवार को डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्लोगन लिखी तख्तियों, पेंटिंग और ड्राइंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने 'तुलना नहीं, समझ चाहिए; कमियां नहीं, हौसला चाहिए' जैसे नारों से समान अवसर का संदेश दिया।प्राथमिक विद्यालय नौला मुसहरी में प्रधान शिक्षिका कविता कुमारी ने कहा कि डिस्लेक्सिया से प्रभावित बच्चों को पढ़ने-लिखने में कठिनाई हो सकती है, लेकिन उनकी प्रतिभा कम नहीं होती। ऐसे बच्चों को धैर्य, सहयोग और प्रोत्साहन देने की जरूरत है। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरमौली के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। उन्होंने बच्चों को प्रभावित सहपाठियों के प्रति संवेदनशील रहने और उनकी मदद करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

हजरत नुनुआ शाह पीर का सालाना उर्स श्रद्धा के साथ संपन्न



खबरों की तह तक
बिहपुर, भागलपुर। बिहपुर रेलवे अस्पताल के पीछे स्थित मजार परिसर में सोमवार की रात हजरत नुनुआ शाह पीर रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। एक दिवसीय उर्स का समापन देर रात करीब तीन बजे हुआ। इस मौके पर बिहपुर सहित आसपास के गांवों से दोनों समुदायों के बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे और चादरपोशी, नियाज-फातिहा एवं पूजा-अर्चना कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। मजार के सेवादार सुबोध पासवान ने बताया कि हजरत नुनुआ शाह पीर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। उर्स के अवसर पर मजार परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। कई जायरीन सपरिवार पहुंचे, जबकि कुछ लोग गाजे-बाजे के साथ मजार पर हाजिरी लगाने आए। उर्स का आयोजन नवगछिया पुलिस जिला स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की महिला सेल की अध्यक्ष माया देवी के संयोजन में किया गया। आयोजन की व्यवस्था में मनोज राय, मंटू राय, सच्चिदानंद, नित्यानंद, अनिल, राजेश उर्फ पोलर और कैलाश पासवान सहित अन्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, यह मजार और यहां आयोजित होने वाला सालाना उर्स सर्वधर्म सद्भाव और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यहां दोनों समुदायों के लोग एक साथ पहुंचकर श्रद्धा व्यक्त करते हैं। यह परंपरा क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करती है।

आगामी त्योहार सीजन के लिये प्रशासन और पुलिस एलर्ट मोड में:डीएम के निर्देश पर अवैध पटाखा निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरूद्ध सख्ती



खबरों की तह तक
बांका। जिला पदाधिकारी, बांका के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक, बांका द्वारा दीपावली, कालीपूजा एवं छठ महापर्व के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में अवैध पटाखा निर्माण करने वाली फैक्ट्रियों, दुकानों एवं गोदामों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। जारी संयुक्त आदेश के तहत जिले के सभी प्रखंडों में जांच दल गठित किए गए हैं। संबंधित प्रखंडों में प्राधिकृत दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित छापेमारी एवं निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। जांच के दौरान अवैध रूप से पटाखा निर्माण, भंडारण एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध विधि-सम्मत त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा पर्व-त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

महान गांधीवादी डॉ एसएन सुब्बा राव की पुण्यतिथि मनाई गई



खबरों की तह तक
पटना। महान गांधीवादी विचारक भारत के युवाओं के प्रेरणास्रोत और राष्ट्रीय युवा योजना के जनक डॉ. एसएन सुब्बा राव की पुण्यतिथि प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। फाउंडेशन परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डॉ. सुब्बा राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं और गणमान्य लोगों ने उनके बताए अहिंसा, सत्य और युवा शक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि डॉ. सुब्बा राव ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र निर्माण और युवाओं को दिशा देने में लगा दिया। उनके गांधीवादी विचार आज भी युवाओं के लिए प्रासंगिक हैं। मौके पर देवानंद कुमार, दिलीप कुमार, नीतीश कुमार, सुनील कुमार, जितेंद्र पांडेय समेत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा स्वयसेवक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

वृहद कृषि जनकल्याण-सह चौपाल सह खेत बचाव अभियान के तहत चौपाल का आयोजन



खबरों की तह तक
कटोरिया/बांका। सोमवार को कृषि जन कल्याण चौपाल- सह- खेत बचाव अभियान के तहत आज बौंसी प्रखंड के कसबा मंदार पंचायत में किसान चौपाल का आयोजन किया गया।खेतों के मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण, प्राकृतिक खेती के प्रचार - प्रसार एवं किसानों को आधुनिक एवं समेकित कृषि तकनीकों से अवगत करने के उद्देश्य से कृषि जन कल्याण चौपाल- सह- खेत बचाव अभियान ,2026 का आयोजन देशभर में किए जाने की शुरुआत की गई है। इस अभियान के मध्यम से किसानों को खेती की नयी तकनीक , कृषि प्रबंधन से जुड़ी हुई विशेष जानकारी, मौसम अनुकूल खेती, दलहन एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देने एवं फसल विविधिकरण के प्रति जागरूक किया जाना है। बौंसी प्रखंड में आयोजित इस चौपाल का संयोजन सहायक निदेशक (रसायन), बाँका डॉ. कृष्ण कांत ने किया। उन्होंने बताया कि खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को विशेष रूप से मृदा प्रबंधन एवं प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया जाना है ।साथ ही साथ उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड ,फसल बीमा , डिजिटल एग्रीकल्चर एवं उर्वरकों के संतुलित व्यवहार की जानकारी एवं प्रशिक्षण किसानों को दिया जाएगा। यह कार्यक्रम विभिन्न पंचायतों में कृषि कल्याण चौपाल के मध्यम से तीस नवंबर तक चलेगा। बौंसी प्रखंड में आयोजित चौपाल में बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भाग लिया । जिसमें मुख्य रूप से महिला किसानों ने भाग लिया।
इस जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाव अभियान का मुख्य उद्देश्य है, मिट्टी जांच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में बताए गए अनुशंसा के अनुरूप उर्वरकों उपयोग करना , साथ ही साथ रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव से उन्हें अवगत करवाना और प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पंचायत में125 किसान द्वारा एक क्लस्टर बनाकर प्राकृतिक खेती की जा रही है ,जिसमें मूल रूप से महिला किसान ही सक्रिय हैं। प्रति किसान सरकार की और से प्रतिबंध 2000 रुपए भी उन्हें सहयोग राशि के रूप में दिया जाता है। हर 125 किसान अथवा एक क्लस्टर पर दो जीविका दीदी की बहाली की गई है ,जिन्हें सरकार पाँच हज़ार रुपए महीने सहयोग राशि देती है। ये कृषि सखी के रूप में काम करती है तथा किसानों के बीच रखकर उन्हें चौपाल एवं बैठक के माध्यम से प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों से अवगत कराती हैं। जन कल्याण चौपाल सह खेत बचाव अभियान के द्वारा किसानों को कृषि विभाग के द्वार चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं उन योजनाओं में की गई व्यवस्था से अवगत कराना है। रबी मौसम में लगाए जाने वाले फसलों में कीट-व्याधि नियंत्रण, इसमें लगने वाले प्रकोप को कम करने के उद्देश्य किसानों को सूचना एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। फल-फूल सब्जी की खेती तथा जलवायु अनुकुल कृषि कार्यक्रम आदि के बारे में विशेष रूप से तकनीकी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी आज के कार्यक्रम में कार्यक्रम के संयोजक सहायक निदेशक (रसायन) डॉ॰ कृष्ण कांत के द्वार बताए गया कि जिले में पूर्व से नौ क्लस्टर बनाकर प्राकृतिक खेती करवाई जा रही है। हर क्लस्टर में125 किसान निबंधित है। इन किसानों को विभिन्न माध्यम से प्राकृतिक खेती इसे एवं प्राकृतिक रूप से उपादान के निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य। कार्ड का भी वितरण किया गया। साथ ही साथ उन्हें जैव उत्पाद केंद्र का भ्रमण करवाकर वर्मिकपोस्ट , जीवामृत इत्यादि बनाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। सहायक निदेशक रसायन डॉ कृष्ण कांत ने बताया कि इस क्षेत्र में महिला किसानों द्वारा सब्जी की खेती की जा रही है और विभाग उन्हें इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दे रहा है एवं जैविक उत्पाद की बिक्री हेतु बाज़ार की उपलब्धता के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। स्थानीय जैव उत्पाद केंद्र के संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्राकृतिक खेती कर उसका लाभ उठा रहे हैं।इस अवसर पर जिला से प्रखंड कृषि पदाधिकारी, (जैविक) आदर्श सहनी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी (मृदा विश्लेषण) शालिनी प्रिया एवं वंदना कुमारी ने भी किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी दी।

सड़क दुर्घटना में घायल मुनीचक निवासी रजनीश की इलाज के दौरान मौत, मचा कोहराम



खबरों की तह तक
वीरपुर। वीरपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी मुनिचक निवासी 25 वर्षीय रजनीश कुमार की मंगलवार को बेगूसराय सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सदर अस्पताल बेगूसराय में पोस्टमार्टम उपरांत एंबुलेंस से शव गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।जानकारी के अनुसार, रजनीश 21 अक्टूबर को अपने दो साथियों के साथ मुंगेर में दुर्गा पूजा का मेला देखने बाइक से गया था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दोनों साथी भी जख्मी हो गए। रजनीश का विभिन्न निजी अस्पताल में इलाज के बाद बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। रजनीश दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता वीरपुर प्रखंड के एक सरकारी विद्यालय में शिक्षक हैं।

संक्षिप्त खबर

पटना में AIMIM का राज्यस्तरीय अधिवेशन, संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर मंथन





खबरों की तह तक

पटना। राजधानी पटना के होटल सिटी सेंटर में मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) का वार्षिक सम्मेलन सह राज्यस्तरीय अधिवेशन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बिहार प्रदेश अध्यक्ष एवं अमौर विधायक अख्तरुल ईमान के साथ पार्टी के विधायक और राज्य के विभिन्न जिलों से आए नेताओं ने भाग लिया। अधिवेशन में संगठन को मजबूत बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों और आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने संगठनात्मक गतिविधियों और राज्य में पार्टी की भूमिका से जुड़े विषयों पर विचार रखे। सम्मेलन में शामिल नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने तथा आम लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए जोकीहाट के विधायक मो. मुर्शिद आलम ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम में पार्टी के अन्य विधायकों और नेताओं ने भी भागीदारी की। सम्मेलन के दौरान पार्टी की सांगठनिक स्थिति, जनसमस्याओं को लेकर आगे की पहल और आगामी राजनीतिक गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पटना में आयोजित इस राज्यस्तरीय अधिवेशन को पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श के अवसर के रूप में देखा गया।

दुष्प्रचार से सतर्क रहें, तथ्यों की जांच के बाद ही करें विश्वास : मंत्री डॉ.दिलीप जायसवाल



खबरों की तह तक

पूर्णिया। बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को पूर्णिया के वनभाग स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं, राजनीतिक दुष्प्रचार और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर अपनी बात रखी। मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनमत निर्माण का एक प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। ऐसे में सूचनाओं की सत्यता की जांच किए बिना उन्हें साझा करना समाज में भ्रम और अनावश्यक तनाव पैदा कर सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी खबर, वीडियो या राजनीतिक दावे पर विश्वास करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच करें। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ महीनों में सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और उसकी नीतियों को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों की राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक विरोध तथ्यों और जिम्मेदार संवाद पर आधारित होना चाहिए।उन्होंने कथित विदेशी प्रभाव और फंडिंग से जुड़े मुद्दों का भी उल्लेख किया तथा कहा कि ऐसे मामलों में तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर निष्पक्ष जांच एवं चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को बनाए रखने के लिए सभी राजनीतिक दलों एवं नागरिकों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती जनता की जागरूकता, विवेकपूर्ण निर्णय और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। सोशल मीडिया के दौर में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अफवाहों से बचे और सत्यापित जानकारी को ही महत्व दे।उन्होंने यह भी बताया कि दुष्प्रचार के मुद्दे पर जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए भाजपा एवं एनडीए की ओर से आगे जनसंपर्क और संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। नवंबर में पूर्णिया में प्रस्तावित कार्यक्रम के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात जनता के बीच रखने की योजना है। कार्यक्रम की तिथि एवं विस्तृत रूपरेखा की आधिकारिक घोषणा के बाद जानकारी साझा की जाएगी। अंत में मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन सामाजिक शांति, आपसी विश्वास और देशहित सर्वोपरि रहने चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार से सतर्क रहें तथा समाज में सकारात्मक, तथ्यपरक और जिम्मेदार संवाद को बढ़ावा दें।

चौसा में डिस्लेक्सिया को लेकर जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई प्रभातफेरी



खबरों की तह तक

उदाकिशुनगंज/मधेपुरा। उदाकिशुनगंज अनुमंडल के कन्या मध्य विद्यालय चौसा समेत विभिन्न विद्यालयों द्वारा राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के आदेशानुसार डिस्लेक्सिया को लेकर जागरूकता अभियान के तहत प्रभातफेरी निकाली गई और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के इस कार्यक्रम का मकसद सीखने में दिक्कत वाले बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके समर्थन के लिए लोगों को प्रेरित करना था।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन के नेतृत्व में छात्राओं ने प्रभात फेरी में हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और आम लोगों को डिस्लेक्सिया के बारे में जागरूक करना था। पेंटिंग प्रतियोगिता से छात्रों ने अपनी कला के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। श्रीसुमन ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को परिभाषित किया गया है। इनमें विशिष्ट अधिगम अक्षमता (एसएलडी) भी शामिल है।डिस्लेक्सिया इसी का एक प्रकार है।इससे प्रभावित बच्चों को पढ़ने, लिखने और भाषा समझने में कठिनाई हो सकती है।उन्होंने जोर दिया कि बच्चों और अभिभावकों को इस बारे में जागरूक करना जरूरी है। इससे ऐसे बच्चों को पढ़ाई में सही मदद मिलेगी और वे अपनी प्रतिभा को भी निखार पाएंगे।डिस्लेक्सिया बीमारी नहीं, बल्कि लर्निंग डिसऑर्डर है। उन्होंने कहा कि नए तरीकों से बच्चों को सिखाया जा सकता है, इसलिए उन्हें सहयोग की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रतिभा गुप्ता, बिंदु कुमारी, शुभम कुमारी, प्रीति कुमारी, रेहाना खातून, उमेश प्रसाद यादव, हनन मंसूरी, अमरजीत कुमार समेत दर्जन छात्राएं शामिल थी।

शाहनवाज हुसैन के बेटे अरबाज के रिसेप्शन में शामिल हुए सीमांचल के इकलौते भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह



खबरों की तह तक

अररिया/नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन के पुत्र अरबाज खान के शाही रिसेप्शन समारोह में बिहार के सीमांचल क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व देखने को मिला। अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह और भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव ने समारोह में शामिल होकर नवदंपती अरबाज खान और अफशां को वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। हरियाणा के कांग्रेस विधायक अकरम खान की बेटी अफशां के साथ अरबाज खान का निकाह दिल्ली में संपन्न हुआ। निकाह के बाद आयोजित भव्य स्वागत समारोह में भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और अन्य गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में राजनीतिक सीमाओं से परे आपसी संबंधों और सामाजिक सद्भाव की झलक देखने को मिली। सीमांचल के भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह की मौजूदगी इस समारोह के राजनीतिक और सामाजिक महत्व के लिहाज से उल्लेखनीय रही। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव ने भी समारोह में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों नेताओं ने नवदंपती को बधाई देते हुए उनके सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। शाहनवाज हुसैन के परिवार की खुशियों में शरीक होने के लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां पहुंचीं। समारोह में वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के साथ उद्योग जगत, मीडिया और फिल्म जगत की हस्तियों की मौजूदगी भी रही। भव्य सजावट, संगीत की व्यवस्था और मिथिलांचल के पारंपरिक खानपान ने आयोजन को खास बनाया। अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह और भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव की सहभागिता ने समारोह में सीमांचल की उपस्थिति को रेखांकित किया। ऐसे पारिवारिक आयोजन विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक हस्तियों को एक-दूसरे से मिलने तथा आत्मीय संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। शाही रिसेप्शन खुशियों, आपसी सम्मान और मेहमाननवाजी के माहौल में संपन्न हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने अरबाज खान और अफशां को नए जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर वर्ल्ड पीस हार्मोनी के चेयरमैन जनाब हाजी शकील सैफी भी मौजूद थे।

शाहनवाज हुसैन के बेटे अरबाज के रिसेप्शन में जुटीं सियासत की बड़ी हस्तियां, हाजी शकील सैफी भी हुए शामिल



खबरों की तह तक

नई दिल्ली। राजनीति की अलग-अलग विचारधाराओं और दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर रिश्तों की आत्मीयता, आपसी सम्मान और खुशियों का खूबसूरत संगम उस वक्त देखने को मिला, जब पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन के पुत्र अरबाज खान के विवाह के उपरांत आयोजित भव्य शाही रिसेप्शन में देश की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। हरियाणा के कांग्रेस विधायक अकरम खान की बेटी अफशां के साथ अरबाज का निकाह दिल्ली में संपन्न हुआ। इसके बाद आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिरकत कर नवदंपती को शुभकामनाएं दीं। इस भव्य समारोह में वर्ल्ड पीस हार्मोनी के चेयरमैन जनाब हाजी शकील सैफी भी शामिल हुए। उन्होंने शाहनवाज हुसैन और उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर अरबाज और अफशां को नई जिंदगी की शुरुआत के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। हाजी शकील सैफी ने इस अवसर को पारिवारिक खुशियों के साथ-साथ आपसी स्नेह, सद्भाव और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करने वाला यादगार आयोजन बताया। समारोह में वर्ल्ड पीस हार्मोनी के यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब हमजा सैफी और चर्चित युवा कारोबारी जनाब रिजवान सैफी भी मौजूद रहे। तीनों ने विभिन्न विशिष्ट अतिथियों से मुलाकात की और नवदंपती के सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।
रिसेप्शन में राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक, औद्योगिक, मीडिया और फिल्म जगत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी चर्चा का विषय रही। समारोह में मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य और विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति ने इसे खास बना दिया।
शाही रिसेप्शन में मेहमानों के स्वागत और आतिथ्य-सत्कार की विशेष व्यवस्था की गई थी। संगीत की समुचित व्यवस्था के साथ मिथिलांचल के पारंपरिक खानपान ने समारोह को अलग पहचान दी। पारिवारिक आत्मीयता, मेहमाननवाजी और उत्सवी माहौल के बीच लोगों ने नवदंपती को बधाई दी। हाजी शकील सैफी की मौजूदगी ने इस अवसर पर सामाजिक सद्भाव और आपसी संबंधों की अहमियत को भी रेखांकित किया। समारोह ने यह संदेश दिया कि पारिवारिक खुशियों के अवसर पर राजनीतिक मतभेदों से परे मिलना-जुलना और एक-दूसरे की खुशियों में शरीक होना भारतीय सामाजिक परंपरा की खूबसूरती है।

गहरी बात पर बात धारावाहिक लघुकथा-15

विश्वास की कसौटी और रहस्यों का नया मोड़

खबरों की तह तक



सविता चौधरी, दरभंगा

रात भर अनामिका की आँखों में नींद नहीं थी। अनजान नंबर से आए संदेश ने उसके मन में कई सवाल खड़े कर दिए थे। अरुण पर उसका विश्वास वर्षों पुराना था, लेकिन अब पहली बार उसे लगा कि शायद उनके रिश्ते के बीच कोई ऐसा सच छिपा है, जिससे वह पूरी तरह अनजान है। सुबह चाय की मेज पर अरुण ने उसकी ओर देखते हुए कहा, अनामिका, मैं जानता हूँ कि तुम्हारे मन में बहुत सारे सवाल हैं। लेकिन मैं चाहता हूँ कि तुम मुझसे हर सवाल पूछो। रिश्ते संदेह से नहीं, बातचीत और विश्वास से मजबूत होते हैं। अनामिका ने उसकी आँखों में देखते हुए पूछा, अगर मुझे पता चले कि तुमने मुझसे कोई ऐसी बात छिपाई है, जिससे मेरे सपनों को नुकसान पहुँचा, तो क्या मैं तुम्हें पहले की तरह अपना समझ पाऊँगी? अरुण कुछ क्षण शांत रहा। फिर बोला, "हर सच आसान नहीं होता, लेकिन सच से भागना भी सही नहीं है। समय आने पर तुम्हें हर सवाल का जवाब मिलेगा।" उसका उत्तर अनामिका को संतुष्ट नहीं कर पाया। दोपहर में नीलिमा का फोन आया। उसने बताया कि पुराने पुस्तकालय में मिलने के लिए भेजे गए पत्र की लिखावट एक पुराने साहित्यिक कार्यक्रम के दस्तावेजों से मिलती-जुलती है। उन दस्तावेजों में एक ऐसे व्यक्ति का नाम था, जो कभी अनामिका की कहानियों की खूब प्रशंसा करता था। यह सुनकर अनामिका चौंक गई। वह व्यक्ति कोई और नहीं, बल्कि उसका पुराना मार्गदर्शक देवेंद्र था, जिसने शुरुआती दिनों में उसकी लेखनी को पहचानने का दावा किया था। शाम को अनामिका और नीलिमा पुराने पुस्तकालय पहुँचीं। वहाँ एक वृद्ध व्यक्ति पहले से उनका इंतजार कर रहा था। उसने अनामिका को एक बंद लिफाफा देते हुए कहा, तुम्हारी कहानी किसी और के नाम से प्रकाशित होने के पीछे केवल लालच नहीं, बल्कि एक पुराना हिसाब भी है। अनामिका ने काँपते हाथों से लिफाफा खोला। अंदर एक पुरानी तस्वीर थी, जिसमें देवेंद्र के साथ अरुण और विवेक सिन्हा खड़े थे। तस्वीर के पीछे लिखा था—इन तीनों में से एक तुम्हारे सपनों का गुनहगार है, लेकिन दूसरा तुम्हें सच तक पहुँचाने की कोशिश कर रहा है। अनामिका की नजरें तस्वीर पर ठहर गईं। अब सवाल केवल विश्वास का नहीं था, बल्कि उन रिश्तों का था, जिनकी सच्चाई उसके सामने धीरे-धीरे खुल रही थी। क्या अरुण सचमुच निर्दोष था, और देवेंद्र के अतीत में ऐसा कौन-सा रहस्य छिपा था, जो अनामिका की जिंदगी बदल

उत्सवों के बाद कचरे का अंबार रोकने के लिए 'डस्टबिन कल्चर' जरूरी : राकेश कुमार



खबरों की तह तक

अररिया। त्योहारों और धार्मिक आयोजनों की भव्यता के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता देनी होगी। उत्सव समाप्त होने के बाद सड़कों, पूजा-पंडालों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरे का अंबार लगना गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए आम लोगों में 'डस्टबिन कल्चर' विकसित करना और कचरे के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। यह कहना है विज्ञान शिक्षक सह पर्यावरण चिंतक राकेश कुमार का। राकेश कुमार ने कहा कि दुर्गापूजा, दीपावली, छठ, सरस्वती पूजा और अन्य धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में बड़ी संख्या में लोग जुटते हैं। ऐसे आयोजनों के दौरान प्लास्टिक की प्लेटें, थर्मोकोल के बर्तन, खाद्य पदार्थों के अवशेष और सजावटी सामग्रियों से बड़ी मात्रा में कचरा उत्पन्न होता है। आयोजन के बाद इसका उचित निस्तारण नहीं होने से सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलती है और पर्यावरण प्रदूषण का खतरा बढ़ता है। पर्यावरण चिंतक राकेश कुमार ने कहा कि थर्मोकोल और कई प्रकार के प्लास्टिक प्राकृतिक परिस्थितियों में आसानी से विघटित नहीं होते। ये नालियों को जाम करने के साथ मिट्टी और जलस्रोतों को भी प्रदूषित कर सकते हैं। खुले में कचरा जलाने से हानिकारक प्रदूषक निकलते हैं। इसलिए आयोजनों में प्रतिबंधित एकल-उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के साथ पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने स्टील के बर्तनों, पुनःप्रयोग योग्य प्लेटों, कपड़े की सजावट और अन्य टिकाऊ सामग्रियों के इस्तेमाल पर जोर दिया। इससे कचरे की मात्रा कम करने के साथ संसाधनों की बचत भी की जा सकती है। राकेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक पूजा-पंडाल, मेला परिसर और सार्वजनिक आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान उपलब्ध कराए जाने चाहिए। गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने से उसके निस्तारण में आसानी होगी। फूल-पत्तियों और खाद्य पदार्थों के जैविक अवशेषों से कम्पोस्ट बनाया जा सकता है, जबकि कागज, गत्ता, कांच और धातु जैसी सामग्रियों को पुनर्चक्रण के लिए भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयोजन समितियों को कार्यक्रम से पहले ही कचरा प्रबंधन की कार्ययोजना बनानी चाहिए। इसमें कूड़ेदानों की व्यवस्था, सफाईकर्मियों की तैनाती और आयोजन समाप्त होने के बाद परिसर की सफाई शामिल होनी चाहिए। स्थानीय निकायों को भी कचरे के नियमित संग्रह और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। राकेश कुमार के अनुसार, स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल प्रशासन या सफाईकर्मियों तक सीमित नहीं है। इसमें आम नागरिकों, दुकानदारों, आयोजन समितियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी भी जरूरी है। विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। राकेश कुमार ने कहा कि उत्सवों की वास्तविक सफलता तभी है, जब उनकी खुशियों के साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। प्रत्येक नागरिक 'मेरा कचरा, मेरी जिम्मेदारी' के संकल्प को अपनाए और डस्टबिन के इस्तेमाल को अपनी आदत बनाए। इससे उत्सवों के बाद गंदगी की समस्या कम होगी और स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में मदद मिलेगी।

♦ हरिहर साहा महाविद्यालय में विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन

विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान और बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्राथमिकता : प्रधानाचार्य



खबरों की तह तक

उदाकिशुनगंज। हरिहर साहा महाविद्यालय, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा में माह के चतुर्थ मंगलवार को विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अनुमंडल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार घोष की अध्यक्षता तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं विद्यार्थी सहयोग शिविर के नामित नोडल पदाधिकारी प्रो. (डॉ.) जवाहर पासवान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी सरवर मेहदी ने किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री पंकज कुमार घोष ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, परिश्रम एवं लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशामुक्त बिहार अभियान के अंतर्गत उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) जवाहर पासवान ने कहा कि वे महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। छात्र-छात्राओं की किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थी सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री सागर कुमार, महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अरुण कुमार साह, डॉ. अजय कुमार, डॉ. विश्वजीत प्रकाश, डॉ. अमित कुमार मिश्रा एवं डॉ. नागेश्वर दास सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक तथा कर्मचारी रणधीर कुमार, अजय कुमार सिंह, चंदन, पिंटू, विकास, हिमांशु, अमरजीत, सोनू,पूरन एवं ललन आदि उपस्थित रहे।

शख्सियतः निःस्वार्थ सेवा और करुणा का एक अद्भुत उदाहरण हैं संजय

खबरों की तह तक



पटना। मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया। उक्त शेर बिहार राज्य के मधेपुरा जिले के चौसा प्रखंड निवासी सामाजिक कार्यकर्त्ता संजय कुमार सुमन पर सटीक हो बैठता है। पिछले 34 सालों से निःस्वार्थ सेवा और करुणा का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका जीवन समाज के सबसे वंचित वर्गों, बेसहारा जीवों और ज़रूरतमंदों की मदद के लिए समर्पित है।जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य का निर्धारण और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जोश, जुनून का होना बहुत जरूरी होता है। कठोर, मेहनत, परिश्रम और जुनून के साथ किए जाने वाले कार्य का परिणाम भी सकारात्मक रहता है। ऐसा ही कर दिखाया है मधेपुरा जिला के चौसा प्रखंड के समाजसेवी सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने। धरती को हरा-भरा बनाना और भविष्य को सुरक्षित बनाना ही उनके जीवन का अध्याय बना हुआ है। परिवार,समाज,कार्यक्षेत्र और जीवन की अनेक मुश्किलों और संघर्षों के बावजूद ये न डिके हैं और ना ही लक्ष्य से विचलित हुए हैं। यह न केवल वर्षों से पौधारोपण कर रहे हैं, बल्कि पौधों की देखभाल बच्चों की तरह कर उनको बढ़ाने में भी जुटे हुए हैं। इनकी ओर से लगाए गए पौधे अब घने वृक्ष व सघन वन का रूप ले चुके हैं। वर्षों से पौधारोपण एवं उनकी देखभाल उनके जीवन का अभिन्न अंग बना हुआ है।
श्री सुमन पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनका यह जुनून केवल बातों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके कार्यों में स्पष्ट झलकता है। अब तक 5000 से अधिक पौधे लगाए हैं, जिससे न केवल हरियाली बढ़ी है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला है।लोग इनके प्रकृति प्रेम से प्रेरणा भी ले रहे हैं।उनका सेवाभाव केवल मनुष्यों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे पशु-पक्षियों के प्रति भी गहरी करुणा रखते हैं।
श्री सुमन ब्लड कैंप का आयोजन भी किया है, और अस्पतालों में ज़रूरत पड़ने पर मरीज़ों के लिए रक्त की व्यवस्था भी करते हैं और स्वयं रक्तदान भी करते हैं। कोविड-19 जैसी महामारी के दौरान भी उन्होंने स्लम क्षेत्रों में मास्क,साबुन,हैंड सैनिटाइज़र का वितरण किया, जिससे संकटग्रस्त लोगों को बड़ी राहत मिली। ठंड के दिनों में समाज के लोगों के बीच जाकर कंबल एवं चादर का लगातार वितरण कर रहे हैं। समय-समय पर गंदी एवं कूड़े कचरे से भरे सड़क पर सफाई अभियान भी चलाया है और चलाते रहें हैं। यह कार्य उनके अदम्य साहस और मानवता के प्रति गहरे प्रेम को दर्शाता है।उनके निस्वार्थ कार्यों के लिए सौ से अधिक समाज सेवा अवार्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है, जो उनके व्यापक प्रभाव और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वे समाज के सबसे कमज़ोर वर्गों के लिए एक मजबूत सहारा बन गए हैं।इनका जीवन, उनका समर्पण और समाज के प्रति उनका सेवा भाव यह साबित करता है कि एक व्यक्ति भी अपनी लगन और दूसरों की मदद करने के जज़्बे से कितना बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकता है। वे सही मायने में आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं।
संजय कुमार सुमन का जीवन यह दर्शाता है कि कैसे एक व्यक्ति, अपने समर्पण, करुणा और निरंतर प्रयासों से, समाज के हर वर्ग में उम्मीद की किरण जगा सकता है। उनका कार्य हमें सिखाता है कि सच्ची सेवा में कोई सीमा नहीं होती, और हर जीव के प्रति हमारा कर्तव्य है।श्री सुमन एक सम्मानित और श्रेष्ठ शिक्षक, एक कुशल प्रशासक और एक समर्पित समाज सेवक हैं। उनका जीवन ज्ञान की अथाह गहराई, प्रकृति के प्रति प्रेम और समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है।ये एक शिक्षक ही नहीं बल्कि एक युवा वक्ता, लेखक, कवि, मोटिवेशनल स्पीकर और समर्पित समाज सेवक भी हैं।कला, संस्कृति और साहित्य के प्रति उनका गहरा लगाव है, और वे इन क्षेत्रों का उपयोग समाज सेवा के लिए करते हैं। अपनी विजनरी सोच के माध्यम से, वे समाज में परिवर्तनशील दृष्टिकोण रखते हैं और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के प्रति हमेशा जागरूक करते रहते हैं।
इनकी कहानी एक ऐसी प्रेरणा है जो यह सिखाती है कि शिक्षा और दृढ़ संकल्प के साथ, एक व्यक्ति कैसे समाज में बड़े पैमाने पर बदलाव ला सकता है। उनका जीवन वंचितों की सेवा और युवाओं को सही मार्ग दिखाने के लिए एक 'प्रकाश स्तंभ' के समान है, जो अनगिनत लोगों को बेहतर भविष्य की ओर प्रेरित कर रहा है।

राज्यपाल ने इन्फैंट्री दिवस पर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

खबरों की तह तक

पटना। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर बिहार रेजिमेंटल सेंटर, दानापुर में पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा में अपने प्राणों का आहूति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान की गौरवशाली परंपरा को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि 27 अक्टूबर, 1947 को भारतीय सेना की पहली टुकड़ी हवाई मार्ग से श्रीनगर पहुँची थी। इस अभियान ने कश्मीर को कबायली हमलावरों से बचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 कुमाऊं बटालियन के मेजर सोमनाथ शर्मा की वीरता को याद करते हुए कहा कि बाँह में फ्रैक्चर होने के बावजूद उन्होंने बहादुरी से दुश्मनों का मुकाबला किया और देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। राज्यपाल ने इन्फैंट्री दिवस को वीरता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया।

के पी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा को अंतरराष्ट्रीय लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड



खबरों की तह तक

मुरलीगंज (मधेपुरा)। केपी कॉलेज, मुरलीगंज के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार झा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान हासिल कर जिले और बिहार का मान बढ़ाया है। श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित सातवें वर्ल्ड एनवायरनमेंट समिट में उन्हें प्रतिष्ठित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और शिक्षा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। समिट में भारत समेत श्रीलंका, मालदीव, बांग्लादेश और दुबई सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों, हाई कमीशन के अधिकारियों तथा पर्यावरणविदों ने भाग लिया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास से जुड़े विषयों पर विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। आयोजकों के अनुसार, डॉ. अशोक कुमार झा के लंबे समय से किए जा रहे कार्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया। श्रीलंका यूनिवर्सिटी की ओर से प्रदान किए गए इस पुरस्कार को उनकी शैक्षणिक एवं सामाजिक उपलब्धियों की महत्वपूर्ण पहचान माना जा रहा है। डॉ. झा को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने की खबर से केपी कॉलेज, मुरलीगंज सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कॉलेज परिवार और स्थानीय लोगों ने इसे मुरलीगंज तथा मधेपुरा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि इस तरह के सम्मान से क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। डॉ. अशोक कुमार झा की इस उपलब्धि से कॉलेज की प्रतिष्ठा को भी नई पहचान मिली है।

संक्षिप्त खबर

बैंक से रुपये निकालकर लौट रही युवती से झपट्टा मारकर 40 हजार की छिनतई

ख़बरों की तह तक

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत धमौल बाजार में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से रुपये निकालकर घर लौट रही एक युवती से झपट्टा मारकर रुपये से भरा थैला छीनने का मामला सामने आया है। हालांकि, मौके पर गश्त कर रही धमौल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित को खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से 26 हजार रुपये बरामद किए हैं। बताया जाता है कि पड़रिया निवासी मो. जाकिर हुसैन की पुत्री नुसरत जहां मंगलवार को धमौल स्थित पीएनबी शाखा से 40 हजार रुपये निकालकर घर लौट रही थी। इस दौरान बैंक से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक युवक ने झपट्टा मारकर रुपये से भरा थैला छीन लिया। थैले में नकदी के अलावा एक एंड्रॉयड मोबाइल, बैंक पासबुक और आधार कार्ड भी था। थैला छीनने के बाद युवती ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग दौड़ पड़े। इसी बीच गश्त कर रही धमौल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान धमौल बाजार के बढ़ई मोहल्ला निवासी मो. मुन्ना अंसारी के पुत्र मो. फरहान के रूप में हुई है। धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में पीड़िता की ओर से थाने में आवेदन दिया गया है। आरोपी के पास से 26 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस मामले में अग्रेतर कार्रवाई कर रही है।

सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोकसभा आयोजित

ख़बरों की तह तक

पकरीबरावां (नवादा)। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक मो. मकसूद आलम के निधन पर विद्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। उनके निधन की खबर सुनकर प्रभारी प्रधानाध्यापिका कांति देवी, पूर्व प्रधानाध्यापक डॉ.रविन्द्र कुमार, शिक्षक शंभु कुमार, उषा पाल, अमोला कुमारी, उषा सिंह, उषा कुमारी, सुभाष कुमार, उमेश प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, रमेश कुमार, मो. सोहराब कुरैशी आदि उनके घर राईस पहुंचकर परिवार वालों से मुलाकात की। शिक्षकों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मारपीट के आरोप में युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

ख़बरों की तह तक

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां पुलिस ने मारपीट के आरोप में प्रखंड मुख्यालय निवासी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे नवादा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अबगिल गांव में किशोरी की हत्या में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

ख़बरों की तह तक

नरहट (नवादा)। नरहट थाना क्षेत्र के अबगिल गांव में 16 वर्षीय किशोरी की गला घोंटकर हत्या किए जाने के मामले में मृतका के पिता सुनील प्रसाद ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के बाद पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने और इसमें शामिल व्यक्ति की पहचान करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले में पूछताछ के लिए तीन युवकों को हिरासत में लिया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, किशोरी की हत्या के पीछे की वजह और घटना में शामिल व्यक्ति के संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। अनुसंधान के बाद ही घटना से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा हो सकेगा।

डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता को छात्राओं ने निकाली रैली



ख़बरों की तह तक

पकरीबरावां (नवादा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय की छात्राओं ने मंगलवार को डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली निकाली। प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी की देखरेख में आयोजित इस अभियान के दौरान छात्राओं ने विभिन्न जागरूकता नारों से लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर बीआरसी पहुंची। इसके बाद छात्राएं पुनः विद्यालय लौट आईं। अभियान के माध्यम से लोगों को डिस्लेक्सिया के प्रति जागरूक करने तथा इससे प्रभावित बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को समझने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिक्षक सनोज पासवान, आशीष कुमार, श्रवण कुमार, जाहिद अनवर, प्रियंका कुमारी, रानी कुमारी, साहिबा बानो, पूनम कुमारी, अनुपमा कुमारी, स्वीटी कुमारी, सलोनी कुमारी, निभा कुमारी, पूजा कुमारी, रात्रि प्रहरी गुपेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

बंगाल से बिहार जा रही बस पर सवार युवक के पास से शराब बरामद,प्राथमिकी दर्ज

ख़बरों की तह तक

रजौली (नवादा)। रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने बंगाल से बिहार जा रही एक यात्री बस पर सवार एक युवक के पास से एक बोतल विदेशी शराब बरामद किया है। यह कार्रवाई उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में उत्पाद एएसआई शिव प्रसाद सिंह ने की है। उत्पाद अधीक्षक नवादा गणेश चंद्रा ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी बीच पश्चिम बंगाल से आ रही एक बस को रोककर जांच किए जाने पर सवार एक युवक के पास से मैकडॉवेल रम के 750 एमएल का एक बोतल बरामद किया गया।

नगर मध्य विद्यालय, नवादा में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ख़बरों की तह तक



नवादा। नवादा जिला मुख्यालय स्थित नगर मध्य विद्यालय, नवादा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के तत्वावधान में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत पैन इंडिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), 2012 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना तथा शिक्षकों को बाल सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित प्रशिक्षण के लिए तैयार करना था।
कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं प्रमुख विधिक अधिकारी प्रथम अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (ACJM-1), नवादा, सुष्मिता कुमारी रहीं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश चंद्र चौधरी ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की थीम 'जागरूकता, सुरक्षा और संरक्षण—हर बचपन का अधिकार' तथा 'हर बच्चे का बचपन हम सबकी जिम्मेदारी है' रही। इस अवसर पर बच्चों की सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों तथा किसी भी प्रकार के शोषण से बचाव के उपायों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अपने संबोधन में सुष्मिता कुमारी ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट, 2012 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में रहने, अपनी बात रखने तथा किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध न्याय प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने बच्चों को विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, न्यायालय में अपनी बात रखने के अधिकार तथा पुलिस थानों में बच्चों से संबंधित मामलों को संवेदनशीलता के साथ सुनने एवं उन पर कार्रवाई करने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी अनुचित घटना की जानकारी विश्वसनीय वयस्क अथवा संबंधित प्राधिकार को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री मुकेश चंद्र चौधरी की सराहना करते हुए विद्यालय की व्यवस्था एवं विधिक जागरूकता के प्रति सकारात्मक पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर इंटर विद्यालय, आंती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने साइबर सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बच्चों को इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन संपर्क के प्रति सतर्क रहने तथा अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करने के महत्व से अवगत कराया।
वहीं, प्राथमिक विद्यालय, शाहपुर की प्रधान शिक्षिका निकिता भारती ने बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बारे में सरल और सहज तरीके से समझाया। उन्होंने बच्चों को अपने शरीर की सुरक्षा, अनुचित व्यवहार को पहचानने तथा ऐसी स्थिति में बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बाल सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बच्चों को जरूरत पड़ने पर सहायता लेने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने भी भाग लिया। मंच संचालन की जिम्मेदारी प्रियंका कुमारी एवं रविशंकर कुमार ने निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं अलका कुमारी, जुली कुमारी एवं श्रुति शर्मा तथा शिक्षक अनिल कुमार एवं साकेत कुमार उपस्थित रहे।

नशामुक्त बिहार अभियान के तहत माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का केएलएस कॉलेज में हुआ सीधा प्रसारण, दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

ख़बरों की तह तक

नवादा। मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के कर-कमलों द्वारा नशामुक्त बिहार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की उपस्थिति में केएलएस कॉलेज, नवादा के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। शपथ के माध्यम से सभी ने किसी भी प्रकार के नशीले अथवा मादक पदार्थ का किसी भी रूप में और किसी भी उद्देश्य से सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही, नशीले पदार्थों से संबंधित सरकार द्वारा निर्धारित सभी कानूनों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा जीवन में सदैव स्वस्थ एवं सकारात्मक मूल्यों को अपनाने की शपथ ली गई।इसके साथ ही दुष्प्रभावों के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने अपने परिवार, मित्रों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों तथा संपर्क में आने वाले अन्य लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार का सपना तभी पूर्ण हो पाएगा, जब हम नशे से दूर रहें।उन्होंने कहा कि 'नशामुक्त बिहार अभियान' को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, चौपाल और पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाएं।नशामुक्ति के इस पूरे अभियान में हम सब सहभागी बनें।
कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, गोपनीय शाखा प्रभारी, उत्पाद अधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद नवादा, प्राचार्या, केएलएस कॉलेज, नवादा सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

वासंतिक महाअभियान सह कृषक प्रशिक्षण का भव्य आयोजन, कार्यक्रम का शुभारंभ एवं परिचय

ख़बरों की तह तक



रजौली (नवादा)। रजौली प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कृषि कार्यालय रजौली में मंगलवार को वासंतिक (रबी महोत्सव) महाअभियान सह कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार , प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा एवं अध्यक्ष प्रखंड किसान सलाहकार समिति के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का मंच संचालन कृषि समन्वयक चंदन कुमार द्वारा किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित किसानों को संतुलित आहार, संतुलित उर्वरक का उपयोग तथा जीरो टिलेज से गेहूं की बुआई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजौली इन्द्रजीत कुमार ने किसानों को मिट्टी जांच, बिहार कृषि ऐप एवं कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रखंड उद्यान पदाधिकारी आशुतोष कुमार द्वारा उद्यान विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी योजनाओं का लाभ किसानों को उठाने तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने का विशेष सुझाव दिया। कार्यक्रम के दौरान भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेषु कुमार एवं डॉ. अभय कुमार द्वारा पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी द्वारा सहकारिता विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी साझा की गई। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार रंजन ने आत्मा के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जैसे - राज्य के अंदर प्रशिक्षण, परिभ्रमण, राज्य के बाहर कृषक परिभ्रमण एवं प्रशिक्षण, किसान मेला इत्यादि के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस रबि महोत्सव कार्यक्रम में पंचायती राज पदाधिकारी हरिमोहन कुमार, तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार, पुजा कुमारी, कृषि समन्वयक शंभू कुमार, राकेश कुमार, रंधीर राम, राजेश रंजन, सहित किसान सलाहकार विजय प्रसाद, मनोज कुमार, राजीव कुमार, संजय प्रसाद, अनिल कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में दूर-दराज से आए किसान उपस्थित रहे।

बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई, 03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण

ख़बरों की तह तक



नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने मंगलवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत कुल 09 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 03 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया। प्रस्तुत द्वितीय अपीलवादों में विनीता आर्य द्वारा नाली-गली योजना के संबंध में, हारून रशीद द्वारा दाखिल-खारिज के संबंध में, अमीर हमजा द्वारा जमाबंदी से संबंधित मामलों में ऑनलाइन द्वितीय अपील दायर की गई थी। संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन भेजे जाने के उपरांत आज शिकायतों की सुनवाई की गई।
बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम, 2015 के तहत किसी भी मामले की सुनवाई कर दो माह के भीतर उसका निवारण किया जाता है। प्रखंड स्तर पर पंचायतों से संबंधित विवादों एवं समस्याओं के समाधान हेतु अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर एवं रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकता है, जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिनी ओर स्थित लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों की सुनवाई एवं निवारण दोनों पक्षों को बुलाकर किया जाता है तथा इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है और आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। अब शिकायतों का निवारण और भी आसान हो गया है तथा नागरिक ऑनलाइन भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। आप भी बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समय-सीमा के भीतर समाधान प्राप्त करें।

काशीचक के चंडीनावां के शिवनारायण ने बैडमिंटन में जीता गोल्ड मेडल, क्षेत्र का नाम किया रोशन

ख़बरों की तह तक



काशीचक (नवादा)। काशीचक प्रखंड अंतर्गत चंडीनावां गांव निवासी शिवनारायण ने बैडमिंटन की प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता-पिता, गांव और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। शिवनारायण की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर परिजनों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मिली जानकारी के अनुसार, शिवनारायण बिहार के औरंगाबाद स्थित मिडिल स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। विद्यालय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद उसका चयन प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। वहां अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि से शिवनारायण ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो केवल उचित अवसर, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की। भारत सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन प्रखंड स्तर पर किया जाता है।
इसके बाद जिला और प्रमंडल स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलता है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने का मौका मिल सकता है। इसी क्रम में शिवनारायण ने अपने खेल कौशल और मेहनत के दम पर प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उसकी इस सफलता को क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। शिवनारायण की खेल प्रतिभा को देखते हुए जुलाई माह में सरकार द्वारा संचालित एकलव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भी उसका चयन हुआ था। चयन के बाद से वह वहां रहकर खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी कर रहा है। खेल और शिक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए शिवनारायण लगातार अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उसकी इस उपलब्धि से परिवार के सदस्यों में विशेष उत्साह है। शिवनारायण के पिता रामकृपाल सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे की सफलता पर गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवनारायण भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ेगा तथा एक दिन देश का नाम रोशन करेगा। शिवनारायण के गोल्ड मेडल जीतने की खबर मिलने के बाद स्थानीय लोगों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामप्रवेश कुमार उर्फ लुलु, सकलदेव सिंह, देवव्रत कुमार, कांग्रेस नेता सतीश कुमार, मंटन सिंह तथा जिला परिषद सदस्य सुनैना देवी , रंजन सनराइज पब्लिक स्कूल निर्देशक मनीष रंजन सहित अन्य लोगों ने शिवनारायण की उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि चंडीनावां गांव के इस होनहार खिलाड़ी ने बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीतकर काशीचक प्रखंड को गौरवान्वित किया है। उसकी सफलता से गांव के अन्य बच्चों और युवाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। शिवनारायण की सफलता इस बात का उदाहरण है कि मेहनत, लगन और सही प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चे भी खेल की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। बैडमिंटन में गोल्ड मेडल जीतकर उसने अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि शिवनारायण आगे भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करेगा और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर काशीचक, नवादा और बिहार का नाम रोशन करेगा। उसकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को होगा 30वां जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026

ख़बरों की तह तक

नवादा। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि जिले की युवा प्रतिभाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को के.एल.एस. कॉलेज, नवादा में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के प्रथम दिन, 29 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:00 बजे उद्घाटन सत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस दिन समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, दूसरे दिन 30 अक्टूबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता तथा दोपहर 01:00 बजे कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में अपराह्न 04:00 बजे सम्मान समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं, सहायक स्टाफ की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

नवादा रॉयल्स की टीम ने नवादा राइडर को हराया जिला क्रिकेट



ख़बरों की तह तक

नवादा। क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में हरिशचंद्र स्टेडियम में खेले जा रहे नवादा प्रीमियर लीग के तीसरे मुकाबले में आज नवादा राइडर का मुकाबला नवादा रॉयल्स के बीच हुआ जिसमें नवादा राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102पर ऑल आउट हो गई। नवादा राइडर्स की कप्तान बल्लेबाज आदर्श पांडे 50 रन बनाए, इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज रन बनाने में सफल नहीं हुए। रॉयल्स के गेंदबाज प्रिंस में दो अजीत अपने नाम की इस लक्ष्य का विचार करने का टीम में 104 रन बनाकर मैच को जीत लिया अपने शानदार 39 रन अमन ने देश जब योगेश पटेल ने 12 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया और नवादा रॉयल्स ने इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया आज के मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले अजीत कुमार को जिला खेल पदाधिकारी रवि कुमार एवं जिला क्रिकेट संघ के सचिव राकेश कुमार ने मैन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी दी।

गयाजी में डिजिटल पत्रकारों का सम्मान,आईजी विकास वैभव ने नवादा के वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार को भी किया सम्मानित

ख़बरों की तह तक



गयाजी। बिहार के गया जी स्थित मानपुर के रसूलपुर रिसोर्ट में रविवार को लेट्स इंस्पायर बिहार के तत्वावधान में सोशल मीडिया एवं डिजिटल पत्रकारों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन लेट्स इंस्पायर बिहार के प्रणेता, चर्चित आईपीएस अधिकारी एवं मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पत्रकारों सहित बिहार के विभिन्न प्रमुख डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े पत्रकारों को सम्मानित किया। समारोह में सम्मान प्राप्त करना डिजिटल पत्रकारों के लिए गौरव और सुखद अनुभव रहा। इस दौरान आईजी विकास वैभव ने नवादा के चर्चित वरिष्ठ पत्रकार एवं आईरा इंटरनेशनल रिपोर्टर्स एसोसिएशन के बिहार प्रदेश सचिव सुनील कुमार को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें मंच से सम्मानित किया साथ हीं नवादा से गए पत्रकार अमन सिन्हा इलू ,उदय कुमार भारती ,विजय कुमार ,सोनू कुमार , उदय सिन्हा ,मनोज यादव ,सचिन कुमार को भी विशेष रूप से सम्मानित किया । डिजिटल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के कार्यों की सराहना करते हुए आईपीएस श्री वैभव ने कहा कि संगठन जिस तरह संगठित और संयमित होकर कार्य कर रहा है,उससे डिजिटल पत्रकारिता का भविष्य काफी उज्ज्वल नजर आता है। वहीं, लेट्स इंस्पायर बिहार के यूथ चैप्टर से जुड़े किशलय किशोर ने भी मंच से डिजिटल पत्रकारों को सम्मानित किया। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की दुनिया में सोशल मीडिया की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गई है। लोगों की पहचान और उनकी पहुंच में सोशल मीडिया का अहम योगदान है। इस सम्मान समारोह ने डिजिटल पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारों के योगदान को पहचान देने के साथ ही पत्रकारों के बीच संगठन, सकारात्मकता और जिम्मेदार पत्रकारिता के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े पत्रकारों एवं बड़े प्लेटफॉर्म के मीडिया चैनलों के संवादाता एवं फोटोग्राफर की उपस्थिति रही।

जूट बोरों की बढ़ती कीमतों पर ओंकार सिंह चिंतित,अधिकारियों से की मुलाकात

ख़बरों की तह तक



नरहट (नवादा)। जूट बोरों की लगातार बढ़ती कीमतों और इससे सरकारी खजाने पर पड़ने वाले संभावित अतिरिक्त वित्तीय बोझ को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के युवा प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह ने चिंता जताई है। उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात कर मामले की समीक्षा करने और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।
मुलाकात के दौरान ओंकार सिंह ने कहा कि जूट के बोरे खाद्यान्नों की पैकेजिंग, सरकारी खरीद और भंडारण व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनकी कीमतों में लगातार वृद्धि से सरकारी खरीद एजेंसियों का खर्च बढ़ सकता है, जिससे सरकारी बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका है। उन्होंने कीमतों में वृद्धि के कारणों और मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

किसानों और श्रमिकों के हितों पर भी जोर

ओंकार सिंह ने कहा कि जूट उद्योग लाखों किसानों, श्रमिकों और व्यापारियों की आजीविका से जुड़ा है। इसलिए ऐसा संतुलित समाधान जरूरी है, जिससे जूट किसानों को उचित मूल्य मिले, श्रमिकों के हित सुरक्षित रहें और सरकारी संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हो सके।
उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस मुद्दे को केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के समक्ष भी उठाएंगे। मंत्री से जूट बोरों की कीमतों में वृद्धि की समीक्षा कराने और सरकारी खजाने पर संभावित अतिरिक्त वित्तीय बोझ कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाने का आग्रह करेंगे। ओंकार सिंह ने उम्मीद जताई कि वस्त्र मंत्रालय इस मामले पर गंभीरता से विचार करेगा और सभी संबंधित पक्षों के हितों को ध्यान में रखते हुए व्यावहारिक समाधान निकालेगा।

सिरदला में 11 नवंबर को होगा 72वां राघो महतो मेमोरियल विराट दंगल, विजेता पहलवान को मिलेंगे 31 हजार रुपये

ख़बरों की तह तक

सिरदला (नवादा)। जय जर्रा बाबा के जयघोष के बीच सिरदला में 72वें स्व. राघो महतो मेमोरियल विराट दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 11 नवंबर 2026, बुधवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता सिरदला हाई स्कूल के पीछे, सिरदला वन कार्यालय के समीप स्थित जर्रा पहाड़ी पर आयोजित होगी। आयोजन को लेकर पहलवानों और कुश्ती प्रेमियों में उत्साह है।
आयोजकों के अनुसार, इस विराट दंगल में बिहार सहित कई राज्यों के नामी पहलवान अपनी कुश्ती का दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला पहलवानों के लिए अलग-अलग पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं।


पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये

पुरुष पहलवानों के प्रथम विजेता को 31 हजार रुपये तथा उपविजेता को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये और उपविजेता को रजत पदक मिलेगा। वहीं, तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये तथा उपविजेता को रजत पदक प्रदान किया जाएगा।

महिला पहलवानों के लिए भी पुरस्कार

महिला पहलवान वर्ग में विजेता को 11 हजार रुपये दिए जाएंगे, जबकि उपविजेता को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के संरक्षक समाजसेवी बिनोद कुमार हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के खेलप्रेमियों और आम लोगों से दंगल में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाने तथा आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

जरमनप्रीत ने संन्यास की अटकलों को नकारा



नई दिल्ली। भारतीय हॉकी डिफेंडर जरमनप्रीत सिंह ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है, हालांकि ऐसी खबरें हैं कि हॉकी इंडिया 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों के तहत चार वरिष्ठ खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से टीम से बाहर करने की तैयारी कर रही है। जारमनप्रीत का नाम उन चार खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना है जिन्हें टीम से बाहर किया जा सकता है, यह एक आश्चर्य की बात है, क्योंकि कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना था कि 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कम से कम लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक खेलने के लिए पर्याप्त प्रदर्शन किया है।

विंग-बैक के रूप में उन्होंने अपनी भूमिका में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो उच्च परिश्रम, आक्रामक क्षमता और रक्षात्मक अनुशासन का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करते हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली टीम के सदस्य रहे इस डिफेंडर ने पीटीआई को बताया कि वह भारत के लिए खेलना जारी रखना चाहते हैं और लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। जरमनप्रीत, मनदीप सिंह, अमित रोहिदास और नीलाकांता शर्मा सहित कई वरिष्ठ खिलाड़ी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए अपना अंतिम मैच खेल सकते हैं। 'मैं खेलना जारी रखना चाहता हूं और लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं,' जरमनप्रीत ने पीटीआई को बताया। हॉकी इंडिया कथित तौर पर लॉस एंजिल्स 2028 को ध्यान में रखते हुए टीम में धीरे-धीरे बदलाव करने की योजना बना रही है।

जर्मनप्रीत का मूल्य

जारमनप्रीत को लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक टीम में बनाए रखने का उनका दावा उस भूमिका से और मजबूत होता है जिसे उन्होंने अपने पूरे करियर में बखूबी निभाया है। भारत ने विंग-बैक के तौर पर कई अन्य खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन 30 वर्षीय जारमनप्रीत की कार्यकुशलता, आक्रमण में योगदान और रक्षात्मक कौशल का मेल कुछ ही खिलाड़ी कर पाए हैं। इन्हीं खूबियों के चलते वे मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के पसंदीदा खिलाड़ी बन गए थे और जारमनप्रीत का नाम अक्सर टीम में शीर्ष पर होता था। पिच के दोनों छोर पर योगदान देने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय टीम का अहम हिस्सा बना दिया है, और इसी वजह से उन्हें टीम से बाहर करने की संभावना पूर्व खिलाड़ियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। जारमनप्रीत ने 171 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और वह पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे। उनके नाम दो एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक भी हैं, क्योंकि वह 2022 और 2026 में खिताब जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे। अर्जुन पुरस्कार विजेता का मानना है कि एक डिफेंडर के रूप में उनका विकास जारी है और वह अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने के बजाय उन सुधारों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने अपने रक्षात्मक कौशल को बेहतर बनाने, अच्छे अवसर पैदा करने और टीम के प्रदर्शन में योगदान देने की कोशिश की है। मैं एक डिफेंडर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों पर काम करना जारी रखूंगा और आगे सुधार करने का प्रयास करूंगा।'

जर्मनप्रीत की नज़रें अधिनियम के शीर्षक पर हैं

पांच बार की चैंपियन और एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम भारत इस टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। लेकिन जरमनप्रीत ने आत्मविश्वास में कमी न आने की चेतावनी देते हुए कहा कि एशियाई खेलों में हालिया सफलता के बावजूद टीम को हर मैच में उतनी ही तीव्रता से खेलना होगा। उन्होंने कहा, 'हमने हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है, और हम यहां भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। लेकिन हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते, हालांकि भारत हॉकी में एक मजबूत टीम है।' उन्होंने आगे कहा, 'हम पूरी ताकत के साथ खेल रहे हैं और एशिया की नंबर एक टीम हैं, लेकिन हम किसी भी प्रतिद्वंदी को कम नहीं आंकेंगे। हम टूर्नामेंट में एक-एक मैच पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

आईपीएल 2027 से पहले सीएसके ने उठाया बड़ा कदम

एल्बी मोर्कल को सौंपी अहम जिम्मेदारी



नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स यानी सीएसके ने बड़ा ऐलान किया है। कभी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी से चेपॉक के मैदान पर टीम की की कई जीतों में अहम यादगार देने वाले साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर एल्बी मोर्कल को अपने साथ जोड़ा है। एल्बी मोर्कल ष्ट्रस्थ में अब कोचिंग की भूमिका में नजर आएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2027 से पहले मोर्कल को अपना असिस्टेंट कोच नियुक्त किया है। टीम के नए हेड कोच पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान हैं। उन्हें हाल ही में इस पद पर नियुक्त किया गया। मोर्कल आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 से ही चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े रहे हैं। वह 2013 तक इस फ्रेंचाइजी के लिए खेले और इस दौरान टीम के अहम खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने सीएसके की जर्सी में कुल 92 मुकाबले खेले। इस दौरान टीम ने 2010 और 2011 में लगातार दो बार आईपीएल खिताब जीते।

आईसीसी इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के स्क्वाड का ऐलान

विकेटकीपर-बल्लेबाज को मिली टीम की कमान



पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी PCB ने आईसीसी वूमेन्स इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। 29 साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज मुनीबा अली पाकिस्तान की नियमित कप्तान फातिमा सना की गैरमौजूदगी में टीम की कमान संभालेंगी। फातिमा सना वूमेन्स बिग बैश लीग में शिरकत करने के कारण आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगी।

इस साल दूसरी बार संभालेंगी टीम की कमान - इस साल यह दूसरा मौका है जब मुनीबा, सना की जगह कप्तान की भूमिका निभाएंगी। जुलाई में श्रीलंका दौरे के दौरान, जब सना द हंड्रेड टूर्नामेंट में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेल रही थीं, तब मुनीबा ने ही पाकिस्तान टीम की कप्तानी की थी। व्यक्तिगत कारणों से एशियन गेम्स में न खेल पाने के बाद मुनीबा अली अब वूमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में वापसी करेंगी। 2025 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद पाकिस्तान पहली बार इसमें हिस्सा लेगा।

आयशा जफर को बनाया गया उप-कप्तान -बल्लेबाज आयशा जफर को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, जबकि एशियन गेम्स में खेलने वाली टीम से ऑलराउंडर आलिया रियाज और तेज गेंदबाज हुमना बिलाल को बाहर कर दिया गया है। सना के अलावा, 14 सदस्यीय टीम वही है जो एशियन गेम्स से पहले वूमेंस एशिया कप में खेली थी।

अभिषेक शर्मा ने की सूर्यकुमार यादव की बराबरी

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में अभिषेक शर्मा ने सूर्यकुमार यादव, फिल साल्ट जैसे बल्लेबाजों की बराबरी कर ली है। इन सभी ने टी20 इंटरनेशनल में 4-4 शतक लगाए थे। वहीं अभिषेक भी अब तक 4 शतक लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में अभिषेक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल और रोहित शर्मा से पीछे हैं। इन दोनों ने टी20 इंटरनेशनल में 5-5 शतक लगाए हैं। अभिषेक जल्द ही इन दोनों बल्लेबाजों के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं।

भारत ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी20 में रौंदा

80 गेंदों में हासिल किया 199 रन का टारगेट



वेलिंग्टन ।वेलिंग्टन में खेले गए तीसरे टी20 मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया इस सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुकी है। अब यहां से टीम इंडिया की नजरें क्लीन स्वीप पर होंगी। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 198 रन बनाए थे। 199 रन के टारगेट को भारत ने अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर 13.2 ओवर (80 गेंदों) में आसानी से हासिल कर लिया।

अभिषेक ने जड़ा तूफानी शतक


मेंस टी-20 में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज

5	ग्लेन मैक्सवेल
5	रोहित शर्मा
4	करणबीर सिंह
4	फिल साल्ट
4	सूर्यकुमार यादव
4	अभिषेक शर्मा

अभिषेक शर्मा ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे

टी20 फॉर्मेट में अभिषेक शर्मा के करियर का यह 11वां शतक है। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया है। इन दोनों बल्लेबाजों ने टी20 क्रिकेट में अभी तक 10-10 शतक लगाए हैं। वहीं अभिषेक 11 शतक लगा चुके हैं। अब उनसे आगे सिर्फ बाबर आजम और क्रिस गेल का नाम है। बाबर ने टी20 में 13 शतक लगाए हैं। वहीं क्रिस गेल 22 शतक लगा चुके हैं।

डेरिल मिचेल ने खेली 89 रनों की नाबाद पारी



न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की बात करें तो टीम का पहला विकेट दूसरे ओवर में गिरा। जब टिम सीफर्ट सिर्फ 2 रन बनाकर अर्शदीप सिंह की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद फिन एलन और डेरिल मिचेल ने संभलकर खेलते हुए दूसरे विकेट के लिए 86 रन जोड़े। एलन 40 रन बनाकर नीतीश रेड्डी का शिकार बने। अपना 100वां टी20 मैच खेल रहे ग्लेन फिलिप्स भी 17 रन बनाकर अक्षर पटेल की गेंद पर आउट हो गए। मुश्किल वक्त में मिचेल का साथ देने बेवन जैकब्स आए और दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 75 रनों की शानदार और नाबाद साझेदारी की।

अभिषेक शर्मा ने लगाया शानदार शतक

न्यूजीलैंड के 198 रनों के जवाब में भारत ने शुरुआत से ही तूफानी बल्लेबाजी की। पारी की शुरुआत करने आए युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने बेहद आक्रामक अंदाज में खेलते हुए सिर्फ 19 गेंदों पर 45 रनों की धमाकेदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और इतने ही छक्के लगाए। उनका साथ दे रहे अभिषेक शर्मा ने तो इतिहास ही रच दिया। उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों पर 113 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 11 छक्के शामिल थे। अभिषेक और वैभव ने पहले 6 ओवर में ही 118 रन बना दिए थे। इसके बाद क्रीज पर आए संजू सैमसन ने 18 रन बनाए, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। इन शानदार और ताबड़तोड़ पारियों के दम पर भारतीय टीम ने इस बड़े लक्ष्य को बेहद आसानी से महज 13.2 ओवरों में ही हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया।

सूर्यवंशी पर क्लूज़नर का बड़ा बयान

'भारत को मिल गया अगला सुपरस्टार'

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर लांस क्लूजनर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में अगले दौर में आसानी से प्रवेश करने की क्षमता है। उन्होंने शुभमन गिल का समर्थन करते हुए कहा कि वे आने वाले कई सालों तक टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भविष्य के संभावित सुपरस्टार के रूप में पहचाना है, जो विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद उनकी जगह ले सकते हैं। क्लूजनर ने कहा कि कोहली और रोहित के कद को देखकर भारतीय क्रिकेट को अपनी अगली पीढ़ी को अपनाने से पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस खेल ने हमेशा ऐसे खिलाड़ी दिए हैं जो अपने पूर्ववर्तियों की विरासत को आगे बढ़ाने में सक्षम रहे हैं। साउथ अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर, जो वर्तमान में अबू धाबी टी10 लीग में 'अरेबियन एसेस' के मुख्य कोच हैं, ने एक कार्यक्रम के दौरान 'आईएएनएस' से कहा, 'विराट और रोहित अतीत में जितने शानदार रहे हैं, एक न एक दिन उन्हें खेल से विदा लेनी ही होगी। लेकिन क्रिकेट की खूबी यही है कि यह चलता रहता है। कभी-कभी तो यह और भी मजबूत हो जाता है। जब हम खेलते थे, तो लोगों को कभी नहीं लगा था कि सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड कभी टूट पाएंगे। और अब लोग उन रिकॉर्ड्स को चुनौती दे रहे हैं। इसलिए, खिलाड़ी आते-जाते रहते हैं। यह एक दुखद दिन होता है जब आपके खेल और देश के दिग्गज खिलाड़ी संन्यास लेते हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि हमेशा युवा, अधिक फिट और तेज खिलाड़ी तैयार रहते हैं।' पूर्व ऑलराउंडर ने गिल को बल्लेबाजी में एक 'असली सुपरस्टार' बताया और कहा कि इस युवा कप्तान के लिए अगली चुनौती एक लीडर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को भारत के प्रमुख बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका से अलग रखना होगा। उन्होंने कहा, 'व्यक्तिगत रूप से, मुझे पूरा यकीन है। मुझे लगता है कि वह इस काम के लिए बिल्कुल सही व्यक्ति हैं। बल्लेबाजी में वह एक असली सुपरस्टार हैं। उनके लिए बस यह सीखना जरूरी है कि एक बल्लेबाज के रूप में शुभमन गिल और एक कप्तान के रूप में शुभमन गिल की भूमिकाओं को कैसे अलग रखा जाए। सभी बेहतरीन कप्तानों ने इन दोनों चीजों को अलग-अलग रखना सीखा है। मुझे यकीन है कि उन्हें ऐसा करने के लिए कई मौके मिलेंगे और कई लोग होंगे जो उनकी मदद करेंगे, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि बल्लेबाजी में वह बेहतरीन हैं। और कप्तानी की बात करें तो, अनुभवी कप्तानों को भी हमेशा कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उनके साथ भी ऐसा ही होगा। इसलिए, मैं उनके लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि वह एक सुपरस्टार हैं। उम्मीद है कि वह आने वाले कई सालों तक बहुत साहस और एक बड़े मकसद के साथ भारत के लिए खेलेंगे।' गिल का एक लीडर के रूप में सामने आना ऐसे समय में हुआ है जब भारत कोहली और रोहित के बाद के दौर की तैयारी कर रहा है। इन दोनों खिलाड़ियों ने एक दशक से भी ज्यादा समय तक भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। भले ही उनके संन्यास लेने से एक बड़ी कमी महसूस होगी, लेकिन क्लूसनर का मानना है कि इस बदलाव को खेल के एक स्वाभाविक हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता के लिए किसी खतरे के रूप में। उन्होंने सूर्यवंशी का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभा की एक नई पीढ़ी पहले से ही सामने आ रही है।



न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ तीसरा रेड-बॉल मैच खेल सकते हैं पंत

बुमराह की वापसी के आसार

नई दिल्ली। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ होने वाले भारत 'ए' के तीसरे रेड-बॉल मैच में खेल सकते हैं, क्योंकि समय रहते पंत के 'साइड स्ट्रेन' से उबरने की उम्मीद है। इस महीने की शुरुआत में श्रीनगर में 'रेस्ट ऑफ इंडिया' टीम की कप्तानी करते हुए जम्मू-कश्मीर के खिलाफ जीत दिलाने के दौरान पंत को बाईं तरफ खिंचाव आ गया था, जिसके बाद से वे मैदान से दूर हैं। इस चोट के कारण वे दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेल पाए और न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ शुरुआती दो चार-दिवसीय मैचों से भी बाहर रहे। पता चला है कि पंत बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे हैं और उन्होंने हल्के स्किल-आधारित अभ्यास शुरू कर दिए हैं। 'आईएएनएस' को एक सूत्र ने बताया, 'पंत ठीक हो रहे हैं और अगर उन्हें फिटनेस सर्टिफिकेट मिल जाता है, तो वे भारत 'ए' के तीसरे मैच के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो वे नवंबर के शुरुआती दिनों में न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। 'पंत की गैरमौजूदगी में, चयनकर्ताओं ने पहले दो चार-दिवसीय मैचों के लिए झारखंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को उनकी जगह टीम में शामिल किया था। हाल ही में, जब झारखंड के कप्तान ईशान किशन को न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज के लिए चुना गया, तब उन्हें (ईशान को) दाएं पैर के ऊपरी हिस्से (एडक्टर) में हल्की चोट लग गई थी। ऐसे में कुशाग्र को कवर के तौर पर टीम में बुलाया गया। माना जा रहा है कि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी भारत 'ए' के तीसरे रेड-बॉल मैच में खेलते नजर आ सकते हैं, जो लिंकन के बर्ट सटक्लिफ ओवल में खेला जाना है।

बुमराह ने आखिरी बार अक्टूबर की शुरुआत में एशियन गेम्स में हिस्सा लिया था। इसके बाद, वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज और न्यूजीलैंड के मौजूदा दौरे पर उन्हें आराम दिया गया। यह भी माना जा रहा है कि तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा न्यूजीलैंड दौरे पर खेलने के लिए तैयार हैं। गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए वनडे मैच के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके बाद से वह खेल से दूर थे। पंत, बुमराह और प्रसिद्ध न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं।






साई पल्लवी ने 'रावण' की भूमिका निभाने के यश के फैसले की तारीफ की

निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' को रिलीज होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में मेकर्स और फिल्म की कास्ट भारत के अलग-अलग शहरों में जाकर जोर-शोर से इसका प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में हैदराबाद में हुए एक इवेंट में फिल्म में 'सीता' का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी ने फिल्म में 'रावण' की भूमिका निभाने के यश के फैसले की तारीफ की।

साई पल्लवी ने कहा कि यश ने इस किरदार को पूरी तरह अपना लिया और लोगों की नफरत के बजाय उनका प्यार हासिल किया। साई पल्लवी ने कहा, 'कोई भी रावण का किरदार नहीं निभाना चाहता, क्योंकि इस किरदार के साथ नफरत जुड़ी होती है, लेकिन यश ने यह किरदार निभाया और इसके बदले सभी का प्यार जीता।'

क्यों यश ने निभाया 'रावण' का किरदार



इससे पहले एक बातचीत में यश ने बताया था कि फिल्म के सह-निर्माताओं में से एक होने के बावजूद उन्होंने भगवान राम के बजाय रावण का किरदार निभाने का फैसला क्यों किया। यश ने कहा था, 'राम की भलाई दिखाने के लिए रावण की बुराई भी तो चाहिए।' अपनी एक्टिंग पर भरोसा जताते हुए यश ने कहा, 'मुझसे अच्छी बुराई कोई दिखा नहीं सकता।' फिर जब अभिनेता से पूछा गया कि तो क्या आपने पर्दे पर बुरा आदमी बनने की जिम्मेदारी ले ली है? इसके जवाब में यश ने कहा, 'जब मैं अच्छा किरदार भी करूंगा ना, मुझसे अच्छा कोई भी नहीं होगा।' यश ने आगे कहा, 'रावण को देखकर लगना चाहिए कि इसको कैसे मारा जाए? हम सभी ने अपने अहंकार को एक तरफ रख दिया है। रामायण में बात मेरे स्टारडम या एक स्टार के तौर पर मेरी पहचान की नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर सबसे अच्छे लोग काम कर रहे हैं।'



एकता कपूर ने की प्रियंका चाहर चौधरी की तारीफ

अभिनेत्री प्रियंका चाहर चौधरी रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 में प्रोड्यूसर एकता कपूर द्वारा उनके गेम की तारीफ किए जाने के बाद इमोशनल नजर आईं। दरअसल, शो के टावर के अंदर साथी कंटेस्टेंट्स के साथ झगड़े के बाद माहौल गरम होने के बीच, प्रियंका को एकता, अभिषेक मल्हान और ईशा सिंह की तरफ से सपोर्ट मैसेज मिले। प्रियंका की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए एकता ने कहा कि वह शो में उनकी जर्नी फॉलो कर रही हैं और उन्होंने जिस तरह से अलग-अलग हालात को हैंडल किया है, वह वाकई सराहनीय है। एकता ने कहा, 'मैं आपको 'राइज एंड फॉल' में देख रही हूं और मैं कहना चाहती हूं, आप बहुत अच्छा खेल रही हो। शो में आप कभी-कभी शांत और संयमित रहती हो और कभी-कभी लोगों को उनकी असली जगह दिखा देती हो।' प्रियंका को 'असली हीरोइन' बताते हुए प्रोड्यूसर ने कहा कि वह पूरे देश में मौजूद उनके सपोर्टर्स के साथ उनके लिए दुआ कर रही हैं। एकता ने प्रियंका के साथ जुड़े 'नागिन' टैग पर भी बात की और इसे हौसला बढ़ाने वाला मैसेज बताया। उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छी बात, अगर कोई आपको नागिन कहे, तो उन्हें ये बात याद हो कि नागिन का डसा पानी भी नहीं मांगता और आप सिर्फ बुरे लोगों को डसती हो। तो, खेलती रहो और जीतो। मेरे और पूरे इंडिया के लिए, आप असली हीरोइन हो, लोगों के दिल की, बालाजी की, मेरी और इंडियन टेलीविजन की। जीतो, क्योंकि मुझे नहीं पता, या आपको नहीं पता कि हारना कैसे है।' अभिषेक मल्हान और ईशा सिंह ने भी प्रियंका को अपना सपोर्ट दिया, जिसके बाद टावर के अंदर चल रही राइवलरी के बीच हौसला बढ़ाने वाले शब्द सुनकर प्रियंका चौधरी इमोशनल हो गईं। बनिजय एशिया द्वारा प्रोड्यूस 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 के होस्ट पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग हैं। यह शो प्राइम वीडियो पर फ्री में एक्सक्लूसिव तौर पर स्ट्रीम हो रहा है, जिसके नए एपिसोड रोज दोपहर 12 बजे रिलीज होते हैं।





शिल्पा राव को मिला 'ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' का साथ

सिंगर शिल्पा राव का कॉन्सर्ट विवाद बढ़ता जा रहा है। अब इस मामले में 'ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन' की एंट्री हुई है। एसोसिएशन ने एक बयान जारी किया है। इसमें 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' (बीएमपी) के दौरान शिल्पा राव की परफॉरमेंस को अचानक रोके जाने का जिक्र करते हुए इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया गया है। शनिवार को मुंबई में 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' के इवेंट में शिल्पा राव मंच पर लाइव परफॉर्म कर रही थीं, तभी आयोजकों ने जबरन उनका माइक्रोफोन और लाइटें बंद कर दीं। वह कुछ देर तक मंच पर ही रहीं। माइक बंद होने के बाद, उनकी जगह 'कुतले खान प्रोजेक्ट' के कलाकार कुतले खान को गाने का मौका दे दिया गया। उन्होंने शिल्पा राव के कुछ कहने के दौरान ही गाना शुरू कर दिया।

क्या बोला एसोसिएशन

इस मामले पर एसोसिएशन ने कहा 'किसी कलाकार की परफॉरमेंस के बीच में ही जबरन साउंड और लाइट बंद कर देना और फिर मंच किसी और को सौंप देना, पूरी तरह से अस्वीकार्य है। शिल्पा राव एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हैं और भारतीय संगीत जगत की सबसे सम्मानित आवाजों में से एक हैं। उनके गानों को पूरे देश में बहुत पसंद किया गया है।' 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' की तरफ से राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पा राव को मंच पर लाइव परफॉर्म करते समय अपमानित किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करता है। किसी कलाकार के साथ ऐसा बर्ताव कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

एसोसिएशन ने सिंगर का समर्थन करने की कहा

एसोसिएशन ने आगे कहा एआईसीडब्ल्यूए पूरी मजबूती से शिल्पा राव के साथ खड़ा है। अगर वह 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' के खिलाफ कोई कदम उठाना चाहती हैं, तो एसोसिएशन हर कानूनी रास्ते से उनका समर्थन करेगा। भविष्य में अगर किसी कलाकार के साथ बुरा बर्ताव किया जाता है, तो एसोसिएशन कानून के अनुसार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। किसी कलाकार का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

आयोजकों ने मांगी माफी

इससे पहले 'बॉलीवुड म्यूजिक प्रोजेक्ट' (बीएमपी) के आयोजकों ने सिंगर शिल्पा राव के माइक बंद वाले मामले पर माफी मांगी थी। 24 अक्तूबर को मुंबई में हुए फेस्टिवल में गायिका शिल्पा राव की परफॉरमेंस को अचानक बीच में ही रोक दिया गया था। इस घटना की फेस्टिवल में आए फैंस ने आलोचना की। सोशल मीडिया पर जस्टिस फॉर शिल्पा राव ट्रेंड करने लगा।

क्या अक्षय कुमार के बेटे आरव को डेट कर रहीं हैं अनन्या पांडे

हाल ही में अभिनेत्री अनन्या पांडे भी एकेडमी म्यूजियम गाला 2026 में शामिल हुईं, जहां ने अपने लुक से छा गईं थीं। अब अनन्या ने एक और तस्वीर शेयर की है, जिसके बाद एक बार एक्ट्रेस सुर्खियों में आ गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने फैंस को अपनी छुट्टियों की एक झलक दिखाई है। उन्होंने अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के बेटे आरव भाटिया के साथ एक तस्वीर शेयर की है। अनन्या ने यह तस्वीर अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट की, जिसमें दोनों घर पर बनी कुछ खाने की चीजों के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रही है। इसकी एक वजह यह भी है कि बॉलीवुड के मशहूर परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद आरव भाटिया लाइमलाइट से दूर रहते हैं।



डायरेक्टर श्री कार्तिक की अगली फिल्म में नजर आएंगी रुक्मिणी वसंत

फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगी। शुक्रवार को फिल्म के मेकर्स ने रुक्मिणी का अपनी टीम में स्वागत करते हुए उनके किरदार की जानकारी दी। वह डायरेक्टर श्री कार्तिक की अगली फिल्म में थारा का किरदार निभाएंगी। अभी फिल्म के नाम का ऐलान नहीं किया गया है। इस फिल्म में रुक्मिणी लीड रोल में होंगी और उनके साथ देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। डायरेक्टर श्री कार्तिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''ईश्वर के आशीर्वाद से बेहद टैलेंटेड कलाकार रुक्मिणी के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। एक मजेदार, रोमांचक और दिल को छू लेने वाली फिल्म आने वाली है। 'ओके ओका जीवितम' की तरह यह फिल्म भी हमेशा आपके दिलों में रहेगी।''

उन्होंने पोस्ट में रुक्मिणी को टैग करते हुए फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया। यह पहली बार होगा जब रुक्मिणी वसंत और डायरेक्टर श्री कार्तिक किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। फिल्म का निर्माण मैडबॉयज एंटरटेनमेंट और सिरुनी सिने कॉर्पोरेशन मिलकर कर रहे हैं, जबकि साईकृष्णा गडवाल इसके को-प्रोड्यूसर हैं। इससे पहले श्री कार्तिक फिल्म 'कानम' के जरिए चर्चा में आए थे। इस फिल्म में टाइम ट्रैवल जैसे अनोखे कॉन्सेप्ट को मां और बेटे के भावनात्मक रिश्ते के साथ जोड़ा गया था। अब वह एक नए प्रोजेक्ट के साथ लौट रहे हैं, जिसमें अलग-अलग कलाकारों और क्रिएटिव टीम के साथ एक नई कहानी पेश करने की तैयारी है। मेकर्स ने रुक्मिणी के किरदार थारा का परिचय एक अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए कराया। इस वीडियो में श्री कार्तिक, देव रामनाथ और विनायक वैथियानाथन थारा के किरदार को फाइनल करने की कोशिश करते नजर आते हैं। इसी बीच अचानक एक नोटिफिकेशन आता है, जो तीनों को चौंका देता है। इसके बाद रुक्मिणी वसंत की एंट्री होती है और दर्शकों को उनके किरदार की पहली झलक देखने को मिलती है।



प्रोड्यूसर बनने के बाद कहानी को देखने का बदला नजरिया



एक्ट्रेस श्वेता त्रिपाठी इन दिनों अपनी फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और मार्केट तक ले जा रही हैं। इस साल की शुरुआत में बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल से सफर शुरू करने वाली उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फीचर फिल्म अब टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2026 तक पहुंच गई है।

श्वेता का कहना है कि प्रोड्यूसर बनने के बाद कहानी को देखने का उनका नजरिया बदल गया है। अब वह सिर्फ फिल्म बनाने की प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि यह भी सोचती हैं कि फिल्म किन लोगों तक पहुंचेगी और इसके जरिए किस तरह की बातचीत शुरू हो सकती है। श्वेता ने कहा, ''आप जिस फिल्म पर भरोसा करते हैं, उसे किसी इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म तक ले जाना अपने आप में खास होता है। खासकर तब, जब बतौर प्रोड्यूसर यह आपकी पहली फीचर फिल्म हो। बर्लिन से टोरंटो तक का सफर मेरे लिए बेहद खास रहा है, क्योंकि इस दौरान मुझे 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' को एक अलग तरीके से पेश करने का मौका मिला।''

उन्होंने आगे कहा, ''जब आप फिल्म को बनाने की प्रक्रिया से आगे बढ़कर देखते हैं, तो आपके मन में यह सवाल आने लगते हैं कि फिल्म किन लोगों तक पहुंचेगी, इसके जरिए किस तरह की बातचीत शुरू हो सकती है और आगे इसके लिए क्या-क्या संभावनाएं हैं। यह मेरे लिए सीखने का शानदार अनुभव रहा है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि इस सफर का फिल्म के लिए क्या मतलब निकलता है।'' श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि बतौर प्रोड्यूसर काम करने से उन्हें कहानी कहने के तरीके को एक नए नजरिए से समझने का मौका मिला है। उन्होंने कहा, ''प्रोड्यूसर बनने के बाद कहानी कहने को लेकर मेरा नजरिया बदल गया है। एक एक्टर के तौर पर आप किसी किरदार और कहानी को पर्दे पर जीवंत करने में पूरी तरह जुटे रहते हैं।''

उन्होंने कहा, ''प्रोड्यूसर के तौर पर आपको यह भी देखना होता है कि फिल्म बनने के बाद उसका सफर कैसा होगा, कौन लोग इससे जुड़ सकते हैं और आप फिल्म को उसके दर्शकों तक पहुंचाने के लिए किस तरह मौके बना सकते हैं। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और मार्केट ऐसे लोगों को एक साथ लाते हैं, जो इन संभावनाओं को हकीकत में बदलने में मदद कर सकते हैं। अपनी पहली प्रोडक्शन को इन प्लेटफॉर्म पर पेश कर पाना मेरे लिए एक अहम कदम रहा है।''

नेशनल अवॉर्ड जीत चुके फिल्ममेकर संजय नाग के निर्देशन में बनी 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' में तिलोत्तमा शोम और श्वेता त्रिपाठी नजर आएंगी। यह एक क्वीर लव स्टोरी है, जिसमें प्यार और इंसानी रिश्तों को ईमानदारी और बारीकी से दिखाने की कोशिश की गई है। बतौर प्रोड्यूसर श्वेता का सफर थिएटर से शुरू हुआ था। साल 2010 में उन्होंने अपनी थिएटर प्रोडक्शन कंपनी 'ऑलमाइटी' की शुरुआत की थी। इसकी पहली प्रस्तुतियों में ब्रिटिश नाटककार माइक बार्टलेट का क्वीर ड्रामा 'कॉक' शामिल था। माइक बार्टलेट ओलिवियर अवॉर्ड जीत चुके हैं।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक भवेश कुमार मंडल, 0, न्यू कॉलोनी बैजनाथपुर, देवघर-814112 (झारखण्ड) से प्रकाशित एवं आरुही प्रिंटिंग प्रेस, बैजनाथपुर, देवघर (झारखण्ड) से मुद्रित। संपादक : भवेश कुमार मंडल, *कार्यकारी संपादक : अविनाश चंद्र झा,
मो.-9471359705, E-mail : kkttbihar@gmail.com, पीआरजीआई सं.-जेएचएचआईएन/26/ए5799 *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।

संक्षिप्त खबर

बड़हरा के साथ साथ भोजपुर तक समाजसेवा की पहचान, अब सरकार और प्रशासन पर सूर्यभान सिंह का तीखा प्रहार!

खबरों की तह तक

बड़हरा (भोजपुर)। बड़हरा सहित पूरे भोजपुर में समाजसेवा और जरूरतमंदों की मदद के लिए अपनी पहचान बनाने वाले सूर्यभान सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। असहाय लोगों की सहायता से लेकर गरीब बेटियों की शादी में सहयोग और अनेक सामाजिक कार्यों तक, उनके कार्यों को लेकर क्षेत्र में उनकी चर्चा होती रही है।भले ही चुनावी राजनीति में उन्हें अब तक मौका नहीं मिलने के कारण सफलता नहीं मिली, लेकिन वे अपनी सामाजिक गतिविधियों और जनता से जुड़ाव को अपनी पहचान का अहम हिस्सा मानते हैं। खबरों की तह तक अखबार की टीम संवाददाता अरुण कुमार ओझा से खास बातचीत के दौरान में कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने किन मुद्दों पर सरकार को घेरा? प्रशासन से उनकी क्या शिकायतें हैं? और जनता से जुड़े किन सवालों को उन्होंने उठाया।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य

खबरों की तह तक

आरा (भोजपुर)। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से श्री आशुतोष कुमार, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, भोजपुर आरा की अध्यक्षता में न्यायालय प्रकोष्ठ में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, सभी अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि न्यायालयों में लंबित शमनीय आपराधिक वाद, विद्युत वाद, पारिवारिक वाद मोटर दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य समझौता योग्य मामलों को अधिक–से–अधिक संख्या में चिन्हित किया जाय। साथ ही पक्षकारों को नोटिस के माध्यम से ससमय सूचना देकर सुलह समझौते के लिए प्रेरित करने एवं प्री–काउंसलिंग/प्री–सिटिंग के माध्यम से मामलों के अधिकतम निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, भोजपुर द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक–से–अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य रखा गया है ताकि आम लोगों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय मिल सके।

वाहन जांच के दौरान अवैध बालू लदा ट्रक और एक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया

खबरों की तह तक

कोईलवर (भोजपुर)। कोईलवर में वाहन जाँच के क्रम में एक अवैध बालू लदे ट्रक और एक चालक को फ़र्जी चालान के साथ पकड़ा गया है इस संबंध में कोईलवर थाना कांड संख्या.238/26 दिनांक.26/10/26 धारा .316(2)/318(4)/336(3)/338/303(2)/317(2)/3(5)BNS & BM(CPIMTS) Amendments rule 2026 rule 56(1)(2) दर्ज किया गया है।चालक विश्कर्मा चौहान पिता रमेश चौहान ग्राम कुशीनगर पडरौना थाना जटहां बाजार जिला कुशीनगर को भी गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई कि जा रही है

बड़हरा में सहयोग शिविर में उमड़ी भीड़ नहीं, सूचना के अभाव में खाली रहे शिविर

खबरों की तह तक

बड़हरा, भोजपुर। प्रखंड के तीन पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर लगाया गया, लेकिन जानकारी के अभाव में ग्रामीणों की उपस्थिति काफी कम रही। शिविर में कुल 108 आवेदन ही मिल पाए। नेकनाम टोला, सरैयां और नथमलपुर पंचायत में लगे इस शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, सड़क और बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर ग्रामीण आवेदन देने पहुंचे थे। प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि नेकनाम टोला में 18, सरैयां में 42 और नथमलपुर में 48 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निपटारा कराया जाएगा। वहीं, नेकनाम टोला के ग्रामीण मनोज सिंह ने शिविर की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह शिविर पहले 21 अक्टूबर को होना था, लेकिन बिना किसी सूचना के उसे रद्द कर दिया गया। अचानक 27 अक्टूबर को शिविर का आयोजन कर दिया गया, जिसकी जानकारी अधिकांश ग्रामीणों को नहीं मिल पाई। इसी कारण शिविर में भीड़ नहीं जुट पाई। मनोज सिंह ने बताया कि एक ग्रामीण कच्ची सड़क निर्माण को लेकर आवेदन लेकर शिविर में आया था, लेकिन संबंधित विभाग का कोई अधिकारी या कर्मी मौके पर मौजूद नहीं था। ऐसे में शिविर का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया और ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका।

भू-अर्जन निदेशक एवं जिलाधिकारी ने की विकास परियोजनाओं की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के दिए निदेश

खबरों की तह तक

आरा (भोजपुर)। जिला परिसदन के सभागार में भू-अर्जन निदेशक, बिहार कमलेश कुमार सिंह एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा द्वारा जिले में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एनएच–119ए पटना–आरा–सासाराम फोरलेन परियोजना के पैकेज–1 एवं पैकेज–2 की प्रगति पर जोर दिया गया। भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान एवं परियोजना से जुड़े लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों में आ रही बाधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्यकारी एजेंसी को कार्यों में तेजी लाने के निदेश दिए। साथ ही जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचलाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने को कहा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने स्तर से पर्यवेक्षण करते हुए परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे अवरोधों को दूर कराने के निदेश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व), भोजपुर, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर एवं पीरो, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता आरा सदर एवं पीरो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं संबंधित कार्यकारी एजेंसियों के परियोजना निदेशक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया 'नशामुक्त बिहार अभियान-2026' का शुभारंभ

खबरों की तह तक

आरा (भोजपुर)। बिहार को नशामुक्त बनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना स्थित अधिवेशन भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशामुक्त बिहार अभियान-2026' का शुभारंभ किया। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सभागार में किया गया, जिसमें जिले के वरीय अधिकारियों, विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भोजपुर के जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध और उपाधीक्षक यातायात सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त बिहार अभियान के उद्देश्यों और नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नशामुक्ति पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के माध्यम से बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ पारिवारिक सुख-शांति तथा सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों और पदाधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी ने नशीले एवं मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने, दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने और नशामुक्त बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

साथ ही परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशीले पदार्थों से संबंधित कानूनों एवं नियमों का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई गई। मुख्यमंत्री ने विभाग के आधिकारिक चैटबॉट और क्यूआर कोड का भी अनावरण किया।

बिहार में 5 अप्रैल 2016 से पूर्ण मद्यनिषेध लागू है। इसी क्रम में मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की ओर से 27 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक एक महीने का नशामुक्त बिहार अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य आम लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना, नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों को इस मुहिम से जोड़ना है।

अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित करने के लिए इसे चार विषयगत चरणों में बांटा गया है।

प्रथम चरण (27 से 31 अक्टूबर) — 'नगर की प्रतिज्ञा': शहरी क्षेत्रों, वार्डों और नगर निकायों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया जाएगा।

द्वितीय चरण (1 से 7 नवंबर) — 'गांव का संकल्प': ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें जीविका दीदियों की मदद से ग्रामीण परिवारों तक नशे के दुष्प्रभावों का संदेश पहुंचाया जाएगा। ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक और जनसंपर्क गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।


तृतीय चरण (8 से 16 नवंबर) — 'पर्व और परिवार': परिवार और सामाजिक जीवन में नशामुक्ति के महत्व पर जोर दिया जाएगा। त्योहारों के दौरान नशामुक्त वातावरण का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

चतुर्थ चरण (17 से 25 नवंबर) — 'युवा जोश': विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रचार रथ, एलईडी वाहन, लघु फिल्में, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और अन्य प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, शहरी निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने की योजना है।

जिला प्रशासन, भोजपुर ने आम नागरिकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। अभियान का संदेश है कि सामूहिक संकल्प और जनभागीदारी से ही स्वस्थ परिवार, सशक्त समाज और समृद्ध बिहार के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुगम यातायात के लिए दिए निदेश



खबरों की तह तक

आरा (भोजपुर)। जिला पदाधिकारी, भोजपुर मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर अवधेश दीक्षित द्वारा आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के अनुपालन तथा आमजन के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा परिवहन एवं पुलिस विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय से नियमित वाहन जाँच अभियान चलाने तथा तेज गति एवं गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन परिचालन, वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निदेश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा दुर्घटना संभावित स्थलों एवं चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधार करने, संकेतक एवं परावर्तक लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों से उत्पन्न जोखिमों को दूर करने तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं गलत ढंग से यू-टर्न लेने के कारण उत्पन्न जाम की समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभागों के समन्वय से कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के त्वरित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा संबंधित पदाधिकारियों को पीड़ित परिवारों के मुआवजा संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने के निदेश दिए गए। साथ ही वाहन चालकों के प्रशिक्षण, विद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया।

बैठक में सिविल सर्जन, भोजपुर, नगर आयुक्त, नगर निगम आरा, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं अन्य संबंधित कार्यपालक अभियंता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

पीएनबी, आरा मंडल द्वारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

खबरों की तह तक

आरा (भोजपुर)। पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा दिनांक 26.10.2026 को एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गिधा इंडस्ट्रियल एरिया में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रमुख श्री उत्पल कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुरूप बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा बैंकिंग सेवाओं को ग्राहकों के निकट तक पहुँचाना था। इस आउटरिच कार्यक्रम में कुल 89 ऋण लीड प्राप्त हुईं, जिसकी अनुमानित राशि 47.19 करोड़ रही, जिनमें रु. 7.03 करोड़ की 21 लीड की स्वीकृति दे दी गई है। इस अवसर पर मंडल के उप मंडल प्रमुख शक्ति कुमार एवं मंडल के विपणन अधिकारीगण, गिधा शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी, बड़ी संख्या में उद्यमी, व्यापारी तथा सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल प्रमुख श्री उत्पल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में कृषि के पश्चात एमएसएमई क्षेत्र एक मजबूत स्तम्भ के रूप में कार्य करता है और हमारा बैंक कठनाई मुक्त ऋण सुविधा, कार्यशील पूंजी, डिजिटल बैंकिंग प्रदान कर एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बना रहा है। पंजाब नैशनल बैंक का उद्देश्य केवल बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक ग्राहक के जीवन में विश्वास, सुविधा और समृद्धि का सहभागी बनना है। कार्यक्रम के दौरान चयनित ग्राहकों को विभिन्न एमएसएमई ऋणों के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही, ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जाना गया। पंजाब नैशनल बैंक, आरा मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बैंक और ग्राहकों के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



जन समस्याओं के प्रति प्रशासन की उदासीनता चिंताजनक

छात्रावास और श्री पयहारी जी के आश्रम के पास कचरा घर बनाने की योजना पर उठाए सवाल : भाई दिनेश

खबरों की तह तक

जगदीशपुर(भोजपुर)। भाई दिनेश पूर्व विधायक, जगदीशपुर ने भोजपुर जिले में जनसमस्याओं के समाधान के प्रति प्रशासनिक उदासीनता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में ऐसा प्रतीत होता है कि कई पदाधिकारी आम जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर निर्धारित स्थलों पर काम दिखाना ही कुछ अधिकारियों का प्रमुख दायित्व रह गया है। जबकि प्रशासन की असली जिम्मेदारी आम जनता की समस्याओं का प्रतिदिन समाधान करना है।

उन्होंने कहा कि भोजपुर में अपराध, जर्जर सड़कें, भीषण जाम, फुटपाथों पर अतिक्रमण, सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार की शिकायतें, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली जैसी समस्याओं से आम जनता परेशान है। ब्लॉक, थाना, अंचल, अनुमंडल और जिला कार्यालयों में लोगों को अपने काम के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। दाखिल-खारिज, परिमार्जन, जाति, आवासीय एवं आय प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा गरीबों को आवास उपलब्ध कराने के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

छात्रावास और श्री पयहारी जी के आश्रम के पास कचरा घर बनाने की योजना पर सवाल उठाते हुए भाई दिनेश ने कहा कि घनी आबादी, छात्रावास, आश्रम और सैकड़ों गांवों के आवागमन वाले क्षेत्र में कचरा घर बनाने का निर्णय जनहित, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण की दृष्टि से गंभीर विचार का विषय है। आखिर ऐसी जगह का चयन किस आधार पर किया जा रहा है? क्या प्रशासन को वहां रहने वाले लोगों, छात्र-छात्राओं और आम राहगीरों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की चिंता नहीं है?

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि उक्त स्थल पर कचरा घर बनाने की योजना पर तत्काल पुनर्विचार किया जाए तथा आबादी, छात्रावास और आश्रम से दूर किसी उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसी अप्रिय घटना का इंतजार न करे। घटना घटने के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि समय रहते जनहित में उचित निर्णय लिया जाए।

भाई दिनेश ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट, प्रतिबंधित एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों की बिक्री तथा गांव-गांव तक शराब और नशीले पदार्थों के प्रसार पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। नशे के कारोबार में शामिल पूरे नेटवर्क की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, जमीन विवादों के कारण होने वाली मारपीट और हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को समय रहते हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोजपुर के बाजारों और चौक-चौराहों पर जाम की समस्या गंभीर है। फुटपाथों पर वर्षों से अतिक्रमण के कारण आम लोगों को परेशानी होती है। स्कूल-कॉलेज और अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार करना भी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। भाई दिनेश ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और पदाधिकारी जनता के सेवक हैं। सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को जनता के प्रति अपनी जवाबदेही समझनी चाहिए। जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं है। अंत में उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि जिले की प्रमुख जनसमस्याओं की समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए, भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की शिकायतों की जांच हो तथा जनहित से जुड़े निर्णय लेते समय स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जनता को आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए। प्रशासन का दायित्व केवल निरीक्षण और दिखावा नहीं, बल्कि आम जनता को राहत देना।

स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची

खबरों की तह तक

आरा(भोजपुर)। भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र से एक बेहद मर्माहत कर देने वाली घटना सामने आई है। आरा-चांदी मुख्य मार्ग पर जमीरा और चांदी चौक के बीच एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार नेवी जवान को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके और मृतक के पैतृक गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक की पहचान धोबहा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव निवासी विजेंद्र सिंह के 32 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वे भारतीय नौसेना (Navy) में कार्यरत थे और वर्तमान में महाराष्ट्र के मुंबई में उनकी पोस्टिंग थी। मृतक के चचेरे भाई हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश कुमार गत 2 अक्टूबर को छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। उन्हें 23 अक्टूबर को ही ड्यूटी पर वापस लौटना था, लेकिन उनके ससुर महेंद्र सिंह गंभीर किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं। ससुर की तबीयत बिगड़ने पर डायलिसिस कराने के लिए मुकेश सोमवार की देर शाम अपनी बाइक से चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जमीरा और चांदी चौक के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी से ही गंभीर रूप से घायल नेवी जवान मुकेश को आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन फौरन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मुकेश दो भाइयों में बड़े थे। उनका छोटा भाई विमलेश कुमार भी भारतीय नौसेना में ही सेवा दे रहा है और मुंबई में ही पोस्टेड है। मुकेश अपने पीछे अपनी बूढ़ी मां अस्तुरना देवी, पत्नी नेहा कुमारी और दो मासूम बेटे प्रतीक एवं प्रत्यूष को रोता-बिलखता छोड़ गए यूहें। जवान बेटे की इस आकस्मिक मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गीधा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः सोनघट्टा पुल के पास शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, पुराने केस में फरार वारंटी भी दबोचा जेल

खबरों की तह तक

कोईलवर, भोजपुर। प्रखंड के गीधा थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार और फरार अपराधियों के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पहली कार्रवाई में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोनघट्टा पुल के समीप छापेमारी कर मुन्ना सिंह, पिता - लालसा सिंह, निवासी सोनघट्टा को 10 पीस 8:00 पीएम टेट्रा पैक शराब के साथ गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में पुलिस ने आरोपी के पास से शराब बरामद की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने पुराने केस में फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान थाना गांव गीधा निवासी पिंटू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, उक्त वारंटी के खिलाफ एक पुराने केस में भोजपुर माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद गुप्त सूचना पर उसे दबोच लिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि शराब तस्करों और फरार अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार, दरोगा विकास कुमार झा सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

भूमिहीनों को पांच डिसमिल जमीन देने की मांग को लेकर भाकपा का तीन दिवसीय आंदोलन शुरू

खबरों की तह तक

जगदीशपुर (भोजपुर)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जगदीशपुर अनुमंडलीय कमेटी के तत्वावधान में अनुमंडल कार्यालय के समक्ष तीन दिवसीय घेरा डालो, डेरा डालो आंदोलन शुरू किया गया। आंदोलन के माध्यम से भूमिहीन गरीबों को पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने तथा परचाधारियों को जमीन पर दखल दिलाने की मांग उठाई गई। सभा की अध्यक्षता शाहपुर अंचल सचिव कामरेड काशीनाथ यादव ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भाकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य जानकी पासवान ने कहा कि आजादी के करीब 80 वर्ष बाद भी गरीबों को बसेरे के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

बिहार विधान परिषद चुनावः तीन शिक्षक सीटों पर जीते

सारण से राहुल राज, तिरहुत से नरेन्द्र प्रसाद सिंह व दरभंगा से सुरेश राय जीते

खबरों की तह तक

पटना। बिहार विधान परिषद के चार शिक्षक व चार स्नातक सीटों के लिए मतगणना में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय राहुल राज, तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के नरेन्द्र प्रसाद सिंह, दरभगा शिक्षक क्षेत्र से जनुसुराज के सुरेश राय ने जीत दर्ज की है। वहीं पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में राजद के डॉ संजीव भाजपा क नवल यादव से आगे चल रहे हैं। वहीं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पटना में नीरज कुमार, तिरहुत में वंशीधर वृजवासी, दरभंगा में अनिल झा व कोसी स्नातक में एनके यादव आगे चल रहे हैं। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के बागी निर्दलीय प्रत्याशी राहुल राज पहली वरीयता के मतों के बाद दूसरी वरीयता में भी उन्होंने बढ़त बनाए रखी है। आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।जानकारी के मुताबिक, पहली वरीयता के मतों की गिनती के बाद राहुल राज ने दूसरी वरीयता के मतों की गिनती में भी अपनी बढ़त बरकरार रखी है। इस मुकाबले में जेडीयू प्रत्याशी आनंद पुष्कर और जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी अफाक अहमद पीछे बताए जा रहे हैं। अफाक अहमद इस सीट से मौजूदा एमएलसी हैं।राहुल राज ने एनडीए से टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इसके बाद बीजेपी ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। अब मतगणना के रुझानों में उनकी बढ़त से सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मुकाबला चर्चा में है।मुजफ्फरपुर शिक्षक एमएलसी चुनाव में बीजेपी की बड़ी जीत हुई है। बिहार विधान परिषद की तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की सीट पर मतगणना पूरी हो गई है।तिरहुत से एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की है। एलिमिनेशन राउंड की मतगणना के बाद नरेंद्र प्रताप सिंह को 2,945 वोट मिले, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार भूषण झा को 2,351 वोट प्राप्त हुए। इस तरह नरेंद्र प्रताप सिंह ने 594 वोटों के अंतर से बढ़त हासिल की है। हालांकि, परिणाम की औपचारिक घोषणा अभी बाकी है। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों के बीच तिरहुत शिक्षक सीट का परिणाम सामने आया है। औपचारिक घोषणा के बाद जीत की स्थिति आधिकारिक रूप से स्पष्ट हो जाएगी।बिहार विधान परिषद चुनाव के नतीजों से जुड़ी बड़ी खबर दरभंगा से आ रही है। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुरेश प्रसाद राय ने जीत दर्ज की है। हालांकि निर्वाचन अधिकारी की ओर से अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दरभंगा शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 53 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला मतगणना के जरिए होना था। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में डॉ. सुरेश प्रसाद राय का मुकाबला कांग्रेस के डॉ. मदन मोहन झा, जनता दल (यूनाइटेड) के घनश्याम राय और राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार डॉ. कुंवर राय उर्फ कुमर राय से है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के दूसरे राउंड में राजद प्रत्याशी डॉ. संजीव कुमार ने भाजपा उम्मीदवार पर बढ़त बनाई है। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पहले राउंड के बाद जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार आगे चल रहे हैं। वहीं, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार राहुल राज ने द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती में अपने प्रतिद्वंद्वी पर 585 वोटों की बढ़त हासिल की है। नक्शे देखें बिहार विधान परिषद के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में दूसरे राउंड की मतगणना के दौरान राजद प्रत्याशी डॉ. संजीव कुमार ने बढ़त हासिल की। उन्हें इस राउंड में 1,270 वोट मिले। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को 1,220 वोट प्राप्त हुए। इस तरह दूसरे राउंड के आंकड़ों में संजीव कुमार 48 वोटों से आगे बताए गए हैं।

मनभावन मोड़ के पास टेम्पू से 169.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

खबरों की तह तक

कोईलवर, भोजपुर। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत कोईलवर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में मनभावन मोड़ के समीप एक टेम्पू से 169.2 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने टेम्पू संख्या BR 01P 07411 को रोका। जांच के दौरान टेम्पू के अंदर से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब का जखीरा मिला। बरामद शराब में 710 पीस 08 PM व्हिस्की 180 ML और 230 पीस After Dark Blue Whisky 180 ML शामिल है। इस तरह कुल 940 पीस शराब जब्त की गई, जिसकी मात्रा 169.2 लीटर आंकी गई है। टेम्पू के चालक की पहचान सुमन कुमार, पिता - विजय प्रसाद, निवासी पोस्टल पार्क, सब्जी मंडी, वार्ड नंबर 08, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने बताया कि शराब आरा बस स्टैंड के आगे से लाई गई थी और उसे पटना ले जाया जा रहा था। पुलिस को शक है कि यह शराब का नेटवर्क कई जिलों में फैला हुआ है, जिसकी आगे जांच की जा रही है। गिरफ्तार चालक का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार, आरोपी सुमन कुमार वर्ष 2024 में भी Excise Act के तहत जेल जा चुका है। इसके बावजूद वह दोबारा शराब तस्करी में लिप्त पाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल, दरोगा जितेंद्र तिवारी, सुबास कुमार मंडल सहित अन्य कई पुलिस बल मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने जब्त शराब और टेम्पू को अपने कब्जे में ले लिया है और गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।